CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,721.08
निफ्टी 24,853.15
सोना 98,900
चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 25 मई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 292 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**इमरान खान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**गिल बने टेस्ट टीम के कप्तान, इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## देश में कोरोना की वापसी, अब तक 350 एक्टिव मरीज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है।

इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन,



फाइल फोटो


**महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 व यूपी में शनिवार को एक केस मिला**

दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। एडवाइजरी ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान, चीन, थाईलैंड और सिंगापुर जैसे देशों में कोरोना मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। भारतीय सॉर्स एंड कोवि-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के मुताबिक भारत में कोविड-19 के वेरिएंट एनबी1.8.1 का एक और एलएफ-7 प्रकार के चार मामले मिले हैं। चीन और एशिया के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। डब्ल्यूएचओ ने इन्हें चिंताजनक नहीं माना है, लेकिन निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। हालांकि एनबी 1.8.1 के ए435 एस, वी445एच, और टी478आई जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता। भारत में जेएन-1 वैरिएंट सबसे आम है। टेस्टिंग में आधे से ज्यादा सैंपल में यह वैरिएंट मिलता है। इसके बाद बीए-2 (26 प्रतिशत) और ओमिक्रॉन सबलाइनेज (20 प्रतिशत) वैरिएंट के मामले भी मिलते हैं।

## अभिनेता मुकुल देव का निधन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया। वह 54 वर्ष के थे। मुकुल देव का शुक्रवार की रात नई दिल्ली में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

मुकुल देव के बड़े भाई राहुल देव ने इंस्टाग्राम पर मुकुल देव की तस्वीर शेयर कर लिखा, हमें आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमारे भाई मुकुल देव का शुक्रवार रात नई दिल्ली में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी बेटी सिया देव हैं। उनके भाई-बहन रश्मि कौशल, राहुल देव और उनके भतीजे सिद्धांत देव



**54 वर्ष की आयु में बीमारी के चलते ली अंतिम सांस**

उन्हें बहुत याद करेंगे। उनका अंतिम संस्कार शनिवार शाम 5 बजे हो गया।

## 'कर्मचारी भविष्य निधि के अंशदाताओं को मिलेगा 8.25 % की दर से ब्याज'

**नई दिल्ली।** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के अंतर्गत अंशदाताओं की संचित राशि पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8.25 प्रतिशत की दर से ब्याज दिए जाने को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी शनिवार को यहां आधिकारिक सूत्रों ने दी। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ( ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भी अंशदाताओं को 8.25 प्रतिशत की दर से ही ब्याज दिया था। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में अंशदाताओं की संख्या इस समय सात करोड़ से अधिक है। वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि ईपीएफ पर वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर इससे पिछले वर्ष के स्तर पर ही रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। श्रम मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) ने इसी वर्ष फरवरी में हुई बैठक में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंशदाताओं के खातों में ईपीएफ की संचित राशि पर 8.25 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज देने की सिफारिश की थी।

## ईडी ने दो लोगों को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के कथित धन शोधन मामले की जांच में दो आरोपियों दिलीप कुमार मैती और मोहम्मद अनारुल इस्लाम को गिरफ्तार किया है और धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत उनकी चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसके कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने एलएफएस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े विभिन्न परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया और उसके निदेशकों एवं सहयोगियों की तलाशी अभियान के दौरान 118 बैंक खातों और 63 अचल संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया, जिनकी कीमत कई करोड़ रुपये है और अब इनकी बिक्री या हस्तांतरण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ईडी ने एक बयान में कहा कि जब्त की गई अचल संपत्तियों में दो होटल, एक रिसॉर्ट, भूखंड, एक आवासीय बंगला, फ्लैट और दुबई के ईगल हाइट्स में एक संपत्ति शामिल है। एजेंसी ने कहा कि इन संपत्तियों का बाजार मूल्य निर्धारित किया जा रहा है।

## बीएसएफ ने पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया

**पालनपुर।** गुजरात के बनासकांठा जिले में पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया है। बीएसएफ ने शनिवार को बताया कि सतर्क जवानों ने शुक्रवार की रात बनासकांठा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में प्रवेश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन सेना की चेतावनी का अनसुना कर संदिग्ध लगातार आगे बढ़ता रहा। घुसपैठिए पर बीएसएफ जवानों ने गोली चला दी और वह मारा गया।

# हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

## मोदी बोले- राज्य विकसित, तभी भारत विकसित होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश की आर्थिक वृद्धि और विभिन्न क्षेत्रों में विकास की दर को तेज करने तथा केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री मोदी ने राजधानी में नीति आयोग की संचालन परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि विकसित भारत अब देश के हर नागरिक की आकांक्षा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ आएं और टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब हर नागरिक का लक्ष्य बन गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब प्रत्येक राज्य विकसित होगा, तो ही भारत विकसित होगा। यह देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। श्री मोदी ने अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका बढ़ाए जाने पर बल देते हुए कहा कि हमें कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून, नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें इस तरह से -शेष पृष्ठ दो पर

**प्रधानमंत्री ने केंद्र और राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाने की जरूरत पर दिया बल**



### ममता, विजयन और सिद्दारमैया बैठक में नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की बैठक में माइक्रोफोन विवाद के करीब एक साल बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में शामिल नहीं हुई, सूत्रों ने बताया कि केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया भी बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया। प.बंगाल की मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल न होने के फैसले के लिए हालांकि कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

### केंद्र सरकार कर रही पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार :मान

**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने केंद्र सरकार पर पंजाब के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को यहां कहा कि किसी राज्य के साथ इस तरह का पक्षपातपूर्ण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार अनुचित और अवांछनीय है। श्री मान ने यहां नीति आयोग की शासी परिषद की दसवीं बैठक में भाग लेते हुए राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए और दोहराया कि पंजाब के पास किसी भी राज्य के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है।

## लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साथी सैनिक को बचाने के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान

**नई दिल्ली।** सेना के सिक्किम स्काउट्स के युवा अधिकारी लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी ने साहस, नेतृत्व और अधिकारी तथा जवानों के बीच के अटूट बंधन का असाधारण प्रदर्शन करते हुए उत्तरी सिक्किम में एक 'ऑपरेशनल टास्क' के दौरान साथी सैनिक को बचाने के लिए सर्वोच्च बलिदान कर मिसाल पेश की है। तेईस वर्षीय लेफ्टिनेंट तिवारी को छह महीने से भी कम समय पहले पिछले वर्ष 14 दिसम्बर को कमीशन मिला था। वह दो दिन पहले 22 मई को सिक्किम में एक 'टैक्टिकल ऑपरेटिंग बेस' (टीओबी) की ओर महत्वपूर्ण पोस्ट की रूट ओपनिंग पैट्रोल का नेतृत्व कर रहे थे। सुबह लगभग 11 बजे उनके गश्ती दल के एक सदस्य अग्निवीर स्टीफन सुब्बा का 'लॉग ब्रिज' को पार करते समय पैर फिसल गया और वह तेज पहाड़ी धारा में बह गए। लेफ्टिनेंट तिवारी ने असाधारण सूझबूझ, निस्वार्थ नेतृत्व और अपनी टीम के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए बिना किसी हिचकिचाहट के अग्निवीर को बचाने के लिए खतरनाक धारा में छलांग लगा दी। एक अन्य सैनिक नायक पुकार कटेल भी तुरंत उनकी सहायता के लिए उनके पीछे चले गए। उन दोनों ने साथ मिलकर डूबते हुए अग्निवीर को बचा लिया। इसी दौरान दुर्भाग्य से लेफ्टिनेंट तिवारी तेज बहाव में बह गए। उनके गश्ती दल द्वारा अथक प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सकता।

# आज से दो जून तक नौतपा

## राजस्थान में पारा 48 डिग्री, यूपी के 65 जिलों में बारिश का अलर्ट

**उप्र में 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार**

**नई दिल्ली।** देश में 25 मई (आज) से नौतपा शुरू हो रहा है, जो 2 जून तक समाप्त होगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। कई राज्यों में तापमान 48 डिग्री तक जाने की संभावना है। 2024 में दिल्ली के मुंगेशपुर में नौतपा के दौरान तापमान 52.3 डिग्री तक पहुंच गया था, जो रिकॉर्ड है। मौसम विभाग ने शनिवार को देश के 28 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इधर, पश्चिमी राजस्थान में गर्मी जारी है। 16 जिलों में 27 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य के जैसलमेर में शुक्रवार को सबसे ज्यादा 48 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा था। मध्य प्रदेश के 4 जिलों में शनिवार सुबह से तेज आंधी चल रही है। 17 जिलों में बारिश की संभावना है। यूपी के 65 जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून की एंट्री हो गई है। अगले 7 दिनों तक बारिश का येलो अलर्ट है। रायपुर-दुर्ग में सुबह से ही तेज बारिश हुई। बिहार के सभी 38 जिलों में बारिश की संभावना है। पंजाब के 12 जिलों में बारिश 4 जिलों में लू चल रही है। हरियाणा में 7 जिलों में लू चलने का येलो अलर्ट है।

### मानसून ने आठ दिन पहले ही केरल में दी दस्तक



**पुणे।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य आगमन से आठ दिन पहले ही शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। इसके अगले दो दिनों में महाराष्ट्र पहुंच जाने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने कहा है कि इससे पहले 2009 में केरल में 23 मई को मानसून आया था। उसके बाद इतना पहले राज्य में मानसून 15 साल बाद आया है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल इस दक्षिणी राज्य में 30 मई को, 2023 में आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून को, 2019 में आठ जून को और 2018 में 29 मई को मानसून आया था। अगले दो-तीन दिनों में मानसून के कोंकण में पहुंचने का अनुमान है। कोंकण में इस समय मानसून आने से पहले होने वाली भारी बारिश हो रही है और मुंबई में मानसून के एक जून तक पहुंचने के आसार हैं। आमतौर पर, मानसून एक जून को केरल पहुंचता है, लेकिन इस साल यह एक सप्ताह पहले ही पहुंच गया है।

## पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सीमा पार की गोलाबारी में जम्मू-कश्मीर में पुंछ क्षेत्र में लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ा है और उनके घरों की बर्बादी अत्यंत पीड़ादायक है इसलिए पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर वह उनकी मांग उठाएंगे।

श्री गांधी ने कहा कि शनिवार को पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और हर कोने में अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान, पुंछ क्षेत्र के ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी मांगें और मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर ज़रूर उठाएंगे। कांग्रेस नेता ने पीड़ित परिवारों के सदस्यों के साथ उनके घरों का भी मुआयना किया, जिन्हें गोलाबारी में भारी नुकसान हुआ है।



**कहा: पुंछ के लोगों की पीड़ा, न्याय देने की मांग राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा**

## CJI-प्रोटोकॉल से जुड़ी याचिका खारिज

**चीफ जस्टिस ने कहा: यह सस्ती पब्लिसिटी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील की जनहित याचिका (पीआईएल) को खारिज कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के सीनियर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन अधिकारियों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई के पहले मुंबई दौरे के दौरान प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया। मुख्य न्यायाधीश गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने इस याचिका को पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन बताया और 7 साल के अनुभव वाले याचिकाकर्ता वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी पर 7,000 का जुर्माना लगाया, जो उन्हें लीगल सर्विसेज अथॉरिटी में जमा करना होगा। सीजेआई ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप अखबार में अपना नाम छपवाना चाहते हैं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि ये बहुत छोटा मामला है, इसे इतना बड़ा नहीं बनाया जाना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट में गर्मी की छुट्टियां, 13 जुलाई तक 'आंशिक कार्य दिवस'



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में सोमवार से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो रही हैं। इस अवधि को संभवत: पहली बार 'आंशिक कार्य दिवस' नाम दिया गया और इस दौरान भी पहले की ही तरह यहां आंशिक कामकाज होंगे। शीर्ष अदालत की एक अधिसूचना के अनुसार 26 मई से 13 जुलाई 2025 तक 'आंशिक कार्य दिवस' रहेगा और 14 जुलाई 2025 से शीर्ष अदालत में फिर से नियमित कामकाज शुरू हो जाएगा। इस 'आंशिक कार्य दिवस' में 21 पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मामलों की सुनवाई के लिए उन पीठों को नामित किया है। अधिसूचना में कहा गया है कि 26 मई से एक जून के दौरान पांच पीठ विभिन्न मामलों की सुनवाई करेगी।

## बैंक धोखाधड़ी के मामलों में वांछित चंडोक भारत लाया गया

**सीबीआई को मिली बड़ी सफलता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बैंक धोखाधड़ी के मामलों में लंबे समय से वांछित भगोड़े आरोपी अंगद सिंह चंडोक को प्रत्यर्पित कर भारत लाने में बड़ी सफलता मिली है।

सीबीआई की एक टीम चंडोक को अमेरिका से लेकर शनिवार को यहां पहुंची। चंडोक अभी सीबीआई की हिरासत में है और अब उसे अदालत में पेश किया जाएगा। बैंकों में धोखाधड़ी और लोगों के साथ ठगी के आरोपी चंडोक ने यहां से भागकर अमेरिका में शरण ली थी। रिपोर्टों के अनुसार चंडोक ने अमेरिका में भी अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी गिरोह के साथ मिलकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी की। उस पर फर्जी कंपनियों के माध्यम से विदेशों में अवैध तरीके से भेजने के भी आरोप हैं। अमेरिकी जांच एजेंसियों ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था और जांच के बाद वहां की अदालत ने उसे छह वर्ष की सजा सुनाई थी। सीबीआई चंडोक को भारत लाने के लिए काफी समय से अमेरिकी एजेन्सियों के साथ तालमेल कर रही थी । आखिरकार सीबीआई को इसमें सफलता मिली है। चंडोक के प्रत्यर्पण से साइबर अपराध के कुछ मामलों में भी सुराग मिलने की संभावना है।

# परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के सामने रखा देश का पक्ष

मास्को, वार्ता

**रूस की यात्रा** पर गए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में भारतीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी नेतृत्व के समक्ष आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति दोहराई है और इस बात पर जोर दिया है कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को बर्दाश्त नहीं करेगा।

मास्को में अपनी बैठकों के दौरान, दोनों पक्षों ने आतंकवाद विरोधी उपायों को मजबूत करने और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद को खत्म करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की। मास्को में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने रूसी संसद के दोनों सदनों के अलावा थिंक टैंकों सहित कई बैठकें कीं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा वैश्विक आतंकवाद विरोधी ढांचे को मजबूत करने और बहुध्रुवीय अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रयास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन काउंसिल की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष एंड्री डेनिसोव और अन्य सीनेटरों के साथ बातचीत की। बातचीत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में कानूनी स्तर पर एकमत कायम करने पर केंद्रित थी। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में प्रतिक्रिया के रूप में ऑपरेशन सिंदूर की ओर ध्यान आकर्षित किया। बाद में, भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लटस्की के साथ बैठक की और स्टेट ड्यूमा के सदस्यों के साथ बातचीत की।



### बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में किए मंदिर में दर्शन

**अबू धाबी/अहमदाबाद।** पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष बताने के लिए यूएई गए प्रतिनिधिमंडल ने अबू धाबी में विश्वप्रसिद्ध स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था ने बताया कि मंदिर की अद्वितीय सुंदरता, पवित्रता व आध्यात्मिकता से समूचा प्रतिनिधि मंडल बहुत प्रभावित हुआ और मंदिर के वैश्विक सौहार्द के संदेश ने सभी को छू लिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, मनन कुमार मिश्रा और एसएस अहलूवालिया सांसद सस्मित पात्रा, सांसद ईटी मोहम्मद बशीर और राजदूत सुजन चिनॉय शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### बिजली कटौती पर झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाया

**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती और कर्मचारियों के आंदोलन को देखते हुए ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक के दौरान बुंदेलखंड में बिजली कटौती पर भड़क गए और तत्काल झांसी के चीफ इंजीनियर को हटाने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बीते 21 व 22 मई को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी-तूफान के कारण बाधित हुई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त करने के लिए सभी डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल को प्रभावित क्षेत्रों में खुद जाकर निरीक्षण करें और आपूर्ति को सही कराएं। सभी कांटिजेंसी प्लान बनाकर बिजली आपूर्ति में आ रही समस्या को दूर करें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली से संबंधित शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम को स्थापित करें।

### सपा सांसद बर्क को देना होगा 1.91 करोड़ जुर्माना

**संभल।** समाजवादी पार्टी के संभल से सांसद जिया उर रहमान बर्क पर बिजली विभाग ने 1.91 करोड़ का जुर्माना लगाया है और अब उन पर कोई विकल्प नहीं बचा है। ये जुर्माना सांसद के घर बिजली चोरी की जांच के बाद लगाया गया था। सांसद पर जुर्माने को लेकर संभल चर्चाएं जोरों पर हैं। बिजली विभाग संभल के अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने बताया कि संभल के सांसद जिया उर रहमान बर्क को अंतिम नोटिस भेजा गया है। अब उनके पास इसे भरने या अदालत का दरवाजा खटखटाने का विकल्प है। सांसद जिया उर रहमान को ये बिजली विभाग का नोटिस तब भेजा है, जब वो पहले से कई मामलों में फंसे हुए हैं। बिजली विभाग के मुताबिक पिछले साल 19 दिसम्बर को सांसद बर्क के आवास पर छापा मारा गया था। इस दौरान बिजली टीम को सांसद के आवास पर दो किलोवाट के दो कनेक्शन मिले, एक जिया उर रहमान के नाम और दूसरा उनके दादा पूर्व सांसद डा. शाफिकुर्रहमान बर्क के नाम, जबकि दोनों मीटर में खपत शून्य थी, जिसके बाद बिजली चोरी के शक में जांच हुई, तो उसमें चोरी पकड़ी गई।

### पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा, पहुंचे जेल

**बरेली।** यूपी के बरेली जिले में सोशल मीडिया पर देश विरोधी पोस्ट शेयर करने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इन युवकों ने इंस्टाग्राम पर पाकिस्तान जिंदाबाद और भड़काऊ पोस्ट और धमकी भरे वीडियो अपलोड किए थे। ये मामला तब सामने आया, जब इंस्टाग्राम पर वायरल हुए दो पोस्ट से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने दोनों हाथ जोड़ते और मांफी मांगते दिखे। पहले युवक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पाकिस्तान जिंदाबाद जैसी देश विरोधी टिप्पणी पोस्ट की थी। दूसरे युवक ने एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें वह धारदार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा है और जुबान काटने की धमकी दी थी।

## युवाओं का भविष्य हो रहा बर्बाद, यूपी सरकार बनाए नया कानून

# ऑनलाइन सट्टेबाजी, गेमिंग पर हाईकोर्ट नाराज



- अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं
- उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करें

**प्रयागराज, वार्ता**

**ऑनलाइन** गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों को रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कानून बनाए जाने की आवश्यकता है, क्योंकि, अब सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 प्रासंगिक नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने आगरा के इमरान खान व अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। कोर्ट ने इसकी विधायी व्यवस्था के लिए राज्य सरकार को आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन करने और उस समिति में प्रमुख सचिव, राज्य कर के साथ विशेषज्ञों को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। यह समिति वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए एक विधायी व्यवस्था बनाएगी। कोर्ट ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाजी जैसे वर्चुअली अपराधों पर लगाम के लिए फिलहाल कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम 1867 औपनिवेशिक युग का कानून था, जो आज के दौर में प्रासंगिक नहीं रह गया है। वर्चुअली सट्टेबाजी या जुआ अब राज्य और राष्ट्र की सीमा से परे जा चुका है। सर्वर सिस्टम दुनिया की दूसरी सीमाओं में हैं, जिस पर कोई नियंत्रण नहीं है।

देश के किशोर और युवा आसानी से पैसे कमाने के चक्कर में इसकी चपेट में आ रहे हैं। इससे उनमें अवसाद, चिंता, अनिंद्रा के साथ सामाजिक विघटन की स्थिति बढ़ रही है। निम्न और मध्यम वर्ग ऑनलाइन गेम उपलब्ध कराने वाले प्लेटफार्म के झांसे में आकर आर्थिक नुकसान उठा रहे हैं। कोर्ट ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए रजिस्ट्रार को आदेश की प्रति प्रदेश शासन के मुख्य सचिव को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, ताकि कि इसका अनुपालन हो सके। बता दें कि याचियों के खिलाफ आगरा के मंटोला थाने में सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत तीन साल पहले प्राथमिकी दर्ज हुई थी। 27 दिसंबर 2022 को आरोप पत्र दाखिल होने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याचियों को नोटिस जारी किया था। याचियों की ओर से याचिका दाखिल कर आपराधिक कार्रवाई को रद करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ खेलने वालों के खिलाफ कोई प्रभावी कानून नहीं है। सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत अधिकतम दो हजार जुर्माना और 12 महीने तक की कैद का प्रावधान है. लेकिन, फैंटेसी स्पोर्ट्स, पोकर और ई-स्पोर्ट्स जैसे ऑनलाइन गेम्स को लेकर कानून अस्पष्ट है। बड़ी संख्या में युवा इसकी जद में आकर नुकसान उठा रहे हैं। भारत में ब्रिटिश सरकार द्वारा जुआ गतिविधियों को विनियमित करने और सार्वजनिक जुआ घरों को दबाने के लिए लागू किया गया औपनिवेशिक युग का कानून है। वर्ष 1867 में यह पर्याप्त था, लेकिन आज नगण्य है। यूके, अमेरिका सहित दुनिया के कई विकसित देशों ने प्रावधान बनाए हैं।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में अगली सुनवाई चार जुलाई को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में दोनो पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तारीख चार जुलाई निर्धारित की है। श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने बताया कि मुगल शासक औरंगजेब द्वारा श्री कृष्ण जन्मस्थान पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र की एकल बेंच ने दोनो पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की अगली तिथि चार जुलाई निश्चित की है।

### बिना दिमाग लगाए आदेश देने वाले अफसर को ट्रेनिंग कराए वित्त मंत्रालय: उच्च न्यायालय

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने ऋण वसूली अधिकरण(डीआरटी) लखनऊ से मामलों में बिना दिमाग लगाए समान आदेश पारित किए जाने का सख्त संज्ञान लिया है। न्यायालय ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को निर्देश दिया कि डीआरटी के ऐसे अफसर की ट्रेनिग कराने पर गौर करे जिससे डीआरटी का कार्य सुचारू रूप से चल सके। इसके लिए कोर्ट ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय को इस आदेश की कॉपी भेजने का भी निर्देश दिया है। न्यायाधीश पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश विमला कश्यप समेत तीन याचियों की याचिका पर दिया। इसमें डीआरटी के इसी दो मई उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत याचियों को अंतरिम राहत देने की अर्जी खारिज कर दी गई थी। याचियों के अधिवक्ता का कहना था कि यद्यपि, अर्जी में अंतरिम राहत देने की वजहें बताई गाएं थी, इसके बावजूद इन्हें गलत तरीके से दर्ज करके डीआरटी ने अर्जी खारिज करने का अप्रत्याशित आदेश पारित कर दिया।

## भ्रष्टाचार के आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी रद्द

- नोएडा में तैनात थे दरोगा प्रदीप कुमार गौतम हाईकोर्ट ने दी राहत

**प्रयागराज, वार्ता**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली 1991 के नियम- 8 (2) (बी) के प्राविधानों के अन्तर्गत पर्याप्त साक्ष्य होने पर भी बगैर विभागीय कार्यवाही के बर्खास्तगी करना अवैध है।

कोर्ट ने कहा कि ऐसा करना नियम तथा कानून के विरुद्ध है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं अतिप्रिया गौतम की बहस सुनकर पारित किया है। मामले के अनुसार दरोगा प्रदीप कुमार गौतम, चौकी इंचार्ज, गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा, गौतमबुद्धनगर में उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत था। याची पर यह आरोप है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसके अवलोकन से पाया गया कि वायरल वीडियो में एक व्यक्ति अपनी जेब में हाथ डालता है और पास में खड़े उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गौतम चौकी प्रभारी गोलचक्कर, थाना फेस-1, नोएडा को कुछ रुपये पकड़ाता है। आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा चौकी प्रभारी को रिश्वत दी जा रही है। दरोगा का यह कृत्य उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली के प्रतिकूल है, जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। वीडियो के अवलोकन से प्रथम दृष्टया अपराध कारित होना पाए जाने के फलस्वरूप उक्त प्रकरण में दिनांक 05 अप्रैल 2005 को दरोगा के विरुद्ध थाना फेस-1, नोएडा में धारा 7/13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया। याची के ऊपर यह भी आरोप था कि वायरल वीडियो के अवलोकन से याची द्वारा घूस लेना स्वत: स्पष्ट हो रहा है एवं दरोगा के विरुद्ध पंजीकृत आपराधिक अभियोग गम्भीर अपराध की श्रेणी में आता है। अभियोग की विवेचना प्रचलित है तथा दरोगा प्रदीप कुमार गौतम द्वारा कर्तव्य पालन में घोर लापरवाही बरतते हुए गैर जिम्मेदारीपूर्ण, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता के साथ-साथ पुलिस जैसे अनुशासित विभाग की छवि को धूमिल की गई है। पुलिस कर्मी की बर्खास्तगी बगैर विभागीय कार्यवाही के अवैध है। पर्याप्त साक्ष्य के आधार होंने पर भी बगैर स्पष्ट कारण बताए कि क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की जा सकती, बर्खास्त करना नियम एवं कानून के विरुद्ध है।

## नीति आयोग की बैठक ध्यान भटकाने का प्रयास

### सामाजिक ताना-बाना टूट रहा हो, तो विकसित भारत कैसे बनेगा

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने लगाया आरोप संपत्ति गिने चुने लोगों के हाथ में सिमट रही

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नीति आयोग की शासी परिषद की विकसित भारत लक्ष्य प्रगति को लेकर हो रही बैठक तब औचित्यहीन हो जाती है, जब खुद सरकार सामाजिक ताना-बाना तोड़ने और संवैधानिक संस्थाओं को बर्बाद करने में लगी हो।

पार्टी ने बैठक को ध्यान भटकाने का एक और प्रयास बताया है। कांग्रेस ने नीति आयोग को अब तक की सबसे अयोग्य बॉडी बताया और कहा कि आज हो रही विकसित भारत लक्ष्य समीक्षा प्रगति बैठक भी एक बार फिर सरकार की पाखंड करने और ध्यान भटकाने की कोशिश ही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यहां जारी एक बयान में कहा शासी परिषद की बैठक हो रही है। कहा गया है कि इसमें तथाकथित 'विकसित भारत' लक्ष्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जब सत्ता में बैठे लोग अपने ही शब्दों और कर्मों से सामाजिक सौहार्द के ताने-बाने को तोड़ने में लगे हों तो कैसा विकसित भारत होगा। उन्होंने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जब संसद, न्यायपालिका, विश्वविद्यालयों, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को सत्ता की सुविधा के अनुसार कुचला जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। भारत जिन मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता रहा है, उन पर अंतर्राष्ट्रीय मंचों के सामने ही योजनाबद्ध हमला किया जा रहा हो तो कैसा विकसित भारत होगा। जब देश की आर्थिक विषमता लगातार बढ़ रही हो और संपत्ति कुछ गिने-चुने लोगों के हाथों में सिमटती जा रही हो तो यह कैसा विकसित भारत होगा। श्री रमेश ने कहा कि अगर भारत की शानदार विविधताओं का जानबूझकर अपमान किया जाए और उन्हें मिटाया जाए तो कैसा विकसित भारत होगा। ए कैसा विकसित भारत हैं जहां केवल अभिव्यक्ति की आजादी ही नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति के बाद की स्वतंत्रता भी खतरे में है।

## सपा समाप्त, राहुल बने पाक के प्रवक्ता

**वाराणसी।** यूपी में विधानसभा चुनाव 2027 में हैं, लेकिन राजनेताओं की बयानबाजी अभी से ही तेज हो गई है। पिछले दिनों डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और सपा के सोशल मीडिया पर उपजा विवाद थमा भी नहीं कि शनिवार को सरकार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को फिर से समाप्तवादी पार्टी कहा और कहा कि 2027 का चुनाव अखिलेश यादव के लिए मुंगेरी लाल के हसीन सपने की तरह है। वे वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे, उन्होंने राहुल गांधी को पाक का प्रवक्ता बता दिया। वाराणसी पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर सवाल उठाने पर कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान के प्रवक्ता से भी ज्यादा बोलते हैं। कांग्रेस भारत की सेना को कमजोर साबित करना चाह रही है।

## योगी की सौगात, यूनिफॉर्म को 487 करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- अभिभावकों के खाते में 26 मई को पहुंच जाएगी धनराशि


**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने प्रदेश के करोड़ों बच्चों के लिए एक और राहत भरी घोषणा की है। राज्य सरकार ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को यूनिफॉर्म के लिए 487 करोड़ रुपये की बड़ी राशि जारी करने की मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सीएम योगी आदित्यनाथ 26 मई को लोक भवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में इस योजना के तहत बच्चों के अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे पैसे भेजेंगे।

इस योजना का लाभ प्रदेश के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। यूनिफॉर्म के लिए यह धनराशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों या उनके अभिभावकों के खातों में भेजी जाएगी, ताकि कोई बिचौलिया न हो और पैसा सीधे जरूरतमंद तक पहुंचे। सरकार की इस योजना के अंतर्गत सिर्फ यूनिफॉर्म ही नहीं, बल्कि स्कूल बैग, जूते-मोजे और स्वेटर आदि की भी व्यवस्था की जाती है। हर साल शिक्षा विभाग छात्रों को इन वस्तुओं की खरीद के लिए राशि उनके बैंक खातों में भेजता है।

पिछले वर्षों में भी इसी तरह डीबीटी के माध्यम से करोड़ों बच्चों को लाभ दिया जा चुका है। यह पूरी प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग की निगरानी में होगी। विभाग ने पहले ही सभी जिलों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं कि पात्र छात्रों की सूची तैयार की जाए और उनके बैंक खातों को आधार से जोड़ा जाए, ताकि ट्रांसफर में कोई दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि उनकी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी बच्चा स्कूल से वंचित न रह जाए। इसके लिए सरकार बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी हर बुनियादी जरूरत को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। यही कारण है कि यूनिफॉर्म, बैग और मिड-डे मील जैसी योजनाओं को और बेहतर बनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार हर साल छात्रों को यूनिफॉर्म के लिए 1200 रुपये की राशि देती है, जिसमें दो यूनिफॉर्म, एक बैग, एक जोड़ी जूते, दो जोड़ी मोजे और एक स्वेटर शामिल होता है। इससे पहले वर्ष 2023 में भी लगभग इसी तर्ज पर 1.91 करोड़ बच्चों को लाभ पहुंचाया गया था। योगी सरकार की यह पहल गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## भाजपा का गुजरात मॉडल-भ्रष्टाचार का साबित: सिसोदिया

**नई दिल्ली, वार्ता**



- आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोताही नहीं बरती

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी जिस गुजरात मॉडल का देश भर में ढोल पीटती है, दरअसल वह भ्रष्टाचार का मॉडल है, जिसमें भाजपा के नेता और मंत्री करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार कर लेते हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती है।

ऐसे ही गुजरात में हुए एक कथित महाघोटाले पर आप के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और कहा कि भाजपा सरकार के पंचायती राज मंत्री के पुत्रों ने कंपनियां बना कर दाहोद में मनरेगा का काम लिया, लेकिन काम नहीं किया और 71 करोड़ रुपये हड़प लिए। अब वे पुलिस की गिरफ्त में हैं, लेकिन भाजपा ने अपने मंत्री का न इस्तीफा लिया और न कोई कार्रवाई की। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पंजाब की 'आप' सरकार ने भ्रष्टाचार की जानकारी होते ही अपने विधायक को गिरफ्तार करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने शनिवार को कहा कि पंजाब में शुक्रवार को जब 'आप' के एक विधायक ने भ्रष्टाचार किया, तो भगवंत मान की सरकार ने तत्काल कार्रवाई की। आप की सरकार ने अपने ही विधायक के खिलाफ कार्रवाई में कोई कोताही नहीं बरती। यही केजरीवाल की राजनीति है और यही भगवंत मान सरकार का मंत्र रहा है। सिसोदिया ने कहा कि भाजपा वाले अपने गुजरात मॉडल की बहुत बात करते हैं, लेकिन सच तो यह है कि गुजरात मॉडल भ्रष्टाचार का मॉडल है। यह खुलासा हो रहा है कि गुजरात के दाहोद में मनरेगा में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। मीडिया में भी यह थोड़ा-बहुत चर्चा में आया कि गुजरात के पंचायती राज मंत्री बच्चूभाई खाबड़ के पुत्रों ने अपने ही पिता के विभाग के पैसे उड़ा दिए। दाहोद में 71 करोड़ रुपये का मनरेगा घोटाला हुआ है। भाजपा की सरकार इसमें मंत्री के खिलाफ कोई कार्रवाई ही नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि पूरे गुजरात के सभी तालुकाओं में इसकी जांच करा ली जाए, तो यह घोटाला कितने हजार करोड़ रुपये का होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

आप नेता ने कहा कि जब मंत्री खुद अपनी कुर्सी पर बने हुए हैं और उनके पुत्र उनके ही विभाग में भ्रष्टाचार के आरोप में गुजरात पुलिस की गिरफ्त में हैं, तो मंत्री का इस्तीफा क्यों नहीं लिया जा रहा? भाजपा अपने मंत्री से इस्तीफा क्यों नहीं ले रही? इसके पीछे क्या वजह है? सिसोदिया ने कहा कि एक तरफ पंजाब का मॉडल है, जहां अपनी ही पार्टी के विधायक तक को नहीं छोड़ा जाता और दूसरी तरफ गुजरात का मॉडल है, जहां अपनी पार्टी के मंत्री के पुत्रों ने खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार किया। उन्हें गिरफ्तार भी किया जा रहा है, लेकिन मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। कौन उन्हें बचा रहा है? यह गुजरात भी जानना चाहता है और देश भी जानना चाहता है।

## मांग कमजोर रहने से जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



- चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ

स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही।

इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3600-3700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## कांग्रेस बोलती है पाकिस्तान की भाषा: पूनावाला

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गाधी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को एक त्रासदी यानी ट्रेजेडी बता रहे हैं, उन्होंने कहा कि राहुल का इस तरह की बातें करना कोई हैरानी की बात नहीं है। कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की लीपापोती की है और पाक को क्लीन चिट दी है। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान सेना की ओर से सीमा पार से की गई गोलीबारी के पीड़ितों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस बीच बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए दोनों पर पाकिस्तान की भाषा बोलने का आरोप लगाया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हमें टीम...** काम करना चाहिए कि लागू की गई नीतियां आम नागरिकों के जीवन में बदलाव लाएं। जब लोग बदलाव महसूस करते हैं, तभी यह बदलाव को मजबूत करता है और बदलाव को एक आंदोलन में बदल देता है। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में हमारे पास 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का एक शानदार अवसर है। हमें इस लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए कि 2047 तक भारत को विकसित बनाना। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर राज्य विकसित हो, हर शहर विकसित हो, हर नगर पालिका विकसित हो और हर गांव विकसित हो। उन्होंने कहा कि अगर हम इन सभी दिशाओं में मिल कर काम करेंगे, तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने पर्यटन क्षेत्र के विकास के लाभ को भी रेखांकित किया और एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य का नारा दिया। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप और सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके हर राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रणनीति से पर्यटन स्थल के आस पास के शहरों का पर्यटन स्थल के रूप में विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। नीति आयोग के अनुसार आज की बैठक का मुख्य विषय है- 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य एट2047।' राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित इस बैठक में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्यों के विकास पर विशेष चर्चा हो रही है। आयोग का मानना है कि राज्यों को मानव विकास, आर्थिक विकास, स्थिरता, प्रौद्योगिकी और शासन सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने अद्वितीय भौगोलिक और जनसांख्यिकीय लाभों का लाभ उठाना चाहिए। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) शामिल रहे।

## गंगा दशहरा उत्सव पर होगी रामलला मंदिर परिसर के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा

- तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य और दिव्य रामलला के मंदिर परिसर में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा आगामी पांच जून को गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर की जाएगी।

इस अवसर पर तीन जून से पांच जून तक तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा जबकि पूजन के कार्यक्रम तीस मई से शुरू हो जाएंगे और उनकी शुरुआत परिसर में स्थित मंदिर में शिवलिग की स्थापना से होगी। काशी और अयोध्या के कुल वैदिक विद्वान अनुष्ठान की देखरेख करेंगे। देवताओं के लिए दो-दो फिट लंबे संगमरमर के सिंहासन विशेष रूप से तैयार किए गए हैं। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान मूर्तियों को एक सिंहासन पर रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सप्त मण्डप क्षेत्र में स्थित मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें श्री वाल्मीकि, अग्स्त्य, विश्वामित्र, अहिल्या, शबरी और निषादराज प्रतिष्ठित होंगे।मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने अयोध्या पहुंचे मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम तीन जून से शुरू होंगे और पांच जून को समापन होगा। इसके पहले मुख्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि बाकी मंदिर में जो निर्माण कार्य हो रहे हैं, विशेषकर परकोटा निर्माण, शेषावतार मंदिर का निर्माण अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे होंगे। राम मंदिर सहित परकोटा के छह मंदिरों के शिखर को भी स्वर्णजटित बनाए जाने का काम अगले दो दिनों में पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्त मंदिर का निर्माण पूर्ण हो गया है। वहां पर ऋषियों, मुनियों की मूर्ति भी पहुंच गई है। पुष्करिणी जो बीच में जलसंचय है वह भी पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में चार द्वारों के निर्माण कार्य आडोटोरियम व अतिथिगृह के निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि द्वार के निर्माण में सबसे पहला जो उत्तरीय दिशा में द्वार है वह चार जून तक पूर्ण हो जाएगा। परिसर में हो रहे अन्य काम अक्टूबर तक पूरे कर लिए जाएंगे। ज्एष्ठ कृष्ण एकादशी के पर्व पर राम मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार की मूर्ति को यथास्थान स्थापित कर दिया गया है। हालांकि यहां अवशेष कार्य अभी चल रहे हैं। राम दरबार की इस मूर्ति को जयपुर से लाया गया है जो कि सुबह छह बजे क्रासिग ध्से रामजन्मभूमि परिसर में दाखिल किया गया। इसी तरह से परकोटा के दक्षिण-पश्चिम में निर्मित शिवालय में भगवान नर्मदेश्वर को भी यथास्थान स्थापित कर दिया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक में मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल

# शहरी क्षेत्रों में टिकाऊ ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने की बेहद जरूरत

## मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर ड्रेनेज की विशेष योजना बनाने का किया अनुरोध

■ प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक ■ "पीएम कृषि सिंचाई योजना" में लिफ्ट इरिगेशन शामिल करने का अनुरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली /देहरादून।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की शनिवार को हुई दसवीं बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण के चलते शहरों में ड्रेनेज की समस्या एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस समस्या के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर टिकाऊ ड्रेनेज प्रणाली विकसित करने के लिए विशेष योजना बनाई जाए।

मुख्यमंत्री ने "पीएम कृषि सिंचाई योजना" की गाइडलाइन्स में लिफ्ट इरिगेशन को सम्मिलित करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण वर्तमान में पर्वतीय क्षेत्र का मात्र 10 प्रतिशत भूभाग ही सिंचित हो पा रहा है। कहा कि उत्तराखंड में हिमनद आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ने की दिशा में "नदी जोड़ो परियोजना" के साथ ही चेक डैम्स और लघु जलाशयों के निर्माण के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित करने के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

### जीडीपी में प्राथमिक सेक्टर का योगदान मात्र 9.3 प्रतिशत

मुख्यमंत्री धामी ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि उत्तराखंड की जीडीपी में प्राथमिक सेक्टर का योगदान जहां मात्र 9.3 प्रतिशत है, वहीं इस कार्य में लगभग 45 प्रतिशत आबादी लगी है। इस समस्या को देखते हुए हमने प्रदेश के काश्तकारों को "लो वैल्यू एग्रीकल्चर" की बजाए "हाई वैल्यू एग्रीकल्चर" अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया है, जिनमें एप्पल मिशन, कीवी मिशन, ड्रैगन फ्रूट मिशन, मिलेट मिशन तथा सगंध कृषि को प्रोत्साहन शामिल है।

### राजजात व कुंभ के लिए मांगा सहयोग

वर्ष 2026 में उत्तराखंड में पर्वतीय महाकुंभ के रूप में प्रसिद्ध "मां नन्दा राजजात यात्रा" तथा वर्ष 2027 में हरिद्वार में "कुंभ" का आयोजन होना है। मुख्यमंत्री धामी ने इन दोनों आयोजनों को "भव्य एवं दिव्य" बनाने के लिए सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में "डेमोग्राफिक डिविडेंड" की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दृष्टि से आने वाले दस वर्ष में हम "डेमोग्राफिक डिविडेंड" का सर्वाधिक लाभ उठा सकते हैं।

# बेंगलुरु में विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने दिया संदेश

■ सम्मेलन में प्रौद्योगिकी आधारित आपदा एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन पर जोर ■ मुख्य सम्मेलन इसी वर्ष नवम्बर माह मे उत्तराखंड में होगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बेंगलुरु/ देहरादून।** जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के बीच, उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और हिमालयन एकेडमी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व आपदा प्रबंधन सम्मेलन 2025' का तीसरा प्री-समिट बेंगलुरु स्थित प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च में आयोजित हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आपदा-प्रबंधन में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और राज्यों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से इस प्री आपदा सम्मेलन को आयोजित कराने हेतु यूकॉस्ट व अन्य आयोजकों को बधाई प्रेषित की और कहा की इसका मुख्य सम्मेलन नवम्बर माह मे उत्तराखंड में होगा। भारत रत्न प्रो. सी.एन.आर. राव व डॉ. इंदुमती राव ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई। प्रो. राव ने राज्यों के बीच वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यूकॉस्ट की सराहना की, जबकि डॉ. राव ने ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने पर चिंता व्यक्त की।

यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच सांस्कृतिक-सामाजिक संबंधों को रेखांकित करते हुए शसिल्क्यारा फ्रेमवर्कश नामक एक स्वदेशी आपदा प्रबंधन मॉडल का प्रस्ताव रखा, जो पूर्व-आपदा वैज्ञानिक तैयारी पर केंद्रित है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री व मुख्यमंत्री करेंगे एग्री मित्र 2025 मेले का उद्घाटन

■ 14 और 15 जून को आयोजित होगा दो दिवसीय एग्री मित्र 2025 कृषि मेला



**मुख्य संवाददाता शाह**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 14 और 15 जून को आयोजित होने वाले दो दिवसीय एग्री मित्र 2025 कृषि मेले की तैयारियों की बैठक की। बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ ही विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में शनिवार को आयोजित बैठक में कृषि मंत्री जोशी ने बताया कि यह भव्य कृषि मेला 14-15 जून को देहरादून के गढ़ीकैंट स्थित महिंद्रा ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। मेले में देशभर के किसान, एफपीओ, स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालय, अनुसंधान संस्थान, सहकारिता समितियाँ और स्वयं सहायता समूह भाग लेंगे। इस दौरान स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, मोटे अनाज (मिलेट्स) पर चर्चा, वैज्ञानिक सत्र एवं नवाचारों की प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण होंगे।

उन्होंने जानकारी दी कि मेले का उद्घाटन सत्र केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में होगा, जबकि समापन सत्र में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह समेत कई राज्यों के कृषि मंत्री एवं देश-विदेश के विशेषज्ञ शामिल होंगे।

कृषि मंत्री जोशी ने अधिकारियों को मेले की तैयारियों में किसी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए और कहा कि यह आयोजन उत्तराखंड को वैश्विक कृषि मंच पर पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।बैठक में कृषि निदेशक केसी पाठक, बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, जैविक बोर्ड के एमडी विनय कुमार, डॉ. रतन कुमार, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार, भरसार यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. परमिंदर कौशल, ग्राफिक एरा डॉ. एमके नोटियाल, देवभूमि यूनिवर्सिटी डॉ. मनीषा व माया देवी यूनिवर्सिटी डॉ.निशा शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जोशी ने कुलपतियों के साथ किया विकसित कृषि संकल्प अभियान पर मंथन

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ देशव्यापी अभियान आगामी 29 मई से 12 जून तक चलने वाले षविकसित कृषि संकल्प अभियानष के तहत राज्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों को कृषि विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विकसित कृषि संकल्प अभियान तथा 14 और 15 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले कृषि मेले में छात्र छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि कृषि मेले कृषि विश्वविद्यालय द्वारा स्टॉल लगाए जाए। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने छात्र छात्राओं द्वारा कृषि मेले में पोस्टर प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मिलित किया जाए। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इससे लाभान्वित किया जाए।

### दिनेश कौशल को प्रदेश कांग्रेस के श्रम प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी

**देहरादून (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश कौशल को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। कौशल युवा कांग्रेस देहरादून के अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके हैं व प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में लंबे समय से पार्टी का कार्य कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को दिनेश कौशल को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने दिनेश कौशल को प्रदेश अध्यक्ष की ओर से नियुक्ति पत्र सौंपा व उनको पुष्प गुच्छ देकर व मिठाई खिला कर बधाई दी।

# जिला सैनिक कल्याण अधिकारी पचास हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार



■ बागेश्वर में विजिलेंस टीम ने सेवानिवृत्त कर्नल डा. सुबोध शुक्ला को छापेमारी के दौरान दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बागेश्वर (सेवानिवृत कर्नल) डा. सुबोध शुक्ला को विजिलेंस टीम ने पचास हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बता दें कि शनिवार को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में विजिलेंस की टीम ने गोपनीय तरीके से छापा मारा। यहां से मिली शिकायत के आधार पर टीम ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को घूस मांगते हुए रंगे हाथों पकड़ा।

ट्रैप टीम के अधिकारियों ने बताया जिला सैनिक कल्याण बोर्ड बागेश्वर में पूर्व से कार्यरत कर्मचारी कैलाश पंत के अनुबंध बढ़ाने के एवज में उन्होंने घूस मांगी थी। आरोप है कि कर्नल शुक्ला पीड़ित से 90 हजार की मांग कर रहे थे, लेकिन बाद में मामला 50 हजार में तय हुआ। अधिकारी के व्यवहार से परेशान कार्मिक ने मामले की शिकायत विजिलेंस टीम से की थी। पुलिस उपाधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी अनिल सिंह मनराल के नेतृत्व में ट्रैप टीम का गठन हुआ। टीम शनिवार को गोपनीय तरीके से बागेश्वर पहुंची। यहां उन्होंने रि.कर्नल शुक्ला को रंगे हाथ दबोच लिया। घटना की सूचना फैलते ही पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। बताया जा रहा है कि अभियुक्त जिला सैनिक कल्याण अधिकारी बागेश्वर सुबोध शुक्ला (सेवानिवृत कर्नल) मूल निवासी ग्राम रामपुर, पो. बिरसिंघपुर, पाली, बांधीगढ़ जिला उमरिया, मध्य प्रदेश हाल निवासी गैस्ट हाउस, सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय परिसर बागेश्वर में रहते थे। उनके खिलाफ शिकायतकर्ता से 50,000 रूपए रूपये रिश्वत लेने के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

# खनन में राजस्व वृद्धि दुष्प्रचार करने वालों के मुंह पर तमाचा: भट्ट



■ कहा - ईमानदारी और पारदर्शी नीति बनाकर धामी सरकार ने कुशल प्रबंधन किया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने खनन राजस्व में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी को सीएम धामी की पारदर्शी नीतियों और कुशल प्रबंधन का नतीजा बताया है।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस उपलब्धि को उन लोगों के मुंह पर भी करारा तमाचा बताया जिन्होंने सत्ता में रहते खनन को हमेशा लूट का जरिया बनाए रखा था। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में प्रदेश, राजस्व वृद्धि को लेकर शानदार उपलब्धि हासिल कर रहा है। घपले, घोटाले, माफियागिरी और अवैध गतिविधियों के लिए कुख्यात खनन क्षेत्र, आज एक बड़ी राजस्व उपलब्धि में तब्दील हो गया है। कभी लाख प्रयासों के बाद भी सरकार का आंकड़ा 300, 3500 करोड़ से नीचे ही रहता था। वहीं आज खनन राजस्व का यह आंकड़ा 3 गुने से पार चला गया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए विगत 3 वर्षों में गुड गवर्नेंस और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सीएम धामी ने दिया है। अन्य क्षेत्रों की तरह खनन में भी ईमानदारी और पारदर्शी नीति बनाकर उसका कुशल प्रबंधन किया गया। जिससे खनन में घोटालों, दलाली, और माफिया संस्कृति पर अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने वो दौर भी देखा है जब कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपनी सरकार बचाने किए संसाधनों की लूट का लाइसेंस देते नजर आए थे। खनन माफिया प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों पर हमले करते थे, साथी माफियाओं को लाभ पहुंचाने के लिए मां गंगा को स्क्रैप कैनल घोषित कर दिया था।

उन्होंने खनन को अवैध धंधा बनाए रखकर अपनी अपनी अपनी झोली भरने में लगे रहते थे। नतीजा यह रहता था कि प्रदेश के राजस्व को चूना भी लगता था और आम आदमी की निर्माण लागत भी बहुत बढ़ जाती थी। उन्होंने कहा कि खनन की यह उपलब्धि नकारात्मक और स्वार्थ सिद्धि की राजनीति करने वाली कांग्रेसी सोच पर करारी चोट है। धामी सरकार के ये प्रयास प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के साथ आम लोगों के लिए भी बहुत मददगार साबित हो रहे हैं।

### घर से लापता नाबालिग को मुंबई से पुलिस ने किया बरामद

**देहरादून (शाह टाइम्स संवाददाता)।** घर से नाराज होकर नौकरी की तलाश में लापता हुई नाबालिग को दून पुलिस ने मुंबई से बरामद कर उसके परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों ने तुम पुलिस की कार्यवाही की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। क्षेत्राधिकार मनोज असवाल ने बताया कि थाना राजपुर पर लापता हुई नाबालिग लड़की के परिजनों ने आकर प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है जिसे उनके द्वारा काफी ढूढ़ने का प्रयास किया गया पर वह नहीं मिली। तहरीर के आधार पर थाना राजपुर रिपोर्ट दर्ज की गई। नाबालिग के घर से कहीं चले जाने की घटना की गम्भीरता के चलते नाबालिग की सकुशल बरामदगी के लिये पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा नाबालिग के सम्बन्ध में सुरागरसी पतारसी करते हुये जानकारियाँ एकत्रित की गयी साथ ही आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करते हुये मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से भी नाबालिग की खोजबीन के प्रयास करते हुये मुखबिर तन्त्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर की सूचना पर नाबालिग को बोरीवली, मुंबई से सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में नाबालिग द्वारा बताया गया कि वह अपने परिजनों से नाराज होकर नौकरी की तलाश में मुम्बई चली गयी थी। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को उसके परिजनों के सकुशल सुपुर्द किया गया।

# उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी गठित

■ कैलाश रावत बने अध्यक्ष व अंकित कुमार महामंत्री पद पर विजयी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड सूचना कर्मचारी संघ (मुख्यालय) की नई कार्यकारिणी के वर्ष 2025-26 का गठन हो गया है। नई कार्यकारिणी के चुनाव में अध्यक्ष पद पर कैलाश रावत एवं महामंत्री पद पर अंकित कुमार विजयी रहे हैं। इसके लिए शनिवार को चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सूचना विभाग के उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा चुनाव अधिकारी के रूप में संघ के चुनाव संपन्न कराये गये। सहायक चुनाव अधिकारी विजय कुमार, रामसिंह परजोली की देखरेख में संघ के चुनाव संपन्न हुए।

### ये रही नई कार्यकारिणी

चुनाव नतीजों को घोषित करते हुए चुनाव अधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अध्यक्ष पद पर कैलाश रावत (52 मत), उपाध्यक्ष पद पर संयुक्त रूप से प्रशांत रावत एवं संजय कुमार (34-34 मत), महामंत्री पद पर अंकित कुमार (51 मत), संयुक्त मंत्री पद पर पारुल, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार धीवान, संगठन मंत्री पद पर सत्येंद्र बिजल्वाण (45 मत), संयोजक व ऑडिटर पद पर अरुण कुमार, प्रचार मंत्री पद पर बहादुर सिंह कन्याल विजयी घोषित किए गए हैं। इनके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बालम सिंह नगरकोटी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। जीत से पिछड़ने वालों में अध्यक्ष पद पर मनोज शुक्ला को 17 मत, महामंत्री पद पर चेतन पांडेय को 18 मत, संगठन मंत्री पद पर नरेंद्र सिंह सजवाण को 24 मत प्राप्त हुए।

**विभाग के पुनर्गठन की मांग**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष कैलाश रावत ने कहा कि नई कार्यकारिणी द्वारा सभी साथियों का धन्यवाद करते हुए, एक स्वर में संकल्प लिया गया कि विभाग के पुनर्गठन सहित विभागीय कार्मिकों से संबंधित मुद्दों पर कार्यवाही किये जाने हेतु उच्च स्तर पर वार्ता की जायेगी। जल्द ही एक मांग पत्र तैयार कर उच्चाधिकारियों को दिया जायेगा। नव निर्वाचित महामंत्री अंकित कुमार ने कहा कि विभागीय हित में ठोस कार्ययोजना तैयार कर इस बात पर जोर दिया जायेगा कि जनपदीय कार्यालयों में ढांचा बढ़ाया जाय।

# भाजपा पंचायत चुनाव के लिए तैयार: चौहान



■ निकायों की भाँति मिलेगी बड़ी जीत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने कहा कि प्रदेश मे पंचायत चुनावों को लेकर संगठन पूरी तरह तैयार है। पंचायत चुनाव मे निकायों की भांति भाजपा बड़ी जीत हासिल करेगी।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने पार्टी मुख्यालय में पंचायत तैयारियों को लेकर पूछे सवाल पर कहा कि इस बार हम सभी जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अधिकांश क्षेत्र प्रमुख सीटों पर जीत दर्ज करने वाले हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा संगठन राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों की तीसरी सरकार बनाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। पार्टी और उसके देवतुल्य कार्यकर्ता वर्ष में 365 दिन जनता के बीच सक्रिय रहते हैं। पीएम मोदी और सीएम धामी के नेतृत्व में हमारी केंद्र एवं राज्य की डबल इंजन सरकार बेहद शानदार कार्य कर रही है। इसी तरह हाल में हुए निकाय चुनावों में प्रचंड जीत के बाद शहरी क्षेत्रों में एक और इंजन इसमें लग गया है।

अब मौका है ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में तीसरा इंजन पंचायत चुनाव में जीत दर्ज कर लगाने वाली है। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियां और संगठन की सक्रियता पंचायत चुनाव में प्रचंड जीत का भरोसा देती है। चुनाव की तिथि जब भी घोषित होंगी भाजपा का परचम लहराना तय है।

उन्होंने दावा किया कि इस बार प्रदेश की सभी जिला पंचायत अध्यक्ष और अधिकांश क्षेत्र पंचायत सीटों पर पार्टी उम्मीदवार, जनता के आशीर्वाद से रिकॉर्ड जीत दर्ज करेंगे। चौहान ने कहा कि पंचायतों को सशक्त बनाने की दिशा में भाजपा लगातार कार्य कर रही है। पंचायतों मे धामी सरकार मे हुए विकास कार्यों से जनता उत्साहित हैं।

# राज्य में 'जियोथर्मल ऊर्जा नीति' शीघ्र होगी लागू : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नीति आयोग की शासी परिषद की बैठक में दिल्ली में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि राज्य में पर्यटकों को साहसिक पर्यटन, इको टूरिज्म और हाई-एंड टूरिज्म के माध्यम से आकर्षित करने के लिए वृहद नीति बनाकर जमीनी स्तर पर कार्य शुरू किये गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में "जियोथर्मल ऊर्जा नीति" शीघ्र लागू किया जायेगा।



उत्तराखंड में नवाचार एवं प्रौद्योगिकी पर आधारित "सतत एवं समावेशी विकास" पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में जीडीपी की तर्ज पर जीईपी अर्थात "ग्रोस एनवायरमेंट प्रोडक्ट इंडेक्स" जारी करने की शुरुआत की है, इसके आकलन द्वारा अर्थव्यवस्था और पर्यावरण के मध्य बेहतर सामंजस्य स्थापित हो सकेगा।राज्य में "मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना" प्रारंभ की गई है। इस योजना के लाभार्थी प्रतिमाह एक लाख रूपए से अधिक की आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

### हरीश रावत ने स्व. ओझा को दी श्रद्धांजलि

**पिथौरागढ़ (शाह टाइम्स संवाददाता)।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शनिवार को पिथौरागढ़ के दौरे पर रहे। हरीश रावत ने स्व. कैलाश चंद्र ओझा को भी श्रद्धांजलि दी। हरीश रावत ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिथौरागढ़ में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक स्व. चारु चंद्र ओझा के आवास पर उनके भाई स्व. कैलाश चंद्र ओझा की कुछ समय पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था, उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये एवं उनके परिजनों से भेंट कर उनकी कुशल-क्षेम पूछी और स्व. चारु चंद जी की बहू को सम्मानित किया तथा उन्हें अपनी पुस्तक मेरा जीवन लक्ष्य उत्तराखंडियत भेंट की।

# एसजीआरआरयू में संस्कृत भाषा में भी लिखी जाएंगी नाम पट्टिकाएं

■ श्रीमहंत इन्दिरेश अस्पताल में बनेगा मंत्र चिकित्सा केन्द्र ■ संस्कृत के विद्धवतजन संस्कृत के मंत्रों से असाध्य रोगियों को प्रदान करेंगे हीलिंग टच




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** संस्कृत प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के विभागों की नाम पट्टिकाएं संस्कृत भाषा में भी लिखी जाएंगी। नाम पट्टिकाओं पर विभाग का नाम सबसे ऊपर संस्कृत भाषा में, फिर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेजी में लिखा जाएगा।

श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने संस्कृत भाषा को प्रचारित प्रसारित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस कार्य में उत्तराखण्ड संस्कृत शिक्षा विभाग श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय को सहयोग करेगा। श्री गुरु राम राय दरबार साहिब का नाम श्रीगुरुरामराय-दरबारसाहिब:, झण्डासाहिब: देहरादूनम् लिखा जाएगा श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल का नाम श्रीमहन्तइन्दिरेश-चिकित्सालय:,चिकित्सा एवं अनुसंधानकेन्द्रम्, देहरादूनम लिखा जाएगा।

शनिवार को दीपक कुमार गैरोला- सचिव, संस्कृत शिक्षा, जनगणना एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन, उत्तराखंड शासन ने श्री दरबार साहिब में माथा टेका। उन्होंने श्री दरबार साहिब के सज्जादे गद्दी नशीन एवम् श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के प्रेसीडेंट श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज के साथ मुलाकात की व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों के मध्य कई महत्पूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। साथ ही साथ उन्हें उत्तराखंड सरकार के कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा प्रकाशित मेरी योजना पुस्तकें भेंट कर सरकार की योजनाओं को श्री दरबार साहिब एवं श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के माध्यम से भी प्रचारित- प्रसारित करने का अनुरोध किया।महाराज ने श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त स्कूलों द्वारा कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रकाशित मेरी योजना पुस्तकों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के प्रचार- प्रसार में भी सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# किसान शीतोष्ण फलों की खेती कर कमाएं अच्छी आय: वीसी

## उद्यानिकी विभाग की एक दिवसीय किसान कार्यशाला का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के उद्यानिकी विभाग, धाद संस्था देहरादून एवं उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को शीतोष्ण गुठलीदार फलों का व्यावसायिक उत्पादन चुनौतियों एवं अवसर विषय पर एक दिवसीय कृषक कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण और जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पूर्व डीएसडब्ल्यू डा. एमसी नौटियाल ने सुंयक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौक पर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने कहा कि शीतोष्ण फलों की खेती उत्तराखंड की आर्थिकी का एक सशक्त माध्यम है। कहा कि किसान शीतोष्ण फलों की खेती कर अपना रोजगार सृजन कर अच्छी आय कमा सकते है। प्रो. रौथाणा ने कहा कि वर्तमान समय में हमारे लिए जलवायु परिवर्तन एक बहुत बड़ी चुनौति है। कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और चरम मौसम की घटनाओं के कारण उत्तराखंड में पारम्परिक सेब, आड़ू जैसे शीतोष्ण फलों की किस्मों की पैदावार कम हो रही है, जो कि एक बहुम बड़ी चुनौति है। कहा कि यदि शीतोष्ण फलों की खेती, सही तकनीकों और वैज्ञानिक मार्गदर्शन से की जाए तो यह किसानों के जीवन में



सकारात्मक बदलाव ला सकती है। कार्यशाला में अति विशिष्ट अतिथि डॉ. एमसी. नौटियाल ने बदलते जलवायु परिदृश्य में शीतोष्ण फल उत्पादन की चुनौतियों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को जलवायु अनुकूल किस्मों के चयन, उच्च घनत्व रोपण और उन्नत बागवानी तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि धाद संस्था के अध्यक्ष लोकेश नवानी ने संस्था के ओर से किए जा रहें कार्यो को किसानों के सम्मुख रखा। प्रगतिशील कृषक कुंदन सिंह पंवार ने सरकार ने केवल सेब की पैकेजिंग पर विशेष ध्यान दिए जा रहा है। जबकि उत्तराखंड के अन्य पारम्परिक फलों की पैकेजिंग और बाजारीकरण पर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होने । प्रो. अजीत सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड में किसान पारम्परिक फलों की खेत कर अच्छी आय सृजित कर सकते है, लेकिन किसानों को वैज्ञानिक तरीके से इसकी पारम्परिक खेती करने की आश्वयकता है। उन्होने गढवाल विवि के वैज्ञानिकों और संस्थाओं को उत्तराखंड में उगने वाले पारम्परिक फलों पर भी विशेष ध्यान देकर किसानों को इसके कृषिकरण पर जोर देने को कहा। कार्यक्रम का संचालन उद्योनिकी विभाग के डा. तेजपाल सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर गढ़वाल विवि के डीएसडब्ल्यू प्रो. ओपीएस गुसांई, हैप्रेक संस्थान के निदेशक डा. विजयकांत पुरोहित, डा. बबिता पाटनी, डा. विजयलक्ष्मी रतूड़ी, डा. सुदीप सेमवाल, डा. प्रदीप डोभाल, डा. जयदेव चौहान सहित आदि मौजूद थे।

# महाराज ने मृतक के शव के साथ अमानवीय हरकत का लिया संज्ञान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सतपुली।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में वाहन दुर्घटना में मृतक, कुंड निवासी संदीप के शव को अस्पताल प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा में बांध कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की अमानवीय घटना का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बात कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए कहा है।

■ स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से दोषियों को दण्डित करने को कहा



प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल विधायक सतपाल महाराज के विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल स्थित विकासखण्ड बीरोंखाल के सुखई में बुधवार को वाहन दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। जिसमें एक महिला बिलेश्व. री देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि कुंड निवासी संदीप की रामनगर में इलाज के दौरान मृत्यु के बाद उसके शव को अस्पताल प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा में बांध कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की अमानवीय घटना सामने आने के पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए महाराज ने दूरभाष पर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत और नैनीताल के सीएमओ डॉ हरीश पंत से बात कर दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही के लिए कहा। घटनाक्रम के बाद फिलहाल स्वास्थ्य विभाग के द्वारा सीएमएस के जवाब तलब किए गये हैं।

# धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एमडी को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** धरासू पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड ब्रह्मखाल चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी के डायरेक्टर गिरफ्तार किया है।

बता दें कि अक्टूबर 2024 में थाना धरासू पर ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड ब्रह्मखाल चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी के डायरेक्टर, एमडी व संचालकों पर 25 लाख रु0 से अधिक धोखाधड़ी करने पर 420 भादवि के अंतर्गत धोखाधड़ी का मामला पंजीकृत किया गया था, जिसमें रणवीर चन्द रमोला आदि 6 लोग नामजद हैं।

पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल ने धोखाधड़ी के मामले की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधिकारियों को मामले में निष्पक्ष कार्यवाही के निर्देश दिये थे। प्रभारी निरीक्षक धरासू दिनेश कुमार



के नेतृत्व मे धरासू पुलिस की टीम द्वारा उक्त मामले में गहन छानबीन की गयी तो पाया गया कि ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड कम्पनी जीनियस टैक्नोलॉजी के साफ्टवेयर पर काम करती थी, पुलिस द्वारा जीनियस टैक्नोलॉजी से कम्पनी का डाटा लेकर एनालिसिस करने, बैंक खाता डिटेल, बयान व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले में धारा 3/21 (1)(2)(3) ठन्कै ।बज 2019 की बढोतरी करते हुये कल दिनांक 23.05.2025 को एक अभियुक्त रणवीर चन्द रमोला को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त रणवीर चन्द रमोला कम्पनी में एमडी का कार्य करता था, जिसके द्वारा बताया गया कि वर्ष 2022 में ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड कम्पनी खोली गयी थी, जिसमे वह लोगों से अच्छे रिटर्न के लिए निवेश करवाते थे, ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड के सभी संचालक/कार्यकर्ता पहले दिव्यांश ग्रुप से जुडे हुये थे, दिव्यांश ग्रुप में फ्रॉड होने पर उनके द्वारा अपनी कम्पनी ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड खोली गयी थी, रणवीर चन्द ने मौखिक रुप से बताया कि ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड कम्पनी मं लोगों से पैसे निवेश करवाकर उनके द्वारा अपनी पूर्व कम्पनी (दिव्यांश ग्रुप) के कस्टमर/खाताधारकों को पैंसे रिटर्न किये गये थे, जिस कारण से ब्रह्मदेव निधि लिमिटेड कम्पनी के निवेशकों के पैंसे डूब गये। मामले में अग्रिम विधिक/विवेचनात्मक कार्यवाही जारी है।

पुलिस टीम-में 1-उ0नि0 बृजपाल, चौकी प्रभारी गेंवला,2-हे0का0 प्रदीप रौथांण,3-हे0का0 गजेन्द्रपाल सिंह चौहान, जितेंद्र नौटियाल, नवप्री. ति, रमेश बिष्ट, अंशुमाला पोखरियाल, अरविंद भट्ट, नीरज कुमार तथा राजेश लाल आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलबीर रावत ने ष्करें योग, रहें निरोगष की महत्ता बताते हुए, सभी का आभार व्यक्त किया।

# स्कूटी 100 मीटर गहरी खाई में गिरी, युवक गंभीर रूप से घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के थाना छाम क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-34 पर नगुण गाड के पास एक स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क से फिसल गई, जिससे स्कूटी सवार युवक लगभग 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। युवक की पहचान 22 वर्षीय सौरभ पुत्र दिगंबर, निवासी ग्राम कांसी, थाना चिन्यालीसौड़, जनपद उत्तरकाशी के रूप में हुई है। सौरभ स्कूटी से चिन्यालीसौड़ से अपने गांव कांसी लौट रहा था।

घटना मठियाली पुलिस चौकी से कुछ पहले की है, जहां स्कूटी अचानक फिसल गई और सौरभ खाई में जा गिरा। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मठियाली चौकी में तैनात पुलिसकर्मी और होमगार्ड जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तुरंत रेस्क्यू अभियान चलाया। सूचना पर थानाध्यक्ष छाम सुखपाल मान भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं खाई में उतरकर रेस्क्यू में भाग लिया।खाई में गिरे घायल युवक को नगुण गाड से पैदल चलकर, नगुण गदेरे को पार करते हुए मुख्य सड़क तक लाया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा अपने वाहन से सौरभ को सीएचसी चिन्यालीसौड़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।एसओ सुखपाल मान ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर है और उसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। पुलिस की तत्काल कार्रवाई और साहसिक प्रयासों से युवक की जान बच सकी। घटना के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा और सड़क की स्थिति को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त की जा रही है।

## एक नजर .......

### योग शिविर में सीखे निरोग के गुर

**उत्तरकाशी:** जिले के विभिन्न स्कूलों कॉलेजों में इन दिनों योग से निरोग के गुर सीख रहे हैं। 21 जून, को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में शहीद हमीर सिंह पोखरियाल राजकीय इंटर कॉलेज श्रीकालखाल, डुण्डा-उत्तरकाशी में योग दिवस मनाया गया। मुख्य शिक्षा अधिकारी के आदेश के क्रम मे 1 मई से 21जून, 2025 के मध्य किसी भी एक कार्य दिवस मनाया जाना सुनिश्चित था। इस शिविर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रायमेर बड़ेथ से योग अनुदेशिका श्रीमती सरिता बिष्ट तथा योग अनुदेशक श्योगीश विक्रम सिंह विष्ट का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा विद्यालय में योगाभ्यास करवाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ष्- चढ़कर प्रतिभाग किया। योगाभ्यास के साथ योग विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें अमित भट्ट कक्ष-12 प्रथम,**प्रताप राज कक्षा-११ द्वितीय, राजन कक्षा-६ तृतीय आने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।** उक्त आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह रावत, सुमेरा प्रजापति, कुलदीप सिंह पंवार, तीरथराज, सुकरदेई रावत, रविंद्र सिंह, इंद्रमणि चमोली, गोपीचंद भंडार

### तीन दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

**कोटद्वार ।** बलूनी पब्लिक स्कूल की प्राइमरी विंग के तीन दिवसीय समर कैंप का शनिवार को समापन हो गया है। कैंप में प्राइमरी विंग के छात्रों ने विभिन्न इनडोर गतिविधियों में प्रतिभाग किया। समर कैंप का शुभारंभ बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन के प्रबंध निदेशक विपिन बलूनी ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं कोटद्वार शाखा की निदेशक अभिलाषा भारद्वाज ने सभी बच्चों को गर्मियों की छुट्टियों की शुभकामनाएं दीं। समर कैंप में छात्रों ने कैरम, शतरंज, लूडो, टेबल टेनिस, स्नूकर, पेंटिंग, तबला वादन, कॉन्गो वादन, कैसियो वादन आदि इनडोर सहित क्रिकेट, फुटबॉल, तीरंदाजी, वॉलीबॉल और हैंडबॉल आदि आउटडोर खेलों में भाग लिया।

### जीआरआरसी ने आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का कियो आयोजन

**लैंसडौन ।** आर्मी पब्लिक स्कूल, लैंसडौन में आपदा प्रबंधन के अंतर्गत एक मॉक ड्रिल का आयोजन विद्यालय सभागार, प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट कर्नल विजय तोमर जीआरआरसी द्वारा स्लाइड शो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु तैयार करना था। मॉक ड्रिल में कक्षा छठी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान अग्नि, बाढ़ तथा भूकंप जैसी आपदाओं की स्थिति को दर्शाया गया और सभी प्रतिभागियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकलने की प्रक्रिया का प्रयोगात्मक अभ्यास कराया गया साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बखूबी जवाब दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल से बच्चों में सजगता और आत्मविश्वास बढ़ता है, जिससे वे किसी भी आपदा की स्थिति में घबराए बिना उचित कदम उठा सकते हैं। उन्होंने विद्यालय के चौयरमेन, ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी,वीएसएम , जीआरआरसी का इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन हेतु आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों आयोजन करने के लिए निवेदन किया, ताकि विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ की आपदा प्रबंधन क्षमता में निरंतर वृद्धि हो सके।

### पुलिस अभिरक्षा से फरार आरोपी जंगल से गिरफ्तार

**कांबिंग आपरेशन के दौरान पुलिस ने की कार्यवाही**

**श्रीनगर।** चोरी के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी गुरुवार शाम पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया, जिसे कीर्तिनगर पुलिस ने शुक्रवार सुबह कांबिंग आपरेशन के दौरान जंगल से फिर से गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कीर्तिनगर कोतवाली में चोरी के मामले में गिरफ्तार नितेश पुत्र नेत्रपाल को 22 मई को न्यायिक मजिस्ट्रेट कीर्तिनगर की अदालत में पेश किया गया था। पेशी के बाद जब उसे जिला कारागार टिहरी ले जाया जा रहा था, तभी शाम करीब पांच बजे कांडिखाल-अमौली मार्ग पर उसने लघुशंका का बहाना बनाया और पुलिस को धक्का देकर झाड़ियों में कूद गया। आरोपी के फरार होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी टिहरी ने तत्काल सर्च आपरेशन चलाने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने इलाके में रातभर तलाशी अभियान चलाया। जिसके बाद शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे पुलिस को सफलता मिली और फरार आरोपी को कांडिखाल गांव से सटे जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा ने बताया के इस संबंध में आरोपी के खिलाफ पुलिस अभिरक्षा से फरार होने का एक अलग मामला भी दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को फिर से हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज बारिश और आंधी तूफान ने मचाया कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जिले में मूसलाधार बारिश के साथ तेज आंधी तूफान के चलते भारी नुकसान हुआ है। जहां तेज बारिश के कारण गदेरे उफान पर आ गए, वहीं कई भवनों और गौशालाओं की छत उड़ गई। इसके अलावा जगह-जगह आंधी तूफान के चलते कई पेड़ों को भी क्षति पहुंची है। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

बीती शुक्रवार देर रात जनपद के कई इलाकों में तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान चलने से भारी क्षति हुई है। अगस्त्यमुनि के विजयनगर में गदेरा उफान पर आ गया, जिससे गदेरे के किनारे खड़ी करीब एक दर्जन से ज्यादा स्कूटी और बाइक भी मलबे की चपेट में आ गए। इसके अलावा तेज बारिश और आंधी तूफान से भरदार पट्टी के दरमोला गांव में भी गौशाला और भवनों की छत उड़ गई। ग्रामीणों के सामने अब मवेशियों को रखने की समस्या खड़ी हो गई है।अगस्त्यमुनि नगर पंचायत के विजयनगर इलाके में बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के चलते स्थानीय गदेरा उफान पर आ गया और किनारे पार्क की गई कई दोपहिया वाहन इसकी चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कई लोग अपनी स्कूटी और बाइक गदेरे के किनारे पार्क कर चले गए थे, लेकिन रात करीब दो बजे अचानक बारिश तेज हो गई और देखते ही देखते गदेरे के पानी ने वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया और कई स्कूटी व बाइक बहकर नदी तक चली गई।

# आलोक अध्यक्ष व शंकर ने मंत्री पद पर की जीत हासिल

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी के दो दिवसीय अधिवेशन के अंतिम दिन कार्यकारिणी का चुनाव किया गया, जिसमें आलौक रौथाण को अध्यक्ष और शंकर भट्ट को मंत्री चुना गया। जनपद से बड़ी संख्या में आए शिक्षकों ने चुनाव में प्रतिभाग किया। इस मौके पर अधिवेशन के पहले दिन विभिन्न शैक्षिक और प्रशास. निक मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें शिक्षकों ने अपनी समस्याएं, स्थानांतरण नीति, पदोन्नति, संसाधनों की कमी और शिक्षा की गुणवत्ता पर विचार साझा किए। कई वक्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए जरूरी कदमों पर भी चर्चा की।

# जाखणीधार के मंदार गांव में बंदरों का आतंक, महिला पर हमला कर किया घायल

शााह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद के जाखणीधार ब्लॉक स्थित ग्राम मंदार में बंदरों का आतंक ग्रामीणों के लिए सिरदर्द बनता जा रहा है। शुक्रवार को बंदर ने घर में पशुओं को चारा डाल रही एक महिला पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे गांव में भय और नाराजगी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस घटना के बाद वन विभाग से तुरंत पिंजरा लगाने की मांग की है।

घटना उस समय हुई जब अब्बल देई देवी पत्नी स्व. बर्फ सिंह, अपने चांठी नामे तोक स्थित घर में पशुओं को चारा दे रही थीं। इसी दौरान एक बंदर ने अचानक उन पर हमला कर दिया और सिर व गर्दन पर कई गहरे



घाव कर दिए। महिला ने किसी तरह बंदर से बचकर जान बचाई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल अब्बल देई को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमंडीधार पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें छुट्टी दे दी। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य विजयपाल रावत ने बताया कि मंदार गांव में लंबे समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। आए दिन बंदर महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने शासन और वन विभाग से गांव में तत्काल पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो बंदरों की बढ़ती हिंसा से किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता।

# केदारनाथ पैदल पड़ाव के जंगलों में फंसे तीन यात्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में आ रहे कुछ श्रद्धालु शॉर्टकट रास्ता अपनाकर अपनी जान को खतरे में डाल रहे हैं। ऐसे में पुलिस, एसडीआरएफ डीडीआरएफ व यात्रा मैनेजमेंट की टीम तीर्थ यात्रियों की मदद को लेकर तत्परता से कार्य कर रही है।

इन दिनों केदारनाथ धाम की यात्रा में हर दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इनमें कुछ यात्री शार्टकट रास्ते के कारण अपनी जान को खतरे में डाल रहे हैं। शनिवार को एसडीआरएफ पोस्ट लिनचोली पर नियुक्त उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि केदारनाथ जाने वाले पैदल मार्ग पर एक महिला बड़ी लिनचोली के पास फंसी हुई है। सूचना प्राप्त होते ही टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर जाने पर पता चला कि महिला यात्री वीरा उम्र



53 वर्ष निवासी बांद्रा, मुम्बई से केदारनाथ धाम की यात्रा पर आई थी और लिनचोली से आगे घोड़ों की आवाजाही और धक्कों के भय से उन्होंने शॉर्टकट मार्ग अपनाया, जिस कारण वह जंगल में फंस गई और अत्यधिक थकावट के कारण चलने में असमर्थ हो गईं। एसडीआरएफ टीम ने जंगल क्षेत्र में सर्चिंग कर महिला को तलाशा और आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए सकुशल मुख्य पैदल मार्ग तक पहुंचाया। महिला यात्री ने रेस्क्यू टीम का आभार व्यक्त किया।

वहीं बीती रात पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति रामबाड़ा से ऊपर खाई में फंसे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी भीमबली यशपाल सिंह रावत मय हमराही कार्मिक, डीडीआरएफ व यात्रा मैनेजमेंट फोर्स के साथ पुराना रामबाड़ा क्षेत्रान्तर्गत पहुंचे और खाई में फंसे यात्रियों से सम्पर्क स्थापित करते हुए उनके सामने नदी किनारे पहुंचे। यात्रियों एवं रेस्क्यू टीम के बीच में मन्दाकिनी नदी का जल स्तर व बहाव काफी तीव्र था। काफी देर की मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम द्वारा दोनों यात्रियों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर निकाला गया। दोनों यात्रियों से पूछताछ करने पर पता चला कि यात्रियों ने नीचे जल्दी पहुंचने के लिए शॉर्टकट रास्ता अपना लिया था। जब गहरी खाई में फंस गए तो सहायता को लेकर आपदा कंट्रोल रूम में कॉल की। यात्री योगराज पुत्र धर्मपाल निवासी राजीव कालोनी सदर बाजार करनाल उम्र 27 वर्ष व शिवम पुत्र संजय निवासी राजीव कालोनी सदर बाजार करनाल हरियाणा, उम्र 28 वर्ष ने जवानों का आभार जताया।

इधर, थारू कैम्प के पास महिला यात्री श्रीलता उम्र 35 वर्ष निवासी आन्ध्रप्रद. ेश घोडेष से धक्का लगने से चोटिल हो गई। रेस्क्यू टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर उक्त महिला को प्राथमिक उपचार दिया और स्ट्रेचर के माध्यम से बडी लिनचोली हास्पिटल में पहुंचाकर इलाज करवाया।

# यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में जुटी पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** जनपद में यात्री वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण पुलिस स्तर से बेहतर यातायात व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। जवाड़ी बाईपास से बाहर से आने वाले वाहनों में बद्रीनाथ धाम की तरफ जाने वाले वाहनों को मुख्य बाजार एवं केदारनाथ जाने वाले वाहनों को सीधे बाईपास से आगे भेजा रहा है। वह,ीं गौरीकुण्ड में पुलिस ने नो पार्किंग क्षेत्र में अव्यवस्थित तरीके से खड़े दोपहिया वाहनों को वहां से हटाया। पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे ने चारधाम यात्रा में सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए थे।

सुगम यातायात व्यवस्था को देखते हुए चौकी जवाड़ी में पुलिस बल तैनात है, जो यातायात के बेहतर प्रबंधन में जुटा है। विगत कुछ दिनों से वाहनों का दबाव बढ़ने से यातायात व्यवस्थाएं बनाने में काफी दिक्कतें आ रही है। शहर में जाम की स्थिति पैदा न हो, इसके लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैदी से कार्य कर रही है। जनपद की पुलिस चौकी जवाड़ी बाईपास में बाहर से आने वाले वाहनों में से बद्रीनाथ धाम की तरफ जा रहे वाहनों को मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग होते हुए भेजे जा रहे है, जबकि केदारनाथ जाने वाले वाहनों को जवाड़ी बाईपास से भेजा जा रहा है। वनवे सिस्टम से वाहनों को भेजा रहा है। वहीं यातायात एवं चौकी गौरीकुंड पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर कस्बा गौरीकुंड में नो पार्किंग क्षेत्र में अव्यवस्थित तरीके से खड़े दोपहिया वाहनों को चिन्हीकरण कर पिकअप के माध्यम से कोतवाली सोनप्रयाग परिसर भेजा गया।

# थत्यूड़ में योग शिविर का आयोजन, छात्रों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

शह टाइम्स संवाददाता

**थत्यूड़** (टिहरी गढ़वाल), 24 मई: 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के क्रम में जौनपुर ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ में आयुर्वेदिक विभाग की ओर से भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक अनीश लेखवार और शालिनी गुसाईं ने प्रतिभागियों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया और योग के शारीरिक व मान. सिक लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षकों ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है। योग और अध्यात्म के माध्यम से व्यक्ति संपूर्ण रूप से निरा. ेगी जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है।इस अवसर पर ब्लॉक प्रशासक



सीता रावत ने कहा कि योग को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने योग को वैश्विक मंच पर स्थापित कर भारत की सांस्कृतिक विरासत को गौरव दिलाया है। विभाग इस वर्ष 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में विशेष योजना बना रहा है। शिविर में 120 से अधिक छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और ताड़ासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति सहित कई योग मुद्राओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम में अपर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. वंदना डंगवाल, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. आरती संवाई, रंजना पुरसोड़ा और नीरज गौड़ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ेधावी छात्रों को वितरित की छात्रवृत्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के राजकीय इंटर कॉलेज त्यूणा बगड़वालधार में स्व. प्रवीन कृथ्वान स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के हाईस्कूल एवं इंटर के टॉपर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित की गई। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में हाईस्कूल की मेरिट सूची में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रही सरस्वती विद्या मंदिर टिहरी की छात्रा कनकलता को भी 2100 रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया।

राइंका त्यूणा बगड़वालधार में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर सिंह ने कहा कि स्व. प्रवीन कृथ्वान उनके विद्यालय के नजदीकी त्यालनी गांव का होनहार युवक था। कहा 2019 में एक कार दुर्घटना में आकस्मिक मौत होने से क्षेत्र ने इस प्रतिभावान युवक को खो दिया। कहा उनकी स्मृति में उनके पिता हर्षमणी कृथ्वान और माता उमलेश्वरी देवी सहित उनके अन्य परिजनों की ओर से विद्यालय में हर वर्ष मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई है। उनका यह कार्य सराहनीय है। मौके पर कीर्तिनगर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजयंत सिंह निजवाला, हिंडोलाखाल के पूर्व प्रमुख मगन सिंह बिष्ट, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणवीर सिंह बिष्ट, कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, भाजपा के विनोद बिष्ट, विजय पंवार, मंगत मठियाल, राजकीय शिक्षक संघ के देवप्रयाग ब्लॉक अध्यक्ष धनवीर चंद रमोला, पीटीए अध्यक्ष जगदीश पंवार आदि ने मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरण की सराहना की।

# चारधाम मार्ग पर परिवहन विभाग की सख्ती, 20 वाहनों के चालान, एक सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा मार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान लगातार जारी है। एआरटीओ (प्रवर्तन) सतेंद्र राज ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को विभागीय टीम द्वारा मुनिकेरेती और तपोवन क्षेत्र में अभियान चलाया गया, जिसमें बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन संचालन और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 20 वाहनों के चालान किए गए, जबकि एक यात्री वाहन को मौके पर सीज कर दिया गया।

अभियान के दौरान भद्रकाली चेकपोस्ट पर एल्कोमीटर से जांच के दौरान एक वाहन चालक के शराब

■ एआरटीओ सतेंद्र राज बोले-दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर लगातार चलाया जा रहा अभियान एल्कोमीटर जांच में शराब पीकर वाहन चला रहा चालक पकड़ा,बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहन संचालन और नियमों के उल्लंघन पर वाहन सीज

पीकर वाहन चलाने की पुष्टि हुई। यह वाहन दिल्ली से नरेंद्रनगर की ओर जा रहा था। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त वाहन को जप्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। एआरटीओ सतेंद्र राज ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते ट्रैफिक और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभाग की टीम लगातार सतर्कता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बिना किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन स्वामियों और चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन के दस्तावेज अद्यतन रखें और किसी भी हाल में शराब पीकर वाहन न चलाएं, ताकि यात्रा मार्ग सुरक्षित और दुर्घटनामुक्त रह सके।

# द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल पर प्रशासन ने लगाया लाखों का फाइन



■ शिक्षा माफियाओं के हौसलें पस्त, कई नामी गिरामी स्कूल आए बैकफुट पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में शिक्षा माफियाओं पर निरंतर कार्यवाही की जा रही है। अभिभावकों से फीस के नाम पर वसूली की शिकायतों पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के कई नामी-गिरामी स्कूलों पर कार्यवाही से जहां शिक्षा माफियाओं के हौसले पस्त हुए हैं। वही बड़े-बड़े स्कूलों का फीस बढोतरी का खेल भी सामने आया है। फीस बढोतरी पर जिला प्रशासन की जीरो टालरेंस की नीति अपनाए हुए है।

जिले में पहली बार शिक्षा माफियाओं के हौसले मटियामेट हुए हैं। जब प्रशासन के हाथ शिक्षा माफियाओं के गिरेबान तक पंहुचे तब विद्यालयों का फीस स्ट्रक्चर सुधरने लगा। जिला प्रशासन ने जैसे ही सख्ताई दिखाई तो धीरे-2 स्कूल फीस बढोतरी का खेल भी खुलने लगा। द प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल, भनियावाला का मामला सामने आया है जहां 100 से अधिक अभिभावकों ने फीस बढ़ोतरी शिकायत की थी। जिले के भानियावाला में अवस्थित प्रसिडेंसी इन्टरनेशनल स्कूल का फीस बढोतरी पर 100 से अधिक अभिभावकों द्वारा डीएम को शिकायत की गई थी। डीएम के निर्देश पर सीडीओ पर बुलाये जाने के उपरान्त भी स्कूल प्रबन्धन उपस्थित नहीं हो रहे थे। अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि विद्यालय को प्री प्राईमरी से कक्षा 8 तक अंग्रेजी माध्यम से मार्च 2020 से मार्च 2025 तक की अवधि 5 वर्ष के लिए मान्यता प्रदान की गई थी, जबकि स्कूल प्रबन्धन द्वारा मान्यता नवीनीकरण के लिए अभी तक आवेदन नही किया गया है, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा द प्रसिडेंसी विद्यालय पर प्री-प्राईमरी से कक्षा-8 तक बिना मान्यता के विद्यालय का संचालन करने के फलस्वरूप शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 की धारा-18 की उपधारा-5 में उल्लेखित प्राविधानों के अन्तर्गत विद्यालय पर प्रतिदिवस 10 हजार रुपए की दर से 1 अप्रैल से 22 मई 2025 तक 52 दिवसों का कुल 5 लाख 20 हजार रूपये शास्ति आरोपित कर दी गई है। उक्त शास्ति की धनरा. शि विद्यालय प्रशासन को पत्र प्राप्त होने के तीन दिन के अन्तर्गत जमा करने के निर्देश दिए हैं।

## गल्ला दुकानों का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** उप जिलाधिकारी मो. निका ने शनिवार को सस्ता गल्ला की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण में एसडीएम ने दुकानों में लगे बायोमेट्रिक (ई-पॉश) मशीन के उपयोग की जानकारी ली। नगर में उन्होंने कुल 5 दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें तीन दुकानें बंद मिली। इस पर उन्होंने कड़ी आपत्ति जताई है। पूर्ति विभाग को ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन वितरण प्रणाली, वितरण में आ रही समस्याएं, मशीन का प्रयोग आदि को जांचा। हालांकि तीन दुकानें बंद मिलने पर उपजिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए संबंधित विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को समय पर और पारदर्शी तरीके से राशन उपलब्ध हो। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि जनता को राशन वितरण में कोई कठिनाई न हो।

# एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला में सड़क किनारे डल रहे कूड़े पर लोगों में रोष



■ वरिष्ठ समाजसेवी टीटू त्यागी ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से किया समस्या के समाधान का अनुरोध

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** वरिष्ठ समाजसेवी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव टीटू प्रवीण त्यागी ने कहा कि वार्ड 47 चंद्र रोड एमडीडीए कॉलोनी डालनवाला में सड़क किनारे डाले जा रहे कूड़े से वार्ड वासियों और विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे डल रहे इस कूड़े को लेकर वार्ड के लोगों में रोष है।उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से इस समस्या का जल्दी ही निराकरण करने का अनुरोध किया है।

वरिष्ठ समाजसेवी टीटू त्यागी ने कहा कि वार्ड में कहीं भी कूड़ा डालने की जगह नहीं है। 17 मई को भी नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को सुपरवाइजर सो. हनलाल के माध्यम से इस समस्या के बारे में वार्ड वासियों का हस्ताक्षर युक्त एक शिकायती पत्र सौंपा जा चुका है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर स्वास्थ्य अधिकारी के खुद मौका मुआयना करने के बाद भी आज तक कोई भी कूड़े की व्यवस्था नहीं हुई है। त्यागी ने कहा कि चंद्र रोड वाले पुल के पास नगर निगम की जमीन खाली पड़ी है ,इस जमीन पर कूड़ा दान बनाने में वार्ड 47 और वार्ड 28 के दोनों पार्षद भी सहमत हैं। वहां पर पर्याप्त भूमि भी है। एमडीडीए कॉलोनी में जिस जगह सड़क किनारे कूड़ा भारी मात्रा में डाला जा रहा है उसके सामने पब्लिक स्कूल है। गंदगी की वजह से स्कूली बच्चों में बीमारी फैलने का खतरा लगातार मंडरा रहा है। वही आने जाने वाले लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं इस कूड़े पर लगातार पशु विचरण करते हैं, जिससे यहां पर कूड़ा और ज्यादा फैल जाता है। उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी से

# कृषि मंत्री जोशी से की उत्तराखंड के जीआई टैग उत्पादों पर चर्चा

■ कृषि मंत्री जोशी से पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने की शिष्टाचार भेंट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से शनिवार को हाथीबड़कला स्थित कैंप कार्यालय में ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (GI TAG) के विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. रजनीकांत ने शिष्टाचार भेंट की।

भेंट के दौरान डॉ. रजनीकांत ने कृषि मंत्री जोशी को जानकारी दी कि अब तक वे देश के 24 राज्यों से 350 से अधिक उत्पादों के लिए जीआई टैग के लिए आवेदन कर चुके हैं, जिसमें से 157 जीआई ग्रांट हो चुके हैं। जिसमें उत्तराखंड के 25 ग्रांट हो चुके है। जबकि उत्तराखण्ड का बेडू, बद्री गाय का घी, भंगजीरा और तिमूर जैसे चार उत्पादों की हियरिंग इसी माह हो चुकी है और इनके अक्टूबर तक स्वीकृत होने की संभावना है।

डॉ. रजनीकांत ने बताया कि उत्तराखंड के कुल 27 उत्पादों को अब तक जीआई टैग प्राप्त हो चुका है, जो राज्य की पारंपरिक पहचान और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।कृषि मंत्री गणेश जोशी ने इस अवसर पर डॉ. रजनीकांत को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड के पारंपरिक और विशिष्ट उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान दिलाने के लिए संकल्पबद्ध है।

# मेयर व नगर आयुक्त ने परेड ग्राउंड में किया प्लास्टिक बैंक का उद्घाटन

■ कहा -प्लास्टिक मुक्त देहरादून के लिए अन्य स्थानों पर प्लास्टिक बैंक स्थापित किए जाएंगे

■ प्लास्टिक मुक्त देहरादून में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए शहर की जनता : नमामि बंसल




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** महापौर सौरभ थपलियाल व नगर आयुक्त नमामि बंसल ने शनिवार को परेड ग्राउंड में प्लास्टिक बैंक का उद्घाटन किया । समस्त प्लास्टिक वेस्ट एक बिन में डाला जाएगा तथा इसे रीसाइक्लिंग के लिए प्लांट में भेजा जाएगा । इससे परेड ग्राउंड परिसर को प्लास्टिक मुक्त करने में सहायता मिलेगी। भविष्य में अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तरह के प्लास्टिक बैंक स्थापित किए जाएंगे ताकि दून शहर को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाया जा सके ।

महापौर सौरभ थपलियाल ने महानगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि देहरादून को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए नगर निगम की इस मुहिम का हिस्सा बनें और इसमें अपना पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। यहां तक कि इसका असर पशुओं पर भी पड़ता है। महापौर ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचें। वहीं दूसरी ओर नगर आयुक्त नमामि बंसल ने कहा कि नगर निगम की ओर से लगातार लोगों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम आम जिंदगी में जितना कम प्लास्टिक का इस्तेमाल करेंगे, उतना ही हमारे स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इससे पर्यावरण को भी संरक्षित करने और बचाने में हम अपना सहयोग दे सकेंगे। नगर आयुक्त ने शहर की जनता से आह्वान किया कि प्लास्टिक मुक्त देहरादून में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं और इस अभियान में भागीदार बनें।

# प्रधानमंत्री के निर्देशों के क्रियान्वयन के सीएम ने मुख्य सचिव को निर्देश

नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन के लिए ठोस रणनीति बनाएं



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया कि शनिवार को आयोजित नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिन बिंदुओं पर राज्यों को मार्गदर्शन और निर्देश दिए गए हैं, उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर पर स्पष्ट और व्यवहारिक रणनीति तैयार की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'विकसित भारत /2047' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं और नीतियों को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करना होगा।

मुख्य सचिव को निर्देश दिए गए कि संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर एक समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए और उसकी सतत मॉनिटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए हर स्तर पर पारदर्शिता और उत्तरदायित्व तय किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में पूर्ण निष्ठा से सहभागी है।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**काशीपुर।** बाइक मैकेनिक चाचा को पंडित दिखा युवक की शादी का फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर पंजीकरण कराने के मामले में ठाकुरद्वारा के एक परिवार के पांच लोगों पर कोर्ट के आदेश पर मुक. दमा दर्ज हुआ। कुंडा थाना के ग्राम लालपुर निवासी सचिन कुमार ने अधिवक्ता संजीव कुमार आकाश के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। बताया 08 अप्रैल 2024 को वह अपने घर से बाजपुर रोड स्थित एक कॉलेज जा रहा था। मुरादाबाद रोड, आकांक्षा मार्बल के पास मोहल्ला फतेहउल्ला गंज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद निवासी प्रिंसी, उसके पिता राजेंद्र सिंह, अजय, अक्षय पुत्र राजेंद्र सिंह व वार्ड नं. एक ठाकुरद्वारा निवासी शशिबाला आए और दवाब बनाकर जबरन अपने साथ ठाकुरद्वारा ले गए। जहां प्रिंसी का उसके साथ फर्जी शादी का प्रमाण पत्र बनाकर विवाह पंजीकरण अधिकारी के यहां पंजीकरण करा लिया।

# उत्तरांचल प्रेस क्लब में नि:शुल्क होम्योपैथिक कैंप

■ 126 ने कराया परीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून में शनिवार को नि:शुल्क होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 126 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस शिविर का उद्देश्य पत्रकारों सहित आमजन को होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सहज और सुरक्षित इलाज उपलब्ध कराना रहा।

शिविर के मुख्य अतिथि स्वामी आनंद स्वरूप जी महाराज ने कार्यक्रम का समापन करते हुए कहा कि होम्योपैथी केवल एक चिकित्सा प्रणाली नहीं, बल्कि एक समग्र उपचार पद्धति है, जो शरीर के भीतर रोगों से लड़ने की स्वाभाविक शक्ति को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी एक सुरक्षित, सहज और प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है। इसकी विशेषता यह है कि यह व्यक्ति के शारीरिक ही नहीं, मानसिक और भावनात्मक पक्षों पर भी कार्य करती है। मुख्य अतिथि ने उत्तरांचल प्रेस क्लब के कॉर्पस फंड में सवा लाख रुपये देने की घोषणा की है। डॉ. शैलेन्द्र ममगाईं, चिकित्सा अधिकारी ने शिविर में उपस्थित लोगों को होम्योपैथिक पद्धति की उपयोगिता और प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में एसबीएल फार्मा की ओर से सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं। प्रेस क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह कंडारी ने सभी आगंतुकों और सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि प्रेस क्लब सामाजिक सरोकारों में भी आगे रहकर समाज को सेवा देता रहेगा। शिविर का संच. ालन उत्तरांचल प्रेस क्लब के महामंत्री सुरेंद्र सिंह डसीला ने किया। परामर्श चिकित्सकों में डॉ. हिमानी भंडारी, डॉ. काजल बिष्ट, फार्मासिस्ट ओम प्रकाश खत्री, वार्ड ब्वॉय सुशील शर्मा तथा एसबीएल फार्मा से दीपक रावत व राहुल कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रेस क्लब की कार्यकारिणी से स्वास्थ्य समिति संयोजक रमन कुमार जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुलोचना पयाल, कोषाध्यक्ष अनिल चन्दोला, संयुक्त मंत्री रश्मि खत्री, अभय सिंह कैन्तुरा, संप्रेक्षक शिवेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य शूरवीर सिंह भंडारी, संदीप बड़ोला, पंकज भट्ट, मनवर सिंह रावत, दीपक बड़थ्वाल, किशोर रावत, मीना नेगी सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के लिए शोध पद्धति पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

■ एसजीआरआर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला से पब्लिक स्कूलों के शिक्षकों को मिला शोध कौशल सीखने का अवसर



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** एसजीआरआर विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय ने एसजीआरआर पब्लिक स्कूलों के शिक्षकों एवं शोध छात्रों के लिए ऐक्शन रिसर्च और रिसर्च मेथाडोलॉजी विषय पर अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से 21 मई से 23 मई तक तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को अनुसंधान की मूलभूत समझ प्रदान करना और कक्षा में सुधार के लिए चिंतनशील एवं व्यवस्थित दृष्टिकोण विकसित करना रहा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यशाला का उद्घाटन विश्व. विद्यालय की कुलपति प्रो डॉ कुमुद सकलानी, कुलसचिव डॉ लोकेश गंभीर, कार्यक्रम की संयोजक प्रो. मालविका सती कांडपाल ,समन्वयक डॉ. रेखा ध्यानी ने दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यशाला में प्रमुख विषय विशेषज्ञ डॉ. विपिन चौहान और वर्तुल ढौंढियाल उपस्थित रहे।

एसजीआरआर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) कुमुद सकलानी ने अपने संदेश में कहा, "शिक्षक भावी पीढ़ी के निर्माता होते हैं। यदि उन्हें शोध की दृष्टि और कौशल से सशक्त किया जाए, तो शिक्षा की गुणवत्ता में व्यापक परिवर्तन संभव है। विश्वविद्यालय हमेशा ऐसे नवाचारों और उन्नयन प्रयासों को प्रोत्साहित करता है।"

रजिस्ट्रार डॉ. लोकेश गंभीर ने शिक्षा संकाय को इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के आयोजन हेतु बधाई दी और कहा कि यह प्रयास विश्वविद्यालय के नवाचार तथा गुणवत्ता शिक्षा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने शिक्षकों को सतत अधिगम और अनुसंधान आधारित शिक्षण अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में कुल 54 प्रतिभागियों ने भाग लिया साथ ही दिनभर चले विभिन्न अकादमिक सत्रों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रो. मालविका सती कांडपाल ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शिक्षा संकाय की निरंतर गुणवत्ता उन्नयन की भावना को दोहराया और विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास महाराज के आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त किया, जिनकी प्रेरणा से विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# भूपाल बने राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में शनिवार को राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव की सरगर्मी का माहौल रहा। सुबह से ही वोटिंग के लिए शिक्षकों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिली। इस दरमियान 1258 शिक्षकों ने मता. धिकार का प्रयोग किया। जिसमें भूपाल चिलवाल निर्विरोध अध्यक्ष और जिला मंत्री पद पर राजू महरा ने शानदार जीत दर्ज की। उदय शंकर नाट्य अकादमी फलसीमा में राजकीय शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यकारिणी सम्मेलन में शनिवार को मतदान और उसके बाद मतगणना की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। संघ की कार्यकारिणी के नौ पदों के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन कराया था।

जिसमें जिला मंत्री के लिए दो दावेदार मैदान में थे। इसमें राजू महरा ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर मदन भंडारी और महिला उपाध्यक्ष पद पर मीनाक्षी जोशी विजयी घोषित हुई। जबकि अध्यक्ष, संगठन मंत्री पुरूष, संगठन मंत्री महिला, आय व्यय निरीक्षक, संयुक्त मंत्री महिला और संयुक्त मंत्री पुरूष पर एक-एक नामांकन होने से इन पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बल भी तैनात रहा। सुबह शुरू हुई मतदान प्रक्रिया के दौरान पुलिस समेत होमगार्ड के जवान मुस्तैद रहे। अल्मोड़ा में शनिवार सुबह से राजकीय शिक्षक संघ के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई थी। दिन चढ़ते-चढ़ते मतदान के लिए वोटरों की कतारें लगनी लगी थी। शाम को मतदान खत्म होने तक 1258 शिक्षकों ने मताधिकार का प्रयोग किया। देर रात चुनाव परिणाम आते ही अल्मोड़ा उदय शंकर नाट्य अकादमी में ढोल नगाड़ों से गूंज उठा था। रात करीब साढ़े नौ बजे से मुख्य सड़क पर ढोल नगाड़े और आतिशबाजी शुरू हो गई थी।

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल प्रमाण पत्र में बिनीता सेमवाल (BINITA SEMWAL) अंकित है जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विनीता डिमरी (**VINEETA DIMRI**) अंकित है भविष्य में मुझे विनीता डिमरी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता :** विनीता डिमरी
(VINEETA DIMRI)
पत्नी श्री सुशील डिमरी
निवासी -अलकनन्दा एन्क्लेव,
लेन सी,पो0ओ0 नेहरूग्राम,
नत्थनपुर,देहरादून,उत्तराखण्ड

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 800/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 16.05.2025 द्वारा निविदा संख्या 03, 04, 05, 06 एवं 07/25-26, जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 22.05.2025 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 23.05.2025 है, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 29.05.2025 एवं खुलने की तिथि 30.05.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 821/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनांक : 23.05.2025 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**।। कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग ।।**

पत्रांक- 277 / निविदा सूचना दिनांक- 24 मई, 2025

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा कार्यालय पत्र सं0 242/निविदा दि0 16 मई, 2025 के द्वारा सोर्स सैग्रिगेशन के अन्तर्गत् डोर-टू-डोर कार्य को आउटसोर्स के माध्यम से दिये जाने हेतु निविदा सूचना आमंत्रित की गई थी, अपरिहार्य कारणों से उक्त दिनांक को आमंत्रित की गई निविदा को स्थगित किया जाता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग।

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
TATA
पंजी. कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई 400013. CIN No. U67190MH2008PLC187552

**डिमांड नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रत्यावर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रत्यावर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13(2) के अधीन

जैसाकि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएचएफएल) के अधोहस्ताक्षरी प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम के अधीन और नियमों के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत अधिकारो का प्रयोग करते हुए नीचे दिए गए विवरण अनुसार इसमें सूचीबद्ध कर्जदारों/सह कर्जदारों/गारंटरों (सभी को अकेले या एक साथ "बाध्यताधारी" कहा गया है) कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों को संबंधित नोटिसों की तिथियों से 60 दिन के अंदर मांग सूचना मे निर्दिष्ट राशि का भुगतान करने की अपील करते हुए अधिनियम की धारा 13(2) के अधिन विस्तृत मांग सूचना दिनांक जारी किए गए थे. कथित सूचना की प्रतियां पंजीकृत डाक ए.डी. द्वारा तामील की गई हैं और अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास उपलब्ध हैं और यदि कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि चाहें तो किसी भी कार्यालय दिवस को सामान्य कार्यावधि के दौरान अधोहस्ताक्षरी से संबंधित प्रति प्राप्त कर सकते है। उपर्युक्त संबंध में एतद द्वारा कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/ कानूनी प्रतिनिधियों को एक बार पुन: सुचित किया जाता है कि कथित बाध्यताधारियों द्वारा निष्पादित ऋण के करार एवं अन्य दस्तावेजों/विलेखों के साथ पठित नीचे कॉलम (डी) में संबंधित तिथि से भुगतान और/या वसुली की तिथि तक आगामी ब्याज सहित इसमें उनके संबंधित नामों के समक्ष निर्दिष्ट राशि संबंधित सूचना की तिथियों से 60 दिन के अंदर टीसीएचएफएल को भुगतान करें. कथित बाध्यताधारियों द्वारा निम्नलिखित सुरक्षित आस्तियां कर्ज के देय भुगतान की सुरक्षा के रुप में टीसीएचएफएल के लिए गिरवी रखी गई है।

| क्र. सं. | ऋण खाता सं. | बाध्यताकारी/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि(ओं) के नाम | कुल बकाया राशि (रु.) निम्न दिनांक तक | डिमांड नोटिस की तिथि / एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | TCHHL0718000100005500 & TCHHF0718000100006446 | श्री ईश्वर दयाल शर्मा, श्री विकास शर्मा और सुश्री रीना शर्मा | 12/05/2025 तक देय धनराशि रु. 10,23,631/- रुपये (दस लाख तेईस हजार छह सौ इकतीस मात्र) ऋण खाता संख्या TCHHF071800 010000 6446 के तहत आपके द्वारा देय है तथा राशि रु. 10,34,757/- (रुपये दस लाख चौंतीस हजार सात सौ सत्तावन मात्र)ऋण खाता संख्या TCHHL0718000100005500 के तहत आपके द्वारा देय है, यानि कुल रु. 20,58,388/- (रुपये बीस लाख अट्ठावन हजार तीन सौ अट्ठासी मात्र) | 12-05-2025 / 06-05-2025 |

**सुरक्षित परिसंपत्तियों/अचल संपत्तियों/बंधक संपत्तियों का विवरण:** आवासीय संपत्ति के वह समस्त टुकड़ा और पार्सल (51'-10"x40'), माप 2073 वर्ग फीट यानी 192.65 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 212(ए) मिन में शामिल, गांव भवन सिंह नवर, तहसील लालकुआं, जिला नैनीताल (उत्तराखंड) में स्थित, बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाएं: पूर्व- गंगा देवी की भूमि, पश्चिम- जीतू बिष्ट की भूमि, उत्तर- गंगा देवी की भूमि, दक्षिण- 14' चौड़ा रास्ता।

संबंधित मांग सूचना दिनांक में विशेष रुप से निदिष्ट दर पर आगामी ब्याज, अतिरिक्त ब्याज, अदायगी और/या वसूली की तिथि तक उठाया गया आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क इत्यादि. यदिजैसा की ऊपर कहा गया है कथित बाध्यताधारी टीसीएचएफएल को भुगतान नहीं करेंगे तो टीसीएचएफएल खर्च एवं परिणाम के रुप में पूरी तरह से कथित बाध्यताधारीयों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों के जोखिम पर कथित अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों / अचल संपत्तियों के लिए कार्यवाही करेगा।

कथित बाध्यताधारी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि टीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपर्युक्त सुरक्षित आस्तियों/अचल संपत्तियो को बिक्री, पट्टा या अन्य किसी भी रुप में हस्तांतरित करने के लिए कथित अधिनियम के अधीन प्रतिबंधित हैं.अधिनियम के प्रावधानों या उसके अधीन बने नियमों का उल्लंघन या उल्लंघन करने के लिए उकसाने वाला व्यक्ति अधिनियम के अंतर्गत यथा विहित सजा और/या दंड का पात्र होगा।

दिनांक: 25.05.2025 एसडी/-अधिकृत अधिकारी
स्थान: हल्द्वानी टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड।

# सांसद डा. नरेश बसंल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मेला नियंत्रण भवन में शनिवार को सांसद राज्य सभा डा. नरेश बंसल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने राज्यसभा सासंद नरेश बंसल को पौधा देकर स्वागत किया। सांसद डॉ० नरेश बंसल ने बैठक लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सड़के चौड़ी हो रही है, एक शहर से दूसरे शहर के बीच दूरियां घट रही है लेकिन इन सब के बीच दुर्घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य दुर्घटनाओं को शून्य या न्यून करना है, जिसके लिए जन जागरूकता बहुत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि एनजीओ, लायंस क्लब, रोटरी क्लब सहित सभी स्वयं सेवी सहायता समूह की सहायता लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति जनमानस में जागरूकता लाई जाए, स्कूलों- कॉलेज आदि में जागरूकता कार्यक्रम अभियान चलाया जाएं ताकि नई पीढ़ी जागरूक और जिम्मेदार हो सके तथा स्कूलों में अवेयरनेस कार्यक्रम की छात्र छात्राओं से ट्रैफिक कंट्रोल भी कराया जाए, जिससे कि उनको नियम कानून के जानकारी होगी और वहां इस के प्रति सचेत होंगे।



उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़के बनाने वाले तथा खोदने वाले व्यक्ति एवं संस्थान आदि आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि सड़ को बनने के बाद पुनः खोदने की जरूरत न पड़े। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी बैठकों में सक्षम स्तर के अधिकारी पूरी तैयारियों एवं अद्यतन जानकारियों के साथ स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएं पूरे देश के लिए चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि ज्यों-ज्यों सड़के चौड़ी हो रही हैं, दूरियां घट रही हैं लेकिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद करते हुए उन्हें अस्पताल पहुँचाया जाये, दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति से पूछताछ नहीं की जायेगी।

उन्होंने सड़कों पर वाहन गति के चेतावनी वाले साईन बोर्ड कितने लगाए है उसकी संख्या भी बताई जाने के निर्देश दिए तथा विभिन्न क्षेत्र विशेष के अनुसार सड़क सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए, साथ ही सड़कों के किनारे स्थिति शराब की दुकानों के बाहर वाहनों को सिस्टमेटिक ढंग से पार्क कराने हेतु सिक्योरिटी गार्ड भी तैनात किया जाए। जिससे कि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से पुलिस विभाग और परिवहन विभाग के साथ ही नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को भी सीसीटीवी टीवी कैमरे ज्यादा से ज्यादा लगाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को पुलिस विभाग से समन्वय कर अपने अपने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जहां पर ज्यादा सड़क दुर्घटनाए ओर ओवर स्पीड के मामले आते हो।

माननीय सांसद ने सुरक्षात्मक उपाय करने के लिए सिडकुल स्थित फैक्ट्रियों ओर जगजीतपुर स्थित स्कूलों के खुलने एवं छुट्टी के समय में परिवर्तन करने के निर्देश दिए थे साथ ही डंपर ओर ट्रॉली को स्कूल के खुलने ओर छुट्टी के समय न चलने के सख्त निर्देश भी दिए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रभावी उपाय अपनाने पर बल दिया।

बैठक में बताया गया कि दोपहर 3 बजे रात्रि 9 बजे तक अत्यधिक 43 दुर्घटनाएं हुई हैं जिसमें 28 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा दो पहिया और चार पहिया वाहन से अधिक दुर्घटनाएं सामने आई हैं जबकि मृत्यु दर दो पहिया वालों की अधिक है,इसलिए जिलाधिकारी ने सर्वाधिक दुघटनाओं वाले समय पर ज्यादा से ज्यादा फोकस करने के निर्देश दिये। जनपद में हिट एण्ड रन के 37 प्रकरणों में 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। बैठक में जिलाधिकारी कमेन्द्र सिंह ने एआरटीओ को निर्देश दिए कि 1 जून से 26 जून तक चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान को अपने अभियान के साथ जोड़ ले। बैठक में एआरटीओ केसी पलारिया ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मिलने वाली लोवर रोड की सभी मार्गों पर स्पीड ब्रेकर, मिरर,स्टॉप लाइंस लगा गए है साथ ही अन्यों में सुधार की प्रक्रिया गतिमान है साथ ही जनपद में कई जगहों पर ट्रैफिक में रुकावट आ रहे अतिक्रमण को भी हटाया गया।

बैठक के दौरान वर्ष 2025 में दुर्घटना में सहायता करने वाले 11 वालंटियर को माननीय सासंद द्वारा पुरस्कृत किया गया। बैठक में पद्मश्री डॉ बीके एस संजय ने भी सड़क सुरक्षा से संबंधित अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। बैठक के पश्चात माननीय सांसद ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल,लव शर्मा,महामंत्री आशू चौधरी, विशाल गर्ग,एसपी सिटी पंकज गैरोला, एचआरडीए सचिव मनीष सिंह डिप्टी कलेक्ट्रेट लक्ष्मी राज चौहान, उपजिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, सौरभ असवाल,पीडब्लूडी अधि. अभियंता दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, एआरटीओ हरिद्वार, नेहा झा, एनएचएआई के परियोजना निदेशक प्रदीप सिंह गुसाई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित थे।

# देशी शराब समेत 4 तस्कर दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर नशा व मादक पदार्थों की अवैध रूप बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से देशी शराब के 220 टैट्रा पैक और 1 मोटरसाइकिल बरामद हुई है। गिरफ्ततार किए गए राजू कुमार पुत्र स्वर्गीय धन सिंह निवासी जगजीतपुर के कब्जे देशी शराब के 52, अभिषेक पुत्र तेलुगू राम निवासी सुभाष नगर ज्वालापुर के कब्जे से 64 व मोटरसाइकिल, नीरज पुत्र राकेश निवासी गली नंबर 3 सुभाष नगर से 52 तथा अमित पुत्र कृष्ण मुरारी निवासी पीर वाली गली राजीव नगर आर्यनगर के कब्जे से 52 ट्रैट्रा पैक बरामद हुए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकद्मा दर्ज किया गया है।

# दर्जनों गांवों से शिक्षा के मंदिर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग हालत जर्जर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रोशनाबाद।** सड़क में गड्ढे या गड्ढो में सड़क बनी पर जगह-जगह भरे बरसती व नाली के पानी से होकर गुजरने को स्कूल जाने वाले छात्र मजबूर है। आपको बताते चले कि सैलेमपुर से सुमंननगर से गढ़मीरपुर के दर्जनों गांव को जोड़ने वाला मार्ग की हालत जर्जर है। इस रोड पर बने कई कारखानो से निकलने वाला गन्दा पानी सड़को पर बहने के लिये छोड़ दिया जाता है जिससे सड़को पर पानी भरे होने से स्कूल के बच्चो को गारे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। सैलेमपुर भाग-1, सुमंनगर, गडमिरपुर, पूरनपुर, कुतुबपुर, राजपुर, दादुपुर, बैरियर नम्बर-6, बहादराबाद, जमालपुर खुर्द, ब्रह्मपुरी, सलेमपुर भाग-2 के सैकड़ो बच्चे व इरा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चे स्कूल से निकलने के बाद इसी एक मुख्य मार्ग से होकर गुजरने को मजबूर है, क्योंकि इरा इंटरनेशनल



पब्लिक स्कूल में अध्ययन करने आने वाले दर्जनों गांवों स्थानों के बच्चो के आने जाने के लिये केवल ओर केवल यह एक मुख्य मार्ग है जिस पर कई गांवों के लोगो का भी दिन रात आना जाना है लेकिन इस ओर न तो कोई ग्राम प्रधान, और न ही कोई और नेता प्रतिनिधि ध्यान दे रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि जब चुनाव का समय आता है तो क्षेत्र के नेता व प्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करके जाते है और चुनाव जीतने के बाद जनता की सुध लेना भुल जाते है।

# स्टेडियम का नाम बदले जाने का कड़ा विरोध करेगा इंडिया एलायंस : महंत शुभम गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सपा के पूर्व प्रदेश सचिव महंत शुभम गिरी ने वंदना कटारिया स्टेडियम का नाम बदले जाने के विरोध में स्टेडियम के गेट पर चल रहे कांग्रेस के धरने का समर्थन करते हुए सरकार से नाम नहीं बदलने की मांग की। शनिवार को धरना स्थल पर पहुंचे महंत शुभम गिरी ने कहा कि सरकार को वंदना कटारिया स्पोर्टस स्टेडियम और परिषद का नाम नहीं बदलना चाहिए। सरकार को योगस्थली ही बनानी है तो किसी और जगह बनायी जाए। कई खेल पुरूस्कारों से सम्मानित और अपनी प्रतिभा के बल पर पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाली वंदना कटारिया देश, प्रदेश व हरिद्वार की शान हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने खुद ही हॉकी स्टेडियम का नाम वंदना कटारिया के नाम पर रखा है। इसलिए अब इसे बदला नहीं जाना चाहिए। यदि नाम बदला जाता है तो यह हरिद्वार की बेटी वंदना कटारिया का अपनाम होगा। इंडिया एलायंस इसका कड़ा विरोध करेगा। स्टेडियम का नाम नहीं बदले जाने की मांग को लेकर वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और खेल मंत्री रेखा आर्य से मिलकर ज्ञापन भी देंगे। महंत शुभम गिरी ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से भी बात की है।



# श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार ने किया वैद्य एमआर शर्मा को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के पदाधिकारियों ने नगर के प्रसिद्ध वैध एमआर शर्मा को अग्रसेन आयुष सम्मान से सम्मानित किया है। इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्री गुरू कृपा औषधालय में सम्मान प्रदान करने के दौरान श्री वैश्य बंधु समाज मध्य क्षेत्र हरिद्वार के संस्थापक अशोक अग्रवाल भारत की प्राचीन चिकित्सा विधा आयुर्वेद को आगे बढ़ाने में वैध एमआर शर्मा निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। भागदौड़ और अनियमित दिनचर्या के दौर में उपचार पद्धति के रूप में आयुर्वेद की भूमिका बढ़ गयी है। वैध एमआर शर्मा देश के अनेक राज्यों से आने वाली रोगियों को आयुष विज्ञान एवं आयुर्वेद माध्यम से बेहतर उपचार प्रदान कर हरिद्वार और उत्तराखंड नाम रोशन कर रहे हैं। संरक्षक दिलीप अग्रवाल ने कहा कि रोगियों को उपचार प्रदान करने के साथ वैध एमआर शर्मा समाज सेवा के क्षेत्र में भी अनुकरणीय योगदान दे रहे हैं। वैध एमआर शर्मा ने सम्मान प्रदान किए जाने पर वैश्य समाज का आभार जताया और कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उनके लिए चिकित्सा सेवा का माध्यम है। आयुर्वेद स्वस्थ रहने का बेहतर माध्यम है। लोगों का विश्वास भी आयुर्वेद चिकित्सा पर बढ़ रहा है। सम्मानित करने वालों में विनीत अग्रवाल, महावीर प्रसाद मित्तल, नीरज अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल आदि पदाधिकारी शामिल रहे।



# घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग में किशोरी को लगी गोली, हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव शिवगढ़ में बारात की घुड़चढ़ी के दौरान दूल्हे के छोटे भाई को अपने जीजा की लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक से हर्ष फायरिंग करना भारी पड़ गया। बंदूक खोलने के दौरान उसमें फसा एक कारतूस चल गया और भीड़ में खड़ी एक किशोरी को लग गया। गोली लगने के बाद किशोरी के हालात खराब हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने किशोरी को आननफानन में जिला अस्पताल भिजवाया। हालात नाजुक देख चिकित्सकों ने किशोरी को हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

पुलिस के अनुसार पथरी क्षेत्र के गांव शिवगढ़ में मोनू चौहान पुत्र जनेश्वर चौहान की शादी में घुड़चढ़ी रस्म के दौरान दूल्हे के छोटे भाई मोहित चौहान द्वारा अपने जीजा की लाईसेंस की डबल बैरल बंदूक से हॉर्स फायर कर दी। हर्ष फायरिंग के बाद बंदूक से कारतूस का खोखा निकालने के दौरान एक कारतूस चल गया और भीड़ में खड़ी एक किशोरी भूमिका पांच वर्ष पुत्री चंन्द्र पाल निवासी महाराजपुर लकसर की गर्दन पर गोली लग गई। बताया जा रहा है कि किशोरी रिश्तेदारी में शादी समारोह में आई हुई थी। गोली लगने से किशोरी के हालात गंभीर हो गए। बारात की खुशियां अचानक मातम में बदल गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने किशोरी को हरिद्वार जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अन्य ग्रामीणों से मामले की जानकारी जुटाई। फायरिंग करने वाला युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वही, किशोरी के हालात नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस हर्ष फायरिंग करने वाले युवक की भी तलाश में लगी है अभी मामले में कोई तहरीर नही आई है। दूल्हे के पिता को पुलिस ने पूछताछ के लिये हिरासत में लिया था जिसे बाद में छोड़ दिया उसके बाद दूल्हा बारात लेकर उत्तर प्रदेश के लिये रवाना हुआ।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया शादी में घुड़चढ़ी के दौरान हर्ष फायरिंग में हादसा हुआ है। किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हर्ष फायरिंग करने वाले युवक की तलाश जारी है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने मेडिकल पब्लिक हेल्थ मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के पदाधिकारियों का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं एवं लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मेडिकल पब्लिक हेल्थ मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों जिला सचिव धीरेंद्र सिंह व संप्रेक्षक मंजू रावत का स्वागत किया। धीरेन्द्र सिंह और मंजू रावत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए अन्य सभी संगठनों से तालमेल बनाकर कर्मचारियों की पदोन्नति, कुंभ मेला भत्ता, कोविंड प्रोत्साहन भत्ता, जीएच के दिन चिकित्सालयों की छुट्टी आदि लंबित मांगो को लेकर बैठक कर जल्द ही नवनियुक्त कुंभ मेला अधिकारी, जिला अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ज्ञापन दिया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चौहान



ने कहा कि कर्मचारियों को पदोन्नति, कुंभ मेला भत्ता, कोविड प्रोत्साहन भत्ता अब तक नहीं मिल पाया है। लेकिन अधिकारियों को सभी लाभ दे दिए गए। जबकि कोविड के दौरान लेब टेक्नीशियन, नर्सेस, वार्ड बॉय, एक्सरे टेक्नीशियन, उपनल, पीआरडी के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना कार्य किया। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी आज तक कर्मचारियों को कोविड प्रोत्साहन भत्ता नहीं मिल पाया है। इसके लिए सबको मिलकर लड़ाई लड़नी होगी। स्वागत करने वालों में महावीर सिंह चौहान, दिनेश लखेडा, उमेश सैनी, रैना नय्यर, रजनी अग्रवाल, अकलीम अंसारी, मनोज चमोली, वर्णिक चौधरी, अशोक कालरा, राजेन्द्र तेश्वर, राकेश भंवर आदि शामिल रहे।

# महामंडलेश्वर डा. स्वामी सन्तोषानन्द विश्व सनातन धर्म गुरु की उपाधि से सम्मानित

**विश्व सनातन परिषद् के संरक्षक बने डा. स्वामी संतोषानंद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सनातन धर्म की प्रमुख संस्था विश्व सनातन परिषद की ओर से श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर डा. स्वामी संतोषानंद देव को परिषद का संरक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं उन्हें विश्व सनातन धर्म गुरु की उपाधि से भी सम्मानित किया गया है। इस मौके पर परिषद के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि विश्व सनातन परिषद्, संसार में एकत्व अखण्ड सनातन धर्म की पुनः स्थापना हेतु प्रयासरत है। इस कड़ी में महामंडलेश्वर डॉ स्वामी सन्तोषानन्द को विश्व सनातन धर्म गुरु की उपाधि से सम्मानित करने के साथ प्रदेश संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं डॉ स्वामी संतोषानंद देव को प्रशस्ति पत्र एवं सनातन सम्मान प्रतीक स्वरूप गंगा जल सप्रेम भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर स्वामी संतोषानंद देव ने कहा सभी धर्मों का मूल सनातन धर्म ही है और यह विश्व का सबसे प्राचीन धर्म है। सनातन धर्म के चार अंग धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष है। संपूर्ण मानवतावाद सनातन धर्म पर ही टिका है। चार वेदों, अट्ठारह पुराणों और नौ उपनिषदों में सनातन धर्म का सार छिपा हुआ है। सनातन धर्म में आस्था रखने वाले हर व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी ही चाहिए। सम्मान कार्यक्रम में बेलीराम आश्रम के महंत स्वामी श्यामदास महाराज, मुनीम अग्रेश, पं. राजेन्द्र अवस्थी, विजय शर्मा, अनिल कुमार, डा. अमन सहित बड़ी संख्या में संत महंत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सुगरासा नदी का पुल जल्द होगा बनकर तैयार : अनुपम रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** क्षेत्र के गांव सुगरासा नदी पर टूटे पुल को बनवाने की जद्दोजहद में लगी विधायक अनुपमा रावत को आखिर कामयाबी मिल गई है। विधायक के प्रस्ताव व विधानसभा में प्रमुखता से उठाए पुल के मुद्दे पर शासन आदेश से जियो जारी हो गया है। जियो जारी होने के आधार पर जल्द पुल को बनाने के लिये टेंडर प्रकिर्या शुरू होगी और 2026 तक पुल निर्माण का कार्ये खत्म किया जायेगा। इसी के आधार पर विधायक के साथ मौके पर पहुचे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने पुल का निरक्षण किया। विधायक ने पुल बनने तक रपटे सड़क को दुरुस्त करने की बात कही है। अधिकारियों ने जल्द इसका निस्तारण करने का उन्हें आश्वासन दिया है। पथरी क्षेत्र के गांव सुगरासा नदी पर बना पुल 2016 में आई आपदा में टूट गया था। पुल टूटने के कारण कई गांव का सम्पर्क बहादराबाद ज्वालापुर से कट गया और लोगों को यहां जाने के लिये लंबे रास्ते का प्रयोग करना पड़ा था। हालांकि बाद में लोक निर्माण विभाग ने जान जोखिम में डालकर टूटे पुल के ऊपर से गुजर रहे राहगीरो के लिये रपटा बना दिया था। जबकि इस पुल व रपटे के टूट जाने से दर्जनों गांव अम्बुवाला, धनपुरा, घिस्सूपुरा, झाबरि, पथरी, टिहरी विस्थापित, पुरषोत्तम नगर, बंगला, सैनिक कालोनी, सुग्रास्सा आदि की आबादी को लंबे रास्ते से होकर हरिदुवार, ज्वालापुर, बहादराबाद जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने रो नदी के टूटे पुल को बनवाने की मांग की जिसके बाद विधायक अनुपमा रावत ने मामले को गंभीरता से लिये ओर पुल को बनवाने के लिये विधानसभा में मुद्दे को गंभीरता से उठाया था। जियो जारी होने के बाद सनिवार को विधायक अनुपमा रावत ने मौके का अधिकारियों के साथ निरक्षण किया और जल्द पुल का निर्माण सुरु करने की बात कही। उन्होने बताया कि पुल को 5 करोड़ 43 लाख 85 हजार की लागत से बनाया जाएगा।



इस दौरान हारून प्रधान, मुसर्रफ अंसारी, इशरार अंसारी, ताहिर अंसारी, शाहरुबान, सफीक प्रधान, सुरेश, शेसराज, रउफ खान, अमजद, अमजद, रकीब, नदीम अहमद, लालू, डा. अजहर, अमीर झोझा, नाथी राम चौहान, नाग सिंह कश्यप, गुलशन अंसारी, डा. नूर अली, सलीम अहमद ने विधायक का आभार जताया है। लोक निर्माण विभाग के एई सतीश कुमार ने बताया पुल का जियो जारी हुआ है मौके पर निरक्षण के लिये पहुचे थे। जल्द पुल को बनाने की प्रकिर्या शुरू होगी।

# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने दी पुलिस को बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चार साल की मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के आरोपी को गिरफ्तार करने पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के निर्देशन में पुलिस टीम ने जिस तत्परता, सूझबूझ और निष्ठा से कार्य करते हुए मासूम बच्ची के हत्यारे को पकड़ने में सफलता पाई है, वह अत्यंत सराहनीय है। पुलिस की इस कार्रवाई से अपराधियों के मन में डर पैदा होगा और आमजन का पुलिस प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रोफेशनल कार्यशैली से जनता को सुरक्षा का भरोसा मिलता है और यह पुलिस की साख को और अधिक मजबूत बनाता है। पुलिस द्वारा समय पर आरोपी की गिरफ्तारी से न केवल न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है, बल्कि पीड़ित परिवार को भी कुछ हद तक राहत मिली है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने उम्मीद जताई कि पुलिस भविष्य में भी इसी तरह संवेदनशील मामलों में सक्रिय भूमिका निभाती रहेगी।

# दिव्य और भव्य रूप से संपन्न होगा हरिद्वार कुंभ मेला : स्वामी रविदेव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** युवा भारत साधु समाज के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में 2027 हरिद्वार कुंभ मेला दिव्य और भव्य रूप संपन्न होगा। कुंभ मेले में आने वाले संतों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें। इसके लिए जल्द ही युवा भारत साधु समाज का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी शिवम महंत के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलेगा। जस्सा राम रोड़ स्थित श्री जगद्गुरू उदासीन आश्रम में युवा संतों की बैठक के दौरान स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की दिव्यता और भव्यता ने पूरी दुनिया का प्रभावित किया है। सनातन धर्म संस्कृति का प्रभाव पूरे विश्व में बढ़ा है। स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि हरिद्वार सनातन धर्म का प्रमुख तीर्थ स्थल है। 2027 में हरिद्वार के गंगा तट पर होने वाले कुंभ मेले के दौरान सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के विशाल संगम से पूरे विश्व में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार होगा। निर्धन निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी ऋषि रामकृष्ण ने कहा कि सरकार कुंभ मेले को लेकर गंभीर है। कुंभ मेले की तैयारियां भी शुरू हो गयी हैं। मेले के दौरान संतों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। बैठक में स्वामी हरिहरानंद, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, स्वामी दिनेश दास, स्वामी निर्मल दास, स्वामी अनंतानंदराम सहित कई संत मौजूद रहे।

## सूचना

मेरा पति अमित शर्मा पुत्र हरिश्चन्द्र शर्मा निवासी केयर आफ अश्वनी शर्मा चाऊ मंडी गीता भवन के पास रुड़की जिला हरिद्वार पिछले कुछ वर्षा से लापता है जिसको कोई पता नही चल पाया है। अमित शर्मा द्वारा कोई भी आर्थिक लेने-देन किसी भी तरह का किया जाता है या किया गया उसका विधिक एवं कानूनी उत्तरदायित्व अमित शर्मा स्वयं होगा। उससे मेरा किसी प्रकार कोई लेना देना नहीं होगा। प्रीति शर्मा पत्नी अमित कुमार पुत्री ईश्वरचंद शर्मा, निवासी शिव विहार कॉलोनी, म.नं. जी-3, बहादराबाद, हरिद्वार।

# केदारनाथ यात्रा में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

**■ मात्र 23 दिनों में आंकड़ा पहुंचा 5 लाख 30 हजार पार, यात्रा मार्ग पर यात्रियों के लिए विशेष सुविधाओं का इंतजाम, यात्रा मार्ग पर साफ सफाई का रखा जा रहा है विशेष ध्यान, स्वस्थ घोड़े-खच्चरों का हो रहा संचालन, प्रत्येक एक किमी पर दस पर्यावरण मित्र तैनात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा नये रिकॉर्ड बना रही है। मात्र 23 दिन की यात्रा में 5 लाख 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर लिए हैं। यात्रा पड़ावों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। सोनप्रयाग में सुबह चार बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से यात्रियों को धीरे-धीरे करके गौरीकुंड भेजा जा रहा है, जिससे यात्रा मार्ग पर अव्यवस्थाएं ना फैंले। साथ ही घोड़ा-खच्चरों, डंडी-कंडी का संचालन भी बेहतर ढंग से किया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर मिल रही स्वास्थ्य, पेयजल सहित सफाई व्यवस्था पर तीर्थयात्री भी खुशी जता रहे हैं और वे जिला प्रशासन के साथ सरकार का आभार जता रहे हैं।



12 ज्योतिर्लिंगों में बाबा केदार की यात्रा अत्यधिक कष्टदायक है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम पहुंचने के लिए 19 किमी के चढ़ाई भरे पैदल मार्ग को पार करना होता है। हालांकि इसके लिए श्रद्धालु घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी, पालकी का सहारा लेते हैं, मगर हजारों भक्त ऐसे भी होते हैं, जो इस कठिन यात्रा को पैदल ही पूरा करते हैं।

दो मई को शुरू हुई बाबा केदारनाथ की यात्रा ने मात्र 23 दिनों में पांच लाख तीस हजार का आंकड़ा पार कर लिया है। केदारनाथ धाम की यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशासन की ओर से 24 घंटे यात्रा का संचालन किया जा रहा है। जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें यात्रा मार्गों पर तीर्थयात्रियों की सेवा में नजर आ रही है। केदारनाथ धाम जाने को लेकर यात्रा मार्ग के सोनप्रयाग में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़नी शुरू हो रही है। भक्त सोनप्रयाग से शटल वाहन के जरिये गौरीकुंड पहुंच रहे हैं, जहां से घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी और पालकी के साथ पैदल चलकर बाबा के धाम पहुंच रहे हैं। केदारनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे तीर्थयात्री जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की तारिफ कर रहे हैं। धाम में जहां टोकन व्यवस्था से दर्शन होने पर तीर्थयात्री खुशी जता रहे हैं, वहीं यात्रा मार्ग पर सफाई, स्वास्थ्य और पेयजल का विशेष ध्यान रखे जाने पर आभार व्यक्त कर रहे हैं। उज्जैन से आए श्रद्धालु उमेश शर्मा, महाराष्ट्र निवासी किरन सोनी, गुजरात निवासी देवांश, हैदराबाद निवासी नागेश ने बताया कि केदारनाथ यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक यात्रा व्यवस्थाएं चाक-चौबंद हैं। घोड़ा-खच्चर संचालक बहुत मेहनत कर रहे हैं। सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। टोकन व्यवस्था होने से यात्रियों को आसानी से बाबा केदार के दर्शन हो रहे हैं। इसके अलावा खाने-पीने की भी उचित व्यवस्था की गई है।

# तीन छात्रों का सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद की घनसाली विधानसभा अंतर्गत चमियाला नगर पंचायत स्थित कैराराम ब्रिलिएंट माइंड्स स्कूल के तीन छात्र-छात्राओं ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, नैनीताल में हुआ है, जहां वे अब आगे की पढ़ाई करेंगे।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक हर्षमणि उनियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सफल छात्रों में दिव्यांशु (पुत्र राम सिंह पोखरियाल), अंशिका कैंतुरा (पुत्री लक्ष्मण कैंतुरा) और पूर्व छात्रा अक्षिता (पुत्री भावेंद्र कुमार) शामिल हैं। इन तीनों ने सैनिक स्कूल की प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा पास कर नैनीताल स्थित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में दाखिला पाने का गौरव हासिल किया है।इस उल्लेखनीय सफलता पर स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्रों को बधाई दी है। प्रधानाध्यापक हर्षमणि उनियाल ने कहा कि यह सफलता विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और यह दर्शाता है कि यहां के छात्र राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि भविष्य में भी स्कूल के अन्य छात्र इसी प्रकार सफलता अर्जित करेंगे।छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रधानाध्यापक उनियाल, शिक्षक सूर्यमणि उनियाल, विद्यालय प्रबंधन और अपने माता-पिता को दिया है। विद्यालय में हर्ष का माहौल है और यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।

# अहिल्याबाई की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**■ अहिल्याबाई ने महिला शिक्षा की नींव रख अपनी महान उत्कृष्टता को किया प्रदर्शित: बिष्ट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भाजपा जिला देहरादून ग्रामीण के अंतर्गत शनिवार को एनफील्ड लॉन विकासनगर में अहिल्याबाई होल्कर की 300 सी जयंती पर उनके विचारों सिद्धांतों आदर्श को लेकर एक विचार गोष्ठी जिला अध्यक्ष मीता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मुख्य वक्ता शैलेंद्र बिष्ट ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर द्वारा भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट, कुआँ, बावड़ियों का निर्माण करवाया गया। जिला प्रभारी नेहा जोशी ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर ने देश में मार्गो का निर्माण करवाया गया, भूखों के लिए अन्न क्षेत्र खोले गये, प्याऊ लगवाई गयी, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की गयी। उक्त कार्य अहिल्याबाई होलकर के दूरदर्शिता एवं राष्ट्र के प्रति चिंतन को प्रदर्शित करता है। कहा जिस दौर में स्त्रियों को घर की चार दीवारी में रखा जाता था, उस समय अहिल्याबाई को पढ़ने लिखने का अवसर मिलना और इनके द्वारा महिला शिक्षा की नींव रखा जाना किसी व्यक्ति की महान उत्कृष्टता को प्रदर्शित करता है। विचार गोष्ठी में विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान, विधायक सहसपुर सहदेव पुंडीर का उद्भोदन प्राप्त हुआ।



इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नीरू देवी, जिला महामंत्री विनोद कश्यप, अमित डबराल, संजय तोमर जिलाध्यक्ष भाजयुमो, कृष्णा तोमर पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा, संतोष रावत, शुभम गर्ग मंडल अध्यक्ष विकासनगर, राहुल शर्मा मंडल अध्यक्ष हरबर्टपुर, सुनीता गुलेरिया, रचिता ठाकुर, ममता मुल्तानी, मोनिका अग्रवाल, सुखदेव, प्रवीण चौहान, रवि कश्यप, आशा सक्सेना, नेहा शर्मा, कमलेश कश्यप, कांति देवी, अनुपमा, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अमित डबराल जी ने किया।

# परिषद के उपाध्यक्ष ने किया रा.इं.का. साहिया का निरीक्षण

**■ बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट अच्छा नहीं रहने पर जताई नाराजगी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड ने अटल उत्कृष्ट जौनसार बावर राजकीय इंटर कॉलेज साहिया का निरीक्षण किया।

बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट अच्छा नहीं रहने पर गीताराम गौड ने नाराजगी जताई और भविष्य में सुधार करने के संकेत दिए।विद्यालय पहुंचने पर गीताराम गौड का भव्य स्वागत किया गया विद्यालय की तरफ से कई प्रकार की समस्याओं का मांग पत्र उपाध्यक्ष को दिया जिससे संसाधनों की कमी विद्यालय में न हो और शिक्षक अच्छी गुणवत्ता से छात्र छात्राओं को पढ़ा सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने गीताराम गौड को स्कूल का निरीक्षण कराया और एक एक समस्या उनके सामने रखी।

गीताराम गौड ने कहा कि जो भी मांग पत्र मुझे दिया है उत्तराखंड प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से मुलाकात कर सभी मांगों को पूरी करने का प्रयास करूंगा जिससे छात्र छात्राओं ओर शिक्षकों को विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में कोई परेशानी न आये।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह बंगारी, अभिभावक संघ के अध्यक्ष प्रवीन चौहान, रूपेश नाथ, राघवेंद्र सिंह वर्मा, दीवान सिंह राणा, सरदार सिंह, शूरवीर डोभाल, सहित समस्त विद्यालय स्टाफ और अन्य लोग उपस्थित थे।

# कुलपति ने हैप्रेक संस्थान के कार्यों को सराहा

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण ने शनिवार को हैप्रेक संस्थान का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने संस्थान के ओर से किए जा रहें कार्यों का अवलोकन किया। कहा कि हैप्रेक संस्थान विगत 20 सालों से उच्च हिमालय क्षेत्रों की जड़ी-बूटीयों पर शोध करने के साथ ही कृषकों को जड़ी-बूटियों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है वह सरहानीय है। कहा कि वर्तमान समय में हिमालय की बेशकिमती जड़ी-बूटीयां विलुप्ति कि कगार पर आ गयी है। ऐसे में हैप्रेक संस्थान जड़ी-बूटी के कृषिकरण के क्षेत्र में कार्य कर हिमालय के संरक्षण एवं सवर्द्धन के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर .......

# पालिका हरबर्टपुर में हरिद्वार की टीम ने पकड़े आतंकी बंदर



**शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर।** नगर पालिका हरबर्टपुर में आंतकी बंदरों को पकड़ने वाली हरिद्वार की टीम ने पालिका हरबर्टपुर के वार्ड नंबर 7 टी स्टेट में 3 बंदरों को पकड़ा। इस मौके पर पालिका अध्यक्षा नीरू देवी, वार्ड 7 की सभासद सरिता थापा, संदीप चौहान, पालिका कर लिपिक मंगल सिंह, खुशवीर, अनिल गुप्ता आदि नागरिक मौजूद रहे।

# क्रिकेटर आदर्श कुमार की स्मृति में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**विकासनगर।** क्रिकेटर एवं समाजसेवी स्व0 आदर्श कुमार त्यागी की स्मृति में उनके जन्म दिवस पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन, पुष्पेन्द्र कुमार त्यागी के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़, विकासनगर में किया गया। प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, आयोजक पुष्पेन्द्र कुमार त्यागी, सोनाली वर्मा, डा0 अजय वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त प्रतियोगिता विषय 'उत्तम समाज के निर्माण में अध्यापकों एवं अन्य की भूमिका' रही। सभी अध्यापकों के द्वारा उक्त विषय पर निर्धारित समय सीमा की अंतर्गत अपने अपने विचार प्रस्तुत किए गए। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजय, दूसरा स्थान बाज सिंह एवं तीसरा स्थान गुलजार सिंह ने प्राप्त किया। सुभाष चमोली एवं परिणीता आदि के द्वारा भी सुंदर विचार प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका समरफील्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सोनाली वर्मा द्वारा निभाई गई।विशिष्ट अतिथि के रूप में समरफील्ड स्कूल के प्रशासक डॉ0 अजय वर्मा ने विद्यार्थियों के द्वारा सोशल मीडिया के उचित अनुचित प्रयोग एवं अध्यापकों की भूमिका के संबंध में विस्तृत विचार रखे गए। प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट के द्वारा आयोजन के विषय पर विभिन्न उदाहरणों के द्वारा विषय पर विचार रखे गए।इस अवसर पर उर्वशी कुकरेती, स्वाती डबराल, गीता, रमेश, सरोज, दिव्या भट्ट, सीमा डोभाल, अनुराधा, आशा थपलियाल, ललित आकाश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छत्रपाल सिंह के द्वारा किया गया।

# मेधावी होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के किए चेक वितरित




**विकासनगर।** सरस्वती शिशु मन्दिर कोटी कॉलोनी मे जेबीपी फाउंडेशन के तत्वावधान में मेधावी होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित राशि के चेक वितरित किए गए। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं और आचार्यो को प्रोत्साहन के रूप में 32 हजार रुपए की धनराशि भेंट की गई। सरस्वती विद्या मंदिर कोटि कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर जेबीपी फाउंडेशन की सदस्य प्रिया जोशी शर्मा ने कहा कि जेबीपी फाउंडेशन गरीब मेधावी छात्रों के लिए समय समय पर प्रोत्साहन राशि के रूप में छात्रों को सहयोग करती है। जिससे छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई जारी रख सके।विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने कहा कि सरस्वती शिशु विद्या मंदिरो में छात्रों की भारतीय संस्कारों युक्त पढ़ाई होती है, इन विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और खेलकूद के क्षेत्र में भी छात्रों को आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने जेबीपी फाउंडेशन के संस्थापक शर्मा नंद शर्मा का प्रोत्साहन राशि दिए जाने पर आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर जेबीपी फाउंडेशन के कांति राम शर्मा, ललित शर्मा, विद्यालय के अध्यक्ष धनीराम नेगी, प्रबंधक श्रीचंद शर्मा, कोषाध्यक्ष शांति चौहान, विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप चौहान, सदस्य मनजीत चौहान, सियाराम चौहान आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# बढ़ती भीड़ को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की हो तैनाती: भरणे

**■ पुलिस महानिरीक्षक ने किया यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनन्द भरणे ने सोनप्रयाग पहुंचकर केदारनाथ धाम यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अधीनस्थों को यात्रा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी निरीक्षक सोनप्रयाग को सुबह शटल वाहन के लिए लगी लाइन व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए। ताकि यात्रियों में भगदड़ न मच सके।

शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनन्द भरणे ने सीतापुर व सोनप्रयाग स्थित पार्किंग की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर वाहनों की एंट्री एवं एक्जिट कराए जाने के निर्देश दिए। यहां उन्होंने लाइन व्यवस्थाओं का निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं से संवाद स्थापित किया। पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी व प्रभारी निरीक्षक सोनप्रयाग को उक्त लाइन व्यवस्था सुव्यवस्थित रखे जाने को कहा। सुबह के समय श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के दृष्टिगत सुव्यवस्थित लाइन व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस बल लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल से संवाद स्थापित कर निर्देशित किया कि केदारनाथ धाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं से मृदु व्यवहार करने के साथ ही यात्रा मार्ग से संबंधित जानकारी तथा जरूरी सामग्री यथा बरसाती, गर्म कपड़े साथ में ले जाने तथा मौसम सम्बन्धी जानकारी बताए जाने के निर्देश भी दिए।



उन्होंने यात्रा के शुरुआती दिवस से आतिथि तक पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्य निर्वहन कर रहे पुलिस जवानों की सराहना भी की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे, पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी विकास पुंडीर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सोनप्रयाग राकेन्द्र कठैत, यातायात निरीक्षक कैलाश

# बालिकाओं को दिया जा रहा आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय इंटर कॉलेज क्वानू में इन दिनों विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज में आए दिन बहन-बेटियों के साथ हो रही अवांछित घटनाएं हमें झकझोर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा, यह प्रशिक्षण न केवल छात्राओं में आत्मविश्वास भरता है, बल्कि उन्हें मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी मजबूत बनाता है।

प्रशिक्षण का संचालन ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक विपाशा राय द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को अपने आसपास के वातावरण में सतर्क रहना सिखाया जा रहा है, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। विपाशा राय के अनुसार, यह प्रशिक्षण बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उन्हें निडरता से जीवन के निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। यह पहल नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सराही जा रही है।

# छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

चकराता। राजकीय इंटर कॉलेज लखवाड़, में शनिवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें परिषदीय परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विक्रम सिंह चौहान ने की।

विद्यालय की कक्षा 12 की टॉपर छात्रा मौली दयाल, निवासी ग्राम लखवाड़, और कक्षा 8 के टॉपर रोहन, निवासी ग्राम धोई-धनपोऊ, को पीटीए अध्यक्ष सुशील दयाल द्वारा मॉडल भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया, जिसमें दिगपाल (ग्राम धोई-धनपो) को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही, विद्यालय में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सुशील दयाल को दूसरी बार पीटीए अध्यक्ष नियुक्त किया गया।




समारोह में प्रधानाचार्य अनिरूद्ध चौहान, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों में विजयपाल सिंह चौहान (ग्राम लखवाड़), विक्रम सिंह चौहामा (ग्राम सावडा), गंभीर सिंह चौहान (ग्राम बांन्सू), कई सम्मानित महिलाएं और विद्यालय के प्रवक्ता उपस्थित रहे।समारोह के अंत में प्रधानाचार्य अनिरुद्ध चौहान ने सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विष्णु प्रसाद ने किया।यह कार्यक्रम विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की भावना को और सशक्त किया।

# शिवालिक एकेडमी के नन्हे मुन्ने बच्चों को ले जाया गया 'द प्ले रूम'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी के तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के अंतर्गत एक अनुभवात्मक सैर पर 'द प्ले रूम' ले जाया गया। यह एक रंग-बिरंगा और बच्चों के अनुकूल स्थान है, जिसे उनकी कल्पनाओं, रचनात्मकता और आनंददायक खोज को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया है।

भ्रमण के दौरान बच्चों ने विभिन्न रोचक और विचारात्मक डिजाइन की गई गतिविधियों में भाग लिया। बिल्डिंग ब्लॉक्स एरिया में उन्होंने मिलकर कल्पनाशील संरचनाएँ बनाईं, जिससे उनकी रचनात्मकता और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा मिला। प्रिटेंड प्ले जोन में बच्चों ने शेफ, मेकअप आर्टिस्ट आदि की भूमिकाएं निभाकर अपनी कल्पनाओं को साकार किया। सेंसरी प्ले एरिया में की गई गतिविधियों ने उनकी इंद्रियों को जागृत किया और सूक्ष्म मोटर स्किल्स के विकास में सहायक रहीं।



आर्ट एंड क्राफ्ट कॉर्नर में बच्चों ने रंग-बिरंगे चित्रों और कलाकृतियों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। फन गेम्स और ऑब्स्टेकल कोर्सेस ने उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय और मानसिक रूप से प्रफुल्लित बनाए रखा। शिवालिक एकेडमी के नितेश सर, श्वेता मैम, प्रधानाचार्य रजनी त्यागी ने बताया शिक्षा के साथ इस प्रकार के कार्यक्रम भी बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास हेतु अत्यंत आवश्यक है।

# अगस्त्यमुनि अस्पताल में जगह की काफी कमी, प्लानिंग से नहीं बनी बिल्डिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** चारधाम यात्रा रूटों के अस्पतालों में चिकित्सा सेवा को सुव्यवस्थित करने और अस्पतालों में जरूरतों को लेकर चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ आशुतोष सयाना ने सीएचसी अगस्त्यमुनि, ऊखीमठ, जखोली और गुप्तकाशी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण में उन्होंने अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सो, वार्ड व्यॉय, सफाई कर्मी की तैनाती से लेकर दवा एवं चिकित्सकीय उपकरणों की जानकारी ली। यही नहीं अस्पतालों में संसाधनों को किस तरह से उपयोग करना है, इस पर सीएमओ स्तर पर रिव्यू कराने के निर्देश दिए। साथ ही टेलीमेडिसिन के जरिए इन अस्पतालों को श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से जोड़कर मरीजों को चिकित्सा सुविधा देने का आश्वासन दिया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ आशुतोष सयाना ने बताया कि अगस्त्यमुनि अस्पताल में जगह की काफी कमी है और जो अस्पताल की बिलि्डग बनी है, वह प्लानिंग से नहीं बनायी गयी है। वहां तैनात डॉक्टरों एवं कर्मियों को आवास की असुविधा है। अस्पताल का विस्तार होना चाहिए। कहा कि ब्लड टेस्ट के लिए चंदन लैब एवं अस्पताल स्तर से हो रहे है, मगर कुछ टेस्ट बंद किये है, जिससे मरीज परेशान रहते हैं। इसको लेकर भी जल्द कार्यवाही की जायेगी। अगस्त्यमुनि में एक आयुर्वेदिक अस्पताल भी स्थापित है। इस तरह से अस्पतालों की उपयोगिता को लेकर भी सीएमओ स्तर पर रिव्यू किया जायेगा। अस्पताल में कोई भी सामान कहीं भी लगा दिया गया है, जिससे अस्पताल में अव्यवस्था का अंबार बना हुआ है। डॉ. सयाना ने अगस्त्यमुनि के बाद ऊखीमठ अस्पताल का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पाया कि अस्पताल तक सीधी सड़क नहीं है। इससे गर्भवती महिलाओं को सीढ़ियां चढ़कर अस्पताल आना पड़ता है। आवास व बिजली जैसी समस्या वहां भी थी। डेंटल डॉक्टर है, जो क्षेत्र के मरीज को अच्छी सेवाएं दे रहे है, मगर डॉक्टर के साथ डेंटल हाइजीनिस्ट की तैनाती की मांग की गई। इसके साथ ही गुप्तकाशी अस्पताल का निरीक्षण कर वहां की तमाम व्यवस्थाएं देखी। जहां फिजिशियन की तैनाती की बात कही गई। डॉ सयाना ने बताया कि गुप्तकाशी के पास जल्द उप जिला चिकित्सालय का निर्माण हो रहा है, जिसमें सड़क मार्ग से लेकर तमाम निर्माण कार्य प्लानिंग से किया जायेगा। ताकि मरीजों को दिक्कतें ना हो। कहा कि जखोली अस्पताल में तमाम व्यवस्थाएं देखी गई। जिसमें जो-जो कमी है, उन्हें पूरा करने के लिए रिपोर्ट शासन को भेजी जायेगी। डॉ सयाना ने निरीक्षण के दौरान ऊखीमठ में क्षेत्रीय विधायक आशा नौटियाल से भी मुलाकात की। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ गोपाल सजवाण, अमित नौडियाल, अमित मैठानी, राहुल नेगी सहित अन्य डॉक्टर व कर्मी मौजूद थे।



## अगस्त्यमुनि में पहुंच रहे सबसे ज्यादा पेट खराब होने के मरीज,

रुद्रप्रयाग। चिकित्सा शिक्षा निदेशक एवं श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सयाना ने बताया कि सीएचसी अगस्त्यमुनि में सबसे अधिक पेट खराब होने के मरीज पहुंच रहे है, जिसमें अधिकांश में पथरी की शिकायत बतायी गई। कहा कि इस संदर्भ में क्षेत्र के पानी के सैंपल की जांच कराने तथा साफ-सफाई पर ध्यान देने के लिए निर्देशित किया जायेगा। ताकि पेट खराब रहने की दिक्कत का पता लगाया जा सके। जबकि कालीमठ क्षेत्र में दांत खराब ज्यादा होने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि जल्द श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से डेंटल विभाग की टीम कैंप लगाने के साथ ही इस पर रिसर्च करेगी।

## अस्पतालों में सफाई सेवकों, सुरक्षा कर्मी व वार्ड ब्वाय की कमी

**रुद्रप्रयाग।** चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने निरीक्षण में पाया कि अस्तपालों में सफाई करने वाला एक ही सफाई कर्मी तैनात है, जबकि सुरक्षा कर्मी एवं वार्ड ब्वाय की कमी देखी गई। कहा कि पद स्वीकृत ना होने की बात स्थानीय स्तर पर बतायी गई, मगर आउटसोर्सिंग के माध्यम से इन पदों को दिया जाना चाहिए, ताकि अस्पताल में सफाई व्यवस्था ठीक रहे।

## टेलीमेडिसिन जरिए मरीजों को दी जाएगी सुविधा

रुद्रप्रयाग। चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ आशुतोष सयाना ने बताया कि चारधाम यात्रा के मुख्य अस्पताल के डॉक्टरों को टेलीमेडिसिन के जरिए मेडिकल कॉलेज श्रीनगर से जोड़ा जायेगा और इन अस्पतालों के डॉक्टरों के समन्वय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के साथ बनाया जायेगा। ताकि टेलीमेडिसिन के जरिए अगस्त्यमुनि, ऊखीमठ, जखोली गुप्तकाशी में आने वाले मरीजों की परेशानी का हल हो सके और उन्हें वेवजह छोटी परेशानी के लिए दून या अन्य जगह ना जाना पड़े।

कहा कि गंभीर परेशानी होने पर श्रीनगर बेस अस्पताल पहुंचकर इलाज के लिए आ पाए। टेलीमेडिसिन के जरिए मरीजों को जितनी सुविधा मिल सके, वह दिलाई जायेगी। ताकि मरीजों को बेवजह अपना समय, एनर्जी और आर्थिक नुकसान ना उठाना पड़े।

# कांग्रेस की 'जय हिन्द' रैली एक जून को

## दिया जाएगा देश की एकता, सैन्य सम्मान और सामाजिक सौहार्द्र के संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 1 जून को आयोजित होने वाली जय हिन्द रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को स्वराज आश्रम में बैठक हुई। कांग्रेस की ओर से यह रैली भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और समर्पण को समर्पित है, विशेषकर हाल ही में सम्पन्न हुए ऑपरेशन सिंदूर में वीर जवानों द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय साहस और रणनीतिक सूझबूझ को सम्मानित करने के लिए आयोजित की जा रही है।




बैठक में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सलाहकार गुरदीप सप्पल, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, संगठन महासचिव विजय सारस्वत, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि यह रैली केवल एक आयोजन नहीं बल्कि देशभक्ति, एकता और सैनिक सम्मान का प्रतीक बनेगी। हम सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि यह रैली ऐतिहासिक बने। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि हमारे सैनिकों का बलिदान अमूल्य है। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने जो साहस दिखाया वह प्रेरणादायक है। यह रैली उनके सम्मान में एक श्रद्धांजलि है। गुरदीप सप्पल ने कहा देश की सुरक्षा में लगे हमारे जवानों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। जय हिन्द रैली के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते है कि पूरा देश उनके साथ है। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि हल्द्वानी की जनता हमेशा से देशभक्ति में अग्रणी रही है। हमें गर्व है कि हम इस रैली के माध्यम से अपने सैनिकों को सम्मानित कर रहे हैं। बैठक में रैली की रूपरेखा, आयोजन से जुड़ी तैयारियों और प्रचार–प्रसार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि यह रैली देशभक्ति, एकता और सैनिक सम्मान का एक सशक्त संदेश बनेगी। बैठक में जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, खष्टी बिष्ट, मधु सांगुड़ी सहित कुमाऊं मंडल के सभी जिलाध्यक्ष, पीसीसी सदस्य और फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कमरे में मरा मिला मजदूर

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक मजदूर का शव उसके ही किराए के कमरे में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हरिपुर पूर्णानंद निवासी (60) इरुल मूलरूप से बिहार का रहने वाला और पेशे से मजदूर था। बताया जा रहा कि वह पिछले कई सालों से इरूल हरिपुर पूर्णानंद में एक किराए के मकान में रहकर यहां पर मजदूरी का काम करता था। जबकि उसकी पत्नी व परिवार के सभी सदस्य बिहार में रहते है। बताया जाता है कि शनिवार जब तक देर तक इरुल के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो लोग वहां पहुंचे। आवाज लगाने के बावजूद जब अंदर से आवाज नहीं आई तो सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर प्रवेश किया तो इरुल पड़ा हुआ था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषति कर दिया। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही पता चल पायेगा।

# आंदोलन का बिगुल फूकेंगी रोडवेज कर्मचारी यूनियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के कुमाऊं क्षेत्र के पदाधिकारियों ने शनिवार को हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन कैंप कार्यालय में बैठक की और उसके बाद स्टेशन परिसर पर निगम प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष आनंद बिष्ट की अध्यक्षता और क्षेत्रीय महामंत्री मन्निदर सिंह के संचालन में बैठक में सभी डिपो के कर्मचारियों से सुझाव मांगे गये। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि निगम प्रबंधन ने समस्याओं का निराकरण नहीं किया तो यूनियन जल्द आंदोलन का बिगुल फूकेंगी। वक्ताओं ने कहा कि महीने खत्म होने की कगार पर है लेकिन नियमित कर्मी का वेतन का भुगतान नहीं हुआ। वहीं परिवहन निगम की बसों का अभी तक टेंडर नहीं हुआ है। उन्होंने विशेष श्रेणी–संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करने, नैनीताल मंडल के सभी डिपो/स्टेशन से डग्गामार




वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने, नियमित कर्मचारी की तरह विशेष श्रेणी/संविदा कर्मचारियों को महंगाई भत्ता का 4 प्रतिशत का लाभ देने, ऑनलाइन बसों की संख्या को कम करने, डिपो में स्पेयर पाट्‌र्स के अभाव को दूर करने, ढाबो का अनुबंध के आधार पर निरीक्षण करने, एसीपी का लाभ सभी डिपो के कर्मचारियों देने की मांग की। इस दौरान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, हल्द्वानी शाखा अध्यक्ष जलील अहमद, नितिन दीक्षित, नवीन लोहनी, सुनील बिष्ट, किशोरी लाल, कैलाश कांडपाल, धर्मपाल कंबोज, कौशल यादव, धीरज गुप्ता, मो. साजिद अली, राम प्रकाश यादव, इकबाल अहमद, योगेश जोशी, मो. शाहिद, रंजीत सिंह, इकबाल अहमद, चिमन लाल, राजेंद्र सिंह, जावेद हसन, मो. हारून, प्रदीप शर्मा, राजवीर सिंह, तरनजीत सिंह, रूप कुमार, सुमन कुमारी सहित विभिन्न डिपो के कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण–रुक्मणी का विवाहोत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कमलुवागांजा स्थित माँ कांगड़ा देवी मंदिर में चल रही श्रीमद्‌भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण एवं रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण श्रवण किया। इस शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का विशेष वातावरण रहा। कथा व्यास पं. ललित पांडे ने कथा के दौरान श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह की लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग में आत्मकल्याण का मार्ग केवल सत्संग, भागवत श्रवण और भजन की साधना है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि–मुनियों ने जो धार्मिक परंपराएं जनकल्याण के लिए स्थापित की थीं, उन्हें जीवन में अपनाना और अगली पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में जिधर सिंह बिष्ट (बाराही कालोनी), रिटायर्ड कैप्टन सोबन सिंह भड़, महेश भट्‌ट, गोपाल सिंह रूपवाल, त्रिलोक शाही और रिटायर्ड कैप्टन मनोहर सिंह नेगी मौजूद रहे।

# आयुक्त ने मौके पर सुलझाई समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने अपने कैंप कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जनता की समस्याओं को सुना और

**■ जनसुनवाई में भूमि, पारिवारिक विवादों का निपटारा**

कुछ समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण और सड़क से संबंधित समस्याएं मुख्य रूप से सामने आईं। इसके साथ ही विगत मई माह में पत्रकारों के हुए लिफ्ट हादसे की शिकायत पर आयुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट को जांच कर आख्या देने के निर्देश दिये थे। उक्त के संबन्ध में



शनिवार को लिफ्ट संचालक एवं भवन स्वामी के द्वारा बताया कि लिफ्ट का संचालन मानकों के अनुसार कर दिया है और लिफ्ट में सिक्योरिटी गार्ड के साथ ही लिफ्ट में क्षमता का अलार्म भी लगा दिया है। आयुक्त श्री रावत ने कहा कि इस प्रकार की पुनर्रावृत्ति भविष्य में ना हो इसके लिए समय–समय पर मानिटरिंग भी की जाए। वहीं दूसरी ओर राधा पाण्डे निवासी मुखर्जी नगर जगतपुरा ने बताया कि उनके भूखण्ड को बाईपास के लिए अधिगृहण किया गया लेकिन उनको जो मुआवजा दिया गया मौजूदा सर्किट रेट के अनुसार नहीं दिया गया। आयुक्त ने भू–आधिपत्य अधिकारी को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस दौरान आयुक्त ने कहा कि पटवारी (राजस्व उपनिरीक्षक) द्वारा दाखिल खारिज के समय जो प्रतिवेदन लगाई जाती है उनमें काफी खामियां होती हैं। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज में प्रतिवेदन लगाते समय भलीभांति अभिलेख एवं भू–खण्ड का स्थलीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही सही रिपोर्ट लगायें, उन्होंने कहा जानबूझ कर गलत प्रतिवेदन लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया।

# ट्रेन से लाखों की चोरी जेवर लेकर चोर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चलती ट्रेन में सफर कर रही महिला के लाखों रुपये के जेवर चोर पार कर ले गए। महिला को वारदात की भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी मिलने पर जीआरपी काठगोदाम ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शातिर चोरों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, ऊधमसिंह नगर जिले के गूलरभोज के संतोष नगर निवासी अनीता 17 मई को अपने बेटे के साथ बरेली जाने के लिए गूलरभोज रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां से वह ट्रेन संख्या 55308 काशीपुर–कासगंज पैसेंजर में सवार हुईं। अनीता ने अपना ट्रॉली बैग बर्थ के पास ऊपर रख दिया और खुद कोच के दूसरी ओर सीट पर बैठ गईं। जब ट्रेन सिडकुल हॉल्ट पर पहुंची, तो उन्होंने बैग चेक किया तो देखा कि उसमें रखे सोने के दो हार, एक जोड़ी झुमके, दो जोड़ी चूड़ियां और एक जोड़ी कंगन गायब हैं। महिला के मुताबिक बैग पूरी तरह बंद था, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर बेहद शातिर थे और सफर के दौरान ही मौका देखकर चोरी को अंजाम दे गए। जीआरपी काठगोदाम थानाध्यक्ष नरेश कोहली ने बताया कि अनीता की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। रेलवे स्टेशन और ट्रेन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है।

# जर्जर सड़कें दे रहीं हादसों का दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पिछले नौ माह से सीवर लाइन बिछाने के बाद से टूटी पड़ी

**■ पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन**

सड़कों को दुरूस्त करने व पेयजल किल्लत की समस्याओं को लेकर गांधीनगर वार्ड–27 के पार्षद रोहित कुमार के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने लोनिवि व जलसंस्थान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शनिवार को गांधीनगर वार्ड–27 के लाइन नंबर–16 में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी को लेकर



स्थानीय पार्षद के रोहित कुमार की अगुवाई में दर्जनों लोग एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले 9 महीनों से सीवर लाइन बिछाने के बाद क्षेत्र की सड़कें टूटी पड़ी हैं, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही जर्जर सड़कों व गड्डों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पार्षद रोहित कुमार ने कहा कि इस बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी के कारण वहां के बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, गर्भवती महिलाओं को आवागमन में कठिनाइयां और बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने बताया इसके साथ ही क्षेत्र में पेयजल संकट भी गहराया हुआ है, लेकिन पेयजल निगम और लोक निर्माण विभाग उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने कहा कई बार वार्ड की समस्याओं को लेकर दोनों विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करा चुके है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही वार्ड की समस्याओं का शीघ्र ही समाधान नहीं हुआ तो वह क्षेत्र की जनता के साथ आंदोलन को बाध्य होगे। प्रदर्शन करने वालो में नदीम, कामरान, परवेज़, सोनू, तस्कीन, सलीम, फईम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पर्यटकों से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** वीकेंड के चलते शनिवार को अन्य दिनों की तुलना में नैनीताल में पर्यटकों की भीड़–भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली। लंबे समय के बाद नगर में पर्यटकों की भीड़–भाड़ से पर्यटन कारोबारियों को भी थोड़ी राहत मिली। देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। संभावना जतायी जा रही है कि आने वाले कुछ दिनों के बाद देश के विभिन्न शहरों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद हो जाएंगे, उसके बाद से नगर में और भीड़–भाड़ बढ़ेगी। पर्यटकों ने नगर की बाजारों से खूब खरीददारी की। पर्यटकों के साथ ही पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ने की वजह से यातायात पुलिस को भी यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के खूब पसीना बहाना पड़ा।

# पत्रकारिता दिवस पर होगा कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रेस क्लब हल्द्वानी की एक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष

**■ प्रेस क्लब हल्द्वानी लगवाएगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

संजय तलवाड़ द्वारा की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 30 मई को प्रेस क्लब परिसर में पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर क्लब द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी जैसी जांचें मुफ्त में की जाएंगी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान समाज में



उल्लेखनीय कार्य कर रही 7 महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक का संचालन क्लब के महामंत्री रवि दुर्गापाल ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्लब के सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। बैठक में संरक्षक तारा चंद्र गुर्रानी, सुनील तलवाड़, मनोज तलवाड़, गोपाल जोशी, अनुपम गुप्ता, सुशील शर्मा, एम. हसनैन, प्रवीण चोपड़ा, कमल जोशी, गिरीश गोस्वामी, अनुराग वर्मा, दीपक भंडारी, सलीम खान, संतोष भट्‌ट, प्रशांत श्रोतिया, जया जोशी, तारा टकवाल सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# एसटीएच की अव्यवस्थाओं पर आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा संघर्ष समिति ने संयोजक उवैस राजा के नेतृत्व में शुक्रवार को डा. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) की अव्यवस्थाओं को लेकर गहरा

**■ मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन**

आक्रोश व्यक्त किया और मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डा. अरुण जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में उवैस राजा ने कहा कि कुमाऊं का सबसे बड़ा अस्पताल होने के बावजूद एसटीएच में हार्ट स्पेशलिस्ट (कोर्डियोलॉजिस्ट) तक उपलब्ध नहीं है, जिससे गंभीर हृदय रोगियों को दिल्ली या ऋषिकेश रेफर किया जाता है। उन्होंने मांग की कि



अस्पताल में जल्द से जल्द कोर्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाए। इसके अलावा, उन्होंने रात 12 बजे के बाद जूनियर डॉक्टरों के कथित अभद्र व्यवहार पर चिंता जताते हुए कहा कि मरीजों के साथ संवेदनशीलता से पेश आने के लिए व्यवहारिक और अनुभवी डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई जाए। संघर्ष समिति ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्स–रे और रक्त जांच की दरों में आई वृद्धि को वापस लेने और उन्हें पुराने दर पर करने की मांग की। साथ ही गायनी विभाग और न्यूरो सर्जन विभाग की व्यवस्था को भी बेहतर करने की आवश्यकता बताई। प्राचार्य डा. अरुण जोशी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा जाएगा और जल्द ही आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# वट सावित्री व्रत कल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय पतिव्रता नारियों की आदर्श प्रतीक सावित्री की पुण्य स्मृति में मनाया जाने वाला वट सावित्री व्रत इस वर्ष 26 मई सोमवार को रखा जाएगा। यह व्रत अखंड सौभाग्य, पति की दीर्घायु तथा पारिवारिक सुख–समृद्धि की कामना के लिए रखा जाता है। इसी दिन दर्श अमावस्या भी है, जिसमें पितृ कार्य संपन्न किए जाएंगे। अगले दिन 27 मई को शनि जयंती के अवसर पर प्रात: स्नान–दान और देव कार्य संपन्न होंगे। उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस वर्ष अमावस्या तिथि का आगमन 26 मई को दोपहर 12:12 बजे हो रहा है, जो 27 मई को प्रात: 8:31 बजे तक रहेगी। शास्त्रानुसार, अमावस्या तिथि मध्यान्ह व्यापिनी होने के कारण वट सावित्री व्रत का पूजन 26 मई की दोपहर में करना शुभ रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष वृषभ, कन्या एवं मकर राशि के नवविवाहित दम्पत्तियों को सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि इस समय चन्द्रमा इन राशियों के लिए प्रतिकूल स्थिति में है। वहीं, अविवाहित कन्याओं के लिए यह व्रत अत्यंत फलदायी माना गया है। यदि वे यह व्रत संकल्पपूर्वक करें, तो उन्हें योग्य जीवनसाथी मिलने की सम्भावना प्रबल होती है। वहीं, पंडित तिलक कांडपाल ने बताया कि इस दिन बरगद के वृक्ष का पूजन विशेष महत्व रखता है। यदि उपयुक्त स्थान पर बरगद का पौधा लगाकर उसकी उचित देखभाल की जाए, तो यह आर्थिक व पारिवारिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। बरगद की जड़ को पीले कपड़े में बांधकर घर में स्थापित करने तथा निर्धन सौभाग्यवती महिलाओं को श्रृंगार सामग्री का दान करने से परिवार में सुख–शांति एवं समृद्धि आती है।

# इंदिरानगर में पाइपलाइन का काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के इंदिरा नगर वार्ड–32 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में



एक बड़ी पहल करते हुए शनिवार को पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया गया। यह कार्य 10 लाख रुपये से अधिक की लागत से किया जा रहा है, जिसे विधायक सुमित हृदयेश द्वारा विधायक निधि से स्वीकृत किया गया है। बता दें कि पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी और क्षेत्र की पार्षद फाईम ज़ेबा सलमानी ने क्षेत्र की जल समस्या को लेकर शहर विधायक सुमित हृदयेश से मुलाकात करते हुए क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया था। पूर्व सभासद शकील सलमानी ने बताया कि आज शनिवार से शुरू हुए कार्य में इंदिरा नगर बरसाती क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जा रही है, जिससे वार्ड के हजारों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं जल संस्थान के सहायक अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार तथा बनभूलपुरा के जूनियर इंजीनियर मौके पहुंचकर कार्य की निगरानी की। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने विधायक सुमित हृदयेश और जल संस्थान का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी, सबरी मस्जिद के सदर मोहम्मद नबी, निजामुद्दीन सलमानी, सब्बू अहमद, शरीफ अहमद, शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्यपाल का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) शनिवार को ग्रीष्मकालीन प्रवास पर राजभवन नैनीताल पहुंचे। राजभवन पहुंचने पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अधिकारियों से मंडल एवं जिले के विकास कार्यों सहित कानून व्यवस्था के संबंध में जानकारी भी ली। राजभवन पहुंचने पर आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, आईजी रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी वंदना सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# किसान नेताओं को जनसंपर्क से रोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी 27 मई को हल्द्वानी के बुधपार्क में बागजाला गांव की पेयजल, सड़क और विकास कार्यों की मांग को लेकर आयोजित होने वाली चेतावनी रैली के प्रचार के दौरान शुक्रवार को बागजाला गांव में अखिल भारतीय किसान महासभा के नेताओं को पुलिस द्वारा जनसंपर्क अभियान से रोकने की घटना सामने आई है। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी और डा. कैलाश पांडेय सहित संगठन के स्थानीय कार्यकर्ता शुक्रवार को बागजाला गांव में पर्चा वितरण और जनसंपर्क अभियान के तहत भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ के जवान वहां पहुंचे और नेताओं से बैनर व प्लेकार्ड हटाने, नारेबाजी बंद करने और प्रचार रोकने को कहा। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि गांव में इस तरह का प्रचार नहीं किया जा

**■ किसान महासभा ने पुलिस पर उठाए सवाल**

सकता, जबकि किसान नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। डा. कैलाश पांडेय ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस से इस रोक का कारण पूछा, तो उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। पुलिस अधिकारियों ने धमकी भरे लहजे में वीडियो बनाने, नाम–पता नोट करने, बैकग्राउंड चेक करने और मुकदमा दर्ज करने की बात कही। पुलिस बल कथित तौर पर गांव में किरायेदारों के सत्यापन अभियान के लिए पहुंचा था, लेकिन किसान नेताओं का आरोप है कि इस अभियान की आड़ में लोकतांत्रिक गतिविधियों को रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में घूमकर लोगों को रैली की जानकारी देना न तो अपराध है, न ही कानून का उल्लंघन। किसान महासभा ने सवाल उठाया है कि क्या नैनीताल जिले के बागजाला गांव में धारा 144 लागू है, या फिर पुलिस अब जन आंदोलन को दबाने के लिए राजनीतिक कैडर की तरह व्यवहार कर रही है। संगठन ने नैनीताल एसएसपी से इस पूरे घटनाक्रम पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की है।

## इंस्पिरेशन में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीबीएसई की ओर से इंस्पिरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन रक्षिता साह एवं अंकित जायसवाल ने शिक्षक–शिक्षिकाओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विषय की महत्ता, शीर्षक की उपयोगिता एवं विषय की अवधारणा को स्पष्ट करना सिखाया। इसके अतिरिक्त कक्षा में प्रबंधन किस प्रकार किया जाए, उसे रोचक गतिविधियों जैसे रोल–प्ले, विषय प्रस्तुतिकरण एवं प्रॉप्स का उपयोग करके सिखाया गया। इससे पहले कार्यशाला का प्रारम्भ प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप प्रधानाचार्य ममता तनेजा व सीबीएसई रिसोर्स पर्सन ने दीप प्रज्वलित कर किया। अंत में प्रधानाचार्य माथुर ने विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं रिसोर्स पर्सन का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में विभिन्न स्कूलों के शिक्षक मौजूद रहे।




शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल–9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।




## इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित

# टीम की कमान शुभमन गिल को

## ऋषभ पंत बनाए गए उप कप्तान

**मुबंई, वार्ता।** इंग्लैंड में अगले माह शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृखंला के लिए बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत को उप कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई की चयन समिति ने इंग्लैंड दौरे के लिए शनिवार को टेस्ट टीम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन गिल टीम की कप्तानी करेंगे और रिषभ पंत उप कप्तान होंगे।

**भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी**

अटठारह सदस्यीय टीम के अन्य सदस्यों में यशस्वी जायसवाल, के एल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाशदीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव को शामिल किया गया है।

अब तक टीम की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा कर दी थी, जिसके बाद गिल को नया कप्तान बनाया गया है। बल्लेबाज विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से सन्यास की घोषणा कर चुके हैं। अरसे बाद भारतीय टीम इन अनुभवी खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में खुद को साबित करने विदेशी जमीन पर उतरेगी। इस दौरे में भारतीय टीम इंग्लैंड के साथ पांच टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट 20 जून को हेडिंग्ली में, दूसरा दो जुलाई को एजबेस्टन, तीसरा 10 जुलाई को लॉर्ड्स, चौथा 23 जुलाई को ओल्ड ट्रैफ़र्ड और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई को द ओवल में खेला जायेगा। मोहम्मद शमी अनफिट होने के कारण टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं जबकि करुण नायर की टीम में वापसी हुई है।

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आक. ाश दीप और अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी को धार देंगे जबकि कुलदीप यादव और जडेजा अंग्रेजों को फिरकी में उलझाने की जिम्मेदारी उठायेंगे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने भरोसा जताया कि गिल की अगुवाई में भारतीय टीम अपना शत प्रतिशत देने में सफल रहेगी।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स में नागालैंड की महिलाओं ने रचा इतिहास

**दीव, वार्ता।** नागालैंड ने शुक्रवार रात दीव में खेले गए खेलो इंडिया बीच गेम्स में सेपकटकरॉ महिलाओं की क्वाडरेगु टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार किसी खेलो इंडिया प्रतियोगिता के शीर्ष तीन में पहुंचा दिया। वहीं,दिल्ली ने मणिपुर को हराकर पुरुषों की क्वाडरेगु टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नागालैंड ने खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में अपना अभियान कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर समाप्त किया, जिसमें उन्होंने 5 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य पदक जीते। नागालैंडके चार स्वर्ण पदक पेंचक सिलाट से आए हैं।पदक तालिका में मणिपुर और महाराष्ट्र पहले और दूसरे स्थान पर रहे। घोंघला बीच पर जैसे ही अंतिम सीटी बजी, वहां उत्सव और जश्न का माहौल छा गया।नागालैंड की महिला टीम ने घबराहट, कड़ी टक्कर और दबाव का सामना करते हुए हरियाणा को रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। वहीं, दिल्ली की पुरुष टीम ने फाइनल में मणिपुर को सीधे सेटों में 2-0 से हराकर आसानी से खिताब जीता। पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल के दौरानबड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। नागालैंड महिला टीम की कप्तान सैयेख्रिए नोतेपा ने मैच के बाद कहा, ह्मैं बहुत खुश हूं।

# आज सीएसके से भिड़ेगी गुजरात

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) रविवार को यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 67वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का सामना करेगी। हाल ही में मिली हार के बाद, गुजरात पर लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए इस मैच को जीतने का दबाव है। गुजरात ने 13 मैचों में 17 अंकों के साथ पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

हाल ही में लखनऊ सुपर जायंट्स से मिली हार ने शीर्ष दो में जगह बनाने की उनकी कोशिशों को झटका दिया है। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से मिली हार की बदौलत, जीटी अभी भी बढ़त बनाए हुए है। इस सीजन में जीटी की सफलता काफी हद तक उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लगातार अच्छे प्रदर्शन की वजह से है। साई सुदर्शन और शुभमन गिल दोनों ने 600 से ज्यादा रन बनाए हैं, जिससे वे गुजरात की बैलटग लाइनअप की रीढ़ बन गए हैं। दोनों खिलाड़ियों ने नियमित रूप से महत्वपूर्ण पारियों में योगदान दिया है और इस मैच में 30 से ज्यादा रन बनाने के लिए उन्हें स्मार्ट दांव के रूप में देखा जा रहा है। जोस बटलर का फॉर्म भी महत्वपूर्ण रहा है, जिसने शीर्ष पर स्थिरता प्रदान की है। मध्य और निचले क्रम को शेरफेन रदरफोर्ड ने मज़बूत किया है, जिन्होंने 161 की शानदार स्ट्राइक रेट से 267 रन बनाए हैं। शाहरुख खान ने पिछले गेम में 27 गेंदों पर 59 रनों की तेज़ पारी खेलकर अपनी विस्फोटक क्षमता दिखाई थी। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि गुजरात के पास स्कोरिंग में तेज़ी लाने के लिए कई विकल्प हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, गुजरात ने संतुलित आक्रमण के साथ कड़ा नियंत्रण बनाए रखा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने कुल मिलाकर 36 विकेट लिए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर रविश्रीनिवासन साई किशोर ने नौ रन प्रति ओवर से कम की इकॉनमी रेट के साथ 16 विकेट लिए हैं। राशिद खान और कैगिसो रबाडा ने अपनी शानदार फॉर्म के बावजूद इस सीजन में मिली-जुली सफलता हासिल की है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 में कुछ हाई-स्कोरिंग मैच देखने को मिले हैं, जिसमें पहली पारी का औसत स्कोर 178 रन के आसपास रहा है। इस मैदान पर सबसे बड़ा लक्ष्य 2023 में गुजरात के खिलाफ कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 207-7 के स्कोर पर हासिल किया गया था। पिच तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआत में अच्छी उछाल और गति प्रदान करती है, साथ ही खेल आगे बढ़ने पर स्पिनरों की भी मदद करती है। बल्लेबाजों को स्ट्रोक खेलने के लिए अनुकूल ठोस सतह की उम्मीद हो सकती है, लेकिन पारी के उत्तरार्ध में स्कोरिंग धीमी हो जाती है। चेन्नई अपने अब तक के सबसे खराब आईपीएल अभियान के साथ मैच में उतरेगी। 13 मैचों में सिर्फ़ छह अंक और खराब नेट रन रेट के साथ, सीएसके का तालिका में सबसे नीचे रहना लगभग तय है। संघर्षों के बावजूद, डेवल्ड ब्रेविस और आयुष म्हात्रे जैसी युवा प्रतिभाओं ने उम्मीद का संचार किया है। ब्रेविस विशेष रूप से प्रभावशाली रहे हैं, उन्होंने सिर्फ़ पाँच मैचों में 160 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए हैं, जिससे मध्य क्रम में काफ़ी ज़रूरी गति मिली है। वरिष्ठ खिलाड़ी शिवम दुबे सीएसके के लिए 130 से कम के स्ट्राइक रेट से 340 रन बनाए हैं।

**गुजरात की नजरें शीर्ष दो में जगह बनाने पर, नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होगा 67वां मुकाबला**

### खेल विशेष

## सुक्खु ने अंगमो को एवरेस्ट फतह करने की दी बधाई

**शिमला, वार्ता।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को पर्वतारोही छोंजिन अंगमो को माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री सुक्खू ने कहा कि किन्नौर ज़िला के चांगो गांव निवासी छोंजिन अंगमो जी ने माउंट एवरेस्ट की चोटी पर विजय पताका फहराकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देश और पूरी दुनिया में गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि दृष्टिबाधित छोंजिन अंगमो जी ने अपार साहस और अटूट संकल्प से दुनिया को दिखा दिया कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। उनकी यह सफलता युवाओं को अपने कर्तव्यपथ पर डटे रहने की प्रेरणा प्रदान करेगी। सीएम ने अंगमो और उनके परिवार को इसअविस्मरणीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दीं।

## खिलाड़ियों के सपनों को एमपीएल दे रही है उड़ान

**ग्वालियर, वार्ता।** मध्य प्रदेश लीग उभरते हुए क्रिकेटरों के लिए आईपीएल जैसे बड़े मंच पर पहुंचने का माध्यम बनती जा रही है, जिसका ताजा उदाहरण माधव तिवारी, अनिकेत वर्मा और शिवम शुक्ला के रूप में इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के संस्करण में देखा जा सकता है। अनिकेत वर्मा ने आईपीएल 2025 में युवा खिलाड़ियों में सबसे शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में भोपाल लेपर्ड्स के लिए मात्र 41 गेंदों में 123 रन की तूफानी पारी खेली, जिसके चलते उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने स्क्वॉड में शामिल किया। 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदे गए अनिकेत वर्मा ने हैदराबाद के लिए इस सीजन में 12 मैच खेले हैं और 155-91 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 74 रन बनाते हुए कुल 198 रन बनाए हैं। आक्रामक बल्लेबाजी और क्लीन हिटिंग के लिए पहचाने जाने वाले अनिकेत ने अपने इस प्रदर्शन के दौरान 16 छक्के लगाने के साथ ही 5 कैच भी पकड़े।

# शानदार तरीके से अभियान समाप्त करने उतरेगी केकेआर-एसआरएच

- दोनों ही टीमें प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है यह मैच सिर्फ प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) रविवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन के अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी। दोनो ही टीमे प्लेऑफ के लिए दावेदार नहीं है, जिससे मैच नंबर 68 प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गया है। हालांकि, दोनों फ्रेंचाइजी इस साल के टूर्नामेंट में विपरीत प्रदर्शन के बावजूद सकारात्मक प्रदर्शन के साथ अभियान को समाप्त करना चाहेंगी। सनराइजर्स हैदराबाद ने खराब शुरुआत के बावजूद अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। अपने पिछले मैच में, हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 42 रनों की शानदार जीत दर्ज की, जिसमें ईशान किशन की 48 गेंदों पर 94 रनों की तूफानी पारी शामिल थी। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के धमाकेदार फॉर्म ने टीम की वापसी में अहम भूमिका निभाई है, जिन्होंने 193 के स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 407 रन बनाए हैं। इस बीच, गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) इस सीजन में लय हासिल करने में विफल रही है और 13 मैचों में से पांच जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। आरस. ीबी के खिलाफ उनका सबसे हालिया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया, जिससे उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हो गईं। अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे 375 रनों के साथ केकेआर के मुख्य खिलाड़ी रहे हैं, जबकि आंद्रे रसेल ने लगातार प्रभावशाली पारियों के साथ फॉर्म की झलक दिखाई है। हालांकि, बल्लेबाजी और डेथ बॉलिंग दोनों में असंगतता ने पूरे सीजन में नाइट राइडर्स को नुकसान पहुंचाया है। अरुण जेटली स्टेडियम में बल्लेबाजों को ज्यादा मदद मिलने की उम्मीद है। इस मैदान पर पिछले दो आईपीएल 2025 मुकाबलों में 199 और 187 रनों का स्कोर आसानी से हासिल किया गया था, जो टॉस जीतने पर पहले गेंदबाज़ी करने की प्राथमिकता को दर्शाता है। रविवार का मौसम गर्म और नम रहने का पूर्वानुमान है, बारिश की कोई आशंका नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, केकेआर ने पिछले छह मुकाबलों में से चार में जीत हासिल करते हुए हाल के रिकॉर्ड पर अपना दबदबा बनाया है। हालांकि, एसआरएच इस समय बेहतर स्थिति में दिख रहा है, क्योंकि उसके खिलाड़ी फॉर्म में हैं और जीत की लय उनके पीछे है।

# विंडीज के खिलाफ इंग्लैंड ने जीती सीरीज




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने होव में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराकर टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

जीत के लिए मात्र 82 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड ने शुक्रवार को कप्तान नेट साइवर-ब्रंट के 31 गेंदों पर नाबाद 55 और सोफिया डंकले के नाबाद 24 रनों की मदद से 9-2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। डैनी वायट-हॉज पारी की पहली गेंद पर आउट हो गईं थी। वेस्टइंडीज ने अपने चार विकेट मात्र 29 रन पर ही खो दिए थे और आखिर में वह नौ विकेट पर 81 रन का मामूली स्कोर ही बना सकी। तेज गेंदबाज एम अर्लट ने अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैच में 14 रन देकर 3 विकेट लिए, जिसमें विंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज के छह और अनुभवी बल्लेबाज स्टेफनी टेलर (शून्य) के महत्वपूर्ण विकेट शामिल हैं। तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने 28 रन देकर 3 विकेट लिए और स्पिनर चार्ली डीन ने अपने चार ओवरों में 12 रन देकर 2 विकेट चटकाए।

शेमाइन कैम्पबेले और शबिका गजनबी वेस्टइंडीज की दो बल्लेबाज थीं जो दोहरे अंक तक पहुंचीं, जिन्होंने क्रमश: 26 और 22 रन बनाए और उनकी पूरी पारी में केवल आठ चौके लगे, जिसमें 74 डॉट बॉल भी शामिल हैं। तीसरा और अंतिम टी-20 सोमवार को चेम्सफोर्ड में होगा।

## आईएलसी के उद्घाटन मुकाबले में इंडियन वॉरियर्स से भिड़ेंगे अफ्रीकन लायंस


**आईएलसी का उद्घाटन मुकाबला 27 मई की शाम को होगा**

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 27 मई से शुरू हो रही इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) का उद्घाटन मुक. ाबला इंडियन वॉरियर्स और अफ्रीकन लायंस के बीच 27 मई की शाम खेला जाएगा। जिसके बाद 28 मई से प्रतिदिन डबल हेडर मुक. ाबले देखने को मिलेंगे। दिन का पहला मैच दोपहर 3:30 बजे से, जबकि दूसरा मुकाबला शाम 7:30 बजे शुरू होगा। लीग चरण तीन जून को समाप्त होगा, जिसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले चार जून को क्रमशः दोपहर 3:30 बजे और शाम 7:30 बजे से खेले जाएंगे। पांच जून को ग्रैंड फिनाले मुकाबला खेला जाना तय है। आईएलसी के संस्थापक और निदेशक प्रदीप सां. गवान ने कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि, ह्यह सिर्फ के लीग नहीं बल्कि छह महाद्वीपों का समागम है। शेड्यूल को इस तरह से तैयार किया गया है कि रोमांच बना रहे और दुनियाभर के दर्शक हर दिन स्क्रीन से जुड़े रहें। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी धाकड़ बल्लेबाज हर्शल गिब्स अफ्रीकन लायंस की कप्तानी करेंगे, तो वहीं एशियन किंग्स की अगुवाई सुरेश रैना के हाथों में है। एशिया की इस टीम में रैना के साथ पूर्व श्रीलंकाई दिग्गज तिलकरत्ने दिलशान और अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान भी जलवा बिखेरते नजर आएंगे। इस चैंपियनशिप का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।

**टीमें**

अफ्रीकन लायंस, ट्रांस टाइटंस (ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड), यूरो ग्लैडिएटर्स, अमेरिकन स्ट्राइकर्स, एशियन किंग्स और इंडियन वॉरियर्स।

# 100वें एटीपी खिताब से एक कदम दूर जोकोविच



**जिनेवा, वार्ता।** नोवाक जोकोविच ने जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में ब्रिटेन के कैमरन नॉरी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत हासिल कर अपने 100वें एटीपी टूर-स्तरीय एकल खिताब से एक जीत दूर पहुंच गए हैं।

जिमी कोनर्स और रोजर फेडरर के बाद जोकोविच ओपन युग में 100 एटीपी खिताब जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को नॉरी पर 6-4 6-7 (6-8) 6-1 की शानदार जीत के साथ उस मील के पत्थर के करीब एक कदम और बढ़ा दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार जोकोविच ने पिछले साल गर्मियों में पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है। वह शनिवार को होने वाले फाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हर्काज़ से भिड़ेंगे। गुरुवार को 38 साल के हो गए जोकोविच ने कहा कि यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन मैच था।

**नोवाक ने पेरिस में ओलंपिक स्वर्ण जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीता है**

जोकोविच के लिए यह क्ले सीजन निराशाजनक रहा है, उन्हें मैड्रिड और मोंटे कार्लो में तुरंत बाहर होना पड़ा। हालांकि, जिनेवा में एटीपी 250 खिताब फ्रेंच ओपन से पहले यह टूर्नामेंट आत्मविश्वास बढ़ाने वाला हो सकता है, जहां वह रिकॉर्ड तोड़ 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश करेंगे। रविवार से शुरू होने वाले रोलांड गैरोस में पहले दौर में जोकोविच का सामना अमेरिकी मैकेंजी मैकडोनाल्ड से होगा। सीजन के अपने पहले सेमीफाइनल में खेलते हुए, नॉरी ने पहले सेट में जोकोविच की सर्विस पर सिर्फ दो अंक जीते। दूसरे सेट में ब्रिटिश खिलाड़ी ने नियंत्रण हासिल किया और पहली बार जोकोविच की सर्विस को चुनौती देते हुए 4-1 से आगे हो गया। 5-2 पर जोकोविच द्वारा किए गए डबल फॉल्ट ने नॉरी को एक सेट प्वाइंट दिलाया, लेकिन वह अपना मौका चूक गए।

## कामिला राखिमोवा के खिलाफ मैच से फ्रेंच ओपन अभियान की शुरुआत करेंगी सबालेंका

**पेरिस, वार्ता।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल में रविवार को रूस की कामिला राखिमोवा के खिलाफ़ अपना अभियान शुरू करेंगी। सबालेंका को ड्रॉ के उसी हिस्से में रखा गया है, जिसमें पाँचवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी इगा स्वियाटेक हैं। 27 वर्षीय बेलारूसी खिलाड़ी ने मियामी और मैड्रिड में दो डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीते हैं, साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन, इंडियन वेल्स और स्टटगार्ट में तीन अन्य फाइनल में पहुंची हैं। इस सीजन में क्ले पर तीन बार की गत विजेता इगा स्विएटेक के संघर्ष से सबालेंका का हाथ मजबूत हुआ है।सबालेंका ने कहा कि यह जानते हुए कि कोई मेरा पीछा कर रहा है या मेरी पीठ पर निशाना लगा रहा है, मुझे यह अच्छा लगता है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेती हूँ। देखते हैं कि कौन दबाव के क्षणों के लिए तैयार है। सबालेंका पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में रूसी किशोरी मीरा एंड्रीवा से पेट दर्द की समस्या के चलते हार गई थी।

## एनसीसी कैडेट्स ने पुलिस व हेल्पिंग हैंड संस्था के साथ मिलकर निकाली जागरूकता रैली

# छात्रों को दी ट्रैफिक नियमों व स्वच्छता की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी के 400 एनसीसी कैडेटस द्वारा द नेशनल हेल्पिंग हैंड (अशासकीय संस्था) के साथ मिलकर नशा उन्मूलन, ट्रैफिक जागरूकता व स्वच्छता को लेकर एक बड़ी रैली का आयोजन टैंक चौक, गणेशपुर पुल, गोल चौराहा, रेलवे स्टेशन, मालवीय चौक होते हुए गणेशपुर पुल पर संपन्न किया गया।

जानकारी के अनुसार इस महा रैली में रुड़की के कई विद्यालयों के सीनियर व जूनियर एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम का कार्यक्रम का आयोजन दी हेल्पिंग और संस्था के अध्यक्ष नौशाद हाशमी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रैफिक इंस्पेक्टर राजेंद्र नाथ द्वारा एनसीसी कैडेट्स को जीवन में ट्रैफिक नियमों का पालन व




हेलमेट लगाने से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। इसके बाद एसपी देहात शेखर चंद सुयाल द्वारा एनसीसी कैडेट्स को जीवन के महत्व के बारे में समझाया गया। एनसीसी कैडेट्स को नशा न करने की शपथ दिलवाई । कार्यक्रम में ले कर्नल अमन कुमार सिंह, कार्यवाहक कमान अधिकारी 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की की रही जिनके द्वारा आम-जनमानस को हेलमेट वितरित किए गए व हेलमेट लगाने से बचने वाले जीवन को बहुमूल्य बताया गया। कमान अधिकारी द्वारा एनसीसी कैडेट्स को हमेशा हेलमेट लगाकर की ही दुपहिया वाहन पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक सेकंड ऑफिसर कमल मिश्रा व नोडल ऑफिसर नीरज नौटियाल द्वारा एनसीसी कैडेट को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई व रैली का संचालन भी किया। इस जागरूकता रैली को महत्वपूर्ण बनाने में बटालियन के प्रशिक्षण अधीक्षक रवि कपूर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी विभाग से सूबेदार राजेश, हवलदार विनोद, हवलदार पूरन सिंह नेगी, हवलदार संदीप प्रजापति के साथ-साथ दी हेल्पिंग हैंड संस्था से रियासत अली, इनाम, सरफराज, अंकित, अखलाक, सुशील, निशात फातिमा, कुर्बान, नईम आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब रुड़की इलीट ने बच्चों को पर्यावरण व स्वछता के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की इलीट द्वारा, खंजरपुर स्थित स्कूल नंबर तीन में, दिनांक 22 मई को, पर्यावरण विषय पर, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा बनाये गए सुन्दर रंग बिरंगे चित्रों ने सबका मन मोह लिया।

क्लब सचिव,रो अरुणिमा सिंह तथा रो राधिका अग्रवाल ने बच्चों के साथ जीवन में जल के मेहत्व, पृथ्वी और पर्यावरण का ख्याल रखने तथा अपनी और अपने आस पास की स्वछता के प्रति विचार साझा किए । क्लब अध्यक्ष रो दीप्ति कर्माकर ने, शुरू हो रही गर्मियों की छुटियों में बच्चों को पशु पक्षियों को पानी पिलाने के लिए तथा उनका ध्यान रखने के लिया सजग किया। प्रतियोगिता में अनायता सामंत ने प्रथम, अनत ने द्वितीय, इनायत ने तृत्य पुरस्कार और नंदिनी ने विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। क्लब के सदस्यों ने सभी बच्चों को रंग, ड्राइंग कॉपी, अन्य स्टेशनरी तथा का सामान वितरित किया तथा जिंदगी में सदा सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर रो अंजली गर्ग,रो सविता सिंह, रो अनिरुद्ध गोयल, अवध ेश शर्मा ,संजय सामंत, आदि उपस्थित रहे।

# सोते हुए व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** खानपुर थाना क्षेत्र के प्रहलादपुर पंचायत के मजरे हस्तमाली में बीती रात एक हृदय विदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक अज्ञात हमलावर ने घर में घुसकर 45 वर्षीय मलक राज की गोली मारकर हत्या कर दी। यह वारदात रात करीब 2 बजे उस समय हुई, जब मलक राज अपने परिवार के साथ सो रहे थे। आधी रात को घर परिवार बेखबर मृतक के पुत्र सौरभ ने बताया कि वे सभी रात में अपने घर में सो रहे थे, तभी करीब 2 बजे उन्हें गोली चलने की आवाज सुनाई दी। हालांकि, उन्हें यह नहीं पता चला कि गोली किसने चलाई, और वे फिर से सो गए। सुबह जब सौरभ की माँ मालती देवी ने शोर मचाया, तब परिजनों को मलक राज के सीने में गोली लगने का पता चला, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी।पत्नी ने देखा पति को मृतमलक राज की पत्नी मालती देवी ने आपबीती सुनाते हुए बताया कि रात में उन्हें गोली की आवाज तो सुनाई दी थी, लेकिन उन्हें गोली चलने की सही जगह का अंदाजा नहीं था। सुबह 4 बजे जब वह उठीं और अपने पति को देखा, तो वह मुंह खोलकर पड़े थे और उनका चेहरा सूजा हुआ था। कपड़ा हटाने पर उन्हें खून और एक बड़ा छेद दिखा, जहाँ गोली लगी थी। उनके शोर मचाने पर परिजन और आस-पड़ोस के लोग जाग गए, और पुलिस को सूचित किया गया।सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी देहात ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि खानपुर थाना क्षेत्र के हस्तमाली में एक व्यक्ति को अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारी गई है, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। इस जघन्य वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

## राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले संगठन राष्ट्रीय महासचिव

# उत्तराखंड में तीसरा विकल्प बनेगा रालोद: त्रिलोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन की मजबूती पर वक्ताओं ने बल दिया। उन्होंने 2027 में उत्तराखंड में मजबूती से चुनाव लड़ने की बात कही और दावा किया कि जनता उन्हें तीसरे विकल्प के रूप में देख रही है।

नगर निगम सभागार में मुख्य वक्ता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी ने कहा उत्तराखंड में हमने पार्टी के लिए काम

**❖2027 में उत्तराखंड में मजबूती से चुनाव लड़ेगी पार्टी**

कम किया है इसलिए यहां पार्टी कमजोर रही है लेकिन इस सम्मेलन के बाद अब पार्टी प्रदेश में मजबूती से आगे बढ़ेगी। कार्यकर्ताओं से अपील की कि पार्टी की रीती नीतियों को जन-जन तक पहुंचने का काम करें। कहा कि 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और उसके बाद 15 नवंबर तक संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



उन्होंने कहा पार्टी के संस्थापक पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। जनता उन कार्यों को अब भी याद करती है। उन्होंने जातीय जनगणना और ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का समर्थन किया। प्रदेश प्रभारी चौधरी नीरपाल सिंह व युवा प्रदेशध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने कहा सम्मेलन का उद्वेश्य है कि सदस्यता अभियान को गति दी जाए । पार्टी में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव गांव जाकर पार्टी की रीति नीति लोगों को बताएंगे।। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कपिल कुमार त्यागी,देवपाल राठी, देवेंद्र टिकोला,दीपक तोमर, कमलप्रीत अरोड़ा, विनय प्रधान प्रभारी जम्मू कश्मीर, प्रदुमन कुमार राष्ट्रीय सचिव, निरपाल चौधरी खेल प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजेंद्र पंत आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता व पूर्व पार्षद पर दिनदहाड़े हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा नेता एवं पार्षद सुबोध सैनी से उनके कार्यालय में लूट का प्रयास किया गया। लेकिन उनकी हिम्मत के चलते बदमाशों का प्रयास असफल रहा और वह अपनी जान बचाकर भागते नजर आए। भाजपा नेता द्वारा मामले की तहरीर सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को दी गई है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को तहरीर में भाजपा नेता सुबोध सैनी के द्वारा बताया गया कि आज सुबह करीब 9:30 बजे वह अपने कार्यालय में बैठे थे तभी दो युवक चाकू के साथ उनके कार्यालय में घुसे और उन पर वार करने का प्रयास किया। लेकिन उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश को पकड़ने की कोशिश की जिसके बाद बदमाश अपनी जान बचाकर भागते नजर आए। उन्होंने बदमाशों का पीछा किया तो वह एक वेगनआर कार में बैठकर फरार हो गए। वहां खड़े लोगों ने गाड़ी का नंबर नोट कर लिया। वही पीड़ित द्वारा पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

## गृहकर व बिजली की बढ़ी दरों का विरोध

# कांग्रेस का निगम कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गृहकर बढ़ोत्तरी एवं अन्य समस्याओं के विरोध में महानगर कांग्रेस ने नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने भाजपा सरकार को जन विरोधी बताया और बढ़े हुए कर को वापस लिए जाने की मांग की। इसके साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी का भी विरोध जताया।

नगर निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन के दौरान कलियर विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि गृह कर को बढ़ाकर सरकार ने अपना जन विरोधी होने का प्रमाण दिया है। उन्होंने कहा कि



सरकार को जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है बस वह जनता को आर्थिक बोझ के तले दबाने का काम कर रही है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट चौध री राजेंद्र सिंह ने कहा वर्तमान नगर विधायक भाजपा से हैं और लगातार सरकार में होने के बावजूद वह नगर में जलभराव की समस्या के समाधान के लिए कोई कार्य नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने बिजली की दरों में फिर बढ़ोत्तरी की है लगातार बढ़ रहे बिलों से जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि गृह कर और बिजली की दर बढ़ाए जाने के बदले सरकार को जनता को सुविध एं देने पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर पार्षद फजलुर्रहमान, संजय तोमर, मोहित त्यागी, राहुल सैनी आदि मौजूद रहे।

# दबंगों पर लगाया खोखा हटाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर तहसील क्षेत्र के रायसी चौराहे के पास दस्को से खोका लगाकर अपना रोजगार कर रहे। व्यक्तियों ने दबंगो पर रात्रि में अपना सामान का खोका हटा कर तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार पीडित ने कहा कि हमारे पिताजी यहां पर करीब 20 वर्षों से भी ज्यादा वक्त से अपना खोका लगाकर रोजगार कर रहे हैं जिससे हमारी और हमारे बच्चों की परवरिश हो रही थी हमारे पास कोई और रोजगार भी नहीं है। उन्होंने कहा कुछ दबंग लोगों ने हमारे रोजगार पर वार किया है जो गलत है। उन्होंने कहा हमने पुलिस चौकी से लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि हम किसी भी कीमत पर अपनी जगह को नहीं छोड़ेंगे क्योंकि यह हमारे परिवार के रोजगार से जुड़ी हुई है और हमारे पूर्वज भी अपना रोजगार यही कर रहे थे उन्होंने कहा इन लोगों के सामने कोई भी नहीं बोलना चाहता है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कोतवाली क्षेत्र से 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नगला कोयल से नारसन जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति अवैध कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां प्लास्टिक की केन लिए एक व्यक्ति खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर घबराने लगा। पुलिस ने आरोपी से नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम 32 वर्षीय शतपाल पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम नारसन कला बताया। जिसके पास से करीब 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# मंगलौर पुलिस ने दो वारंटियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम को अलग-अलग गांव से दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। गिरफ्तार वारंटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर चंदनपुर निवासी मनजीत पुत्र जयपाल और अजब सिंह पुत्र चमन लाल निवासी ग्राम नाथू खेड़ी है।बताया जा रहा है दोनों व्यक्ति काफी दिनों से न्यायालय से फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। शुक्रवार को दोनों वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# दहेज के लिए ससुरालियों ने विवाहिता से मार-पीटकर व घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता के साथ मारपीट गाली गलौज कर घर से बाहर निकालने व मारपीट से विवाहिता का गर्भपात होने के मामले में सुसरालियों के खिलाफ तहरी दी है।

पीडिता के भाई ने बताया कि बहन खुशनुमा का विवाह मौहम्म्द सावेज खान पुत्र श्री प्रवेज खान निवासी मौहल्ला पठानपुरा लाम देवबन्द, जिला सहारनपुर के साथ दिनांक 21.11. 2024 को हुआ था। तभी से खुशनुमा के पति सावेज खान, सास सहाना, ननंद नेहा, आये दिन खुशनुमा को कम देहज लाने के ताने देने लगे तथा खुशनुमा के साथ मारपीट करने लगे। खुशनुमा से निकाह के बाद पडौस में रहने वाली लडकी अनम घर पर आकर लडी तो खुशनुमा को पता चला कि सावेज खान ने खुशनुमा से निकाह से पूर्व अनम नाम की लडकी से भी कोर्ट मैरिज किया हुआ है जिसकी जानकारी लडके के मामा दिलनवाज खान व वाजिद खान को दी थी, तथा मामा ने आकर खुशनुमा के साथ मारपीटायी व धमकाया व बोलने लगे के अनम के साथ इसका विवाह हो रखा है तू अपने घर चली जा तथा सावेज खान खुशनुमा को आये दिन मारपीट करता रहता था और कहता था कि तूझे तालाक दूगां जिसमें समें सावेज खान कि माता सहाना, ननंद नेहा भी साथ देती रहती थी खुशनुमा द्वारा सावेज को बताया कि मै चार महीने कि गर्म से हू जिससे खुशनुमा का पति गुस्से में आ गया तथा कहने लगा कि में तेरा गर्भपात कराऊगां तो खुशनुमा ने मना कर दिया को दिनांक 18.05. 2025 को रात्री में करीब 12:00 बजे सावेज खान ने खुशनुमा के साथ बुरी तरह मारपीट शुरू कर दी उक्त मारपीट से खुशनुमा के शरीर व पेट में काफी चोट लगी, सावेज खान द्वारा की गयी मारपीट से खुशनुमा के पेट अत्याधिक पीढा थी।

जिसके पश्चात् खुशनुमा को सी०एच०सी० मंगलौर (हरिद्वार) ले गये जिसके पश्चात् चिकित्सा उपचार व मैडिकल परीक्षण के बाद बताया गया है कि इसको सिविल अस्पताल रूडकी ले जाओं। प्रार्थी खुशनुमा को लेकर सिविल अस्पताल रूडकी ले गये जिसके बाद पेट में अत्याधिक पीडा हुयी व उपचार के दौरान गर्भ में पल रहा बच्चा दिनांक 21.05.2025 की सुबह करीब 6:00 बजे गर्भपात हो गया तथा खुशनुमा सिविल अस्पताल रूडकी में भर्ती है।

**आवश्यक सूचना**

मंगलौर में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

फिरोज खान

(संवाददाता मंगलौर)

मो. नं० 9368483651

कार्यालय : आनंद मार्केट, मलानपुरा मंगलौर।

# बच्ची के साथ महिला घर से हुई गायब गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर ढाढेकी निवासी राम कुमार पुत्र राम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई है। उसने शिकायत में बताया कि 23 मई को उसकी पत्नी अल्का जिसकी उम्र करीब 32 साल है वह घर से बिना बताए कहीं चली गई, जबकि अपनी 7 वर्षीय पुत्री अनुष्का को भी साथ ले गई। जिस पर उसने अपनी पत्नी को काफी इधर-उध र तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका जिस पर उसने पुलिस को तहरीर देकर अपनी पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छानबीन शुरू करदी है।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली पर भारी लक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा 23 मई 2025 को लक्सर क्षेत्र से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम पारस पुत्र विनोद निवासी शिवपुरी थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमल कांत रतूडी कांस्टेबल अनिल वर्मा महेंद्र सिंह शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**बार के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी : मंगलौर।** कोतवाली क्षेत्र के लंढौरा निवासी मुकेश नेगी पुत्र रतन सिंह ने पुलिस को बताया कि 23 मई को अज्ञात चोरों द्वारा उनकी स्कूटी राणा बार स्थित ग्राम थिथोला से चोरी कर ली गई है। खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# राउमावि नन्हेड़ा में विष्टानिया का विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में आज विद्यालय के शिक्षक चंद्रशेखर विष्टानिया का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया। ध्यान रहे कि विष्टानिया का चयन लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक निदेशक (सांख्यिकी), कृषि विभाग के पद पर हुआ। जिन्हें पहली नियुक्ति कृषि निदेशालय देहरादून में मिली।

चंद्रशेखर विष्टानिया ने अपने संबोधन में विद्यालय की यादों को ताजा किया और बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा रोशनी तक पहुंचने से पहले अंधेरी घटियों से होकर गुजरना पड़ता है। शैलेंद्र गौड़, प्रध ानाचार्य, राउमावि चंद्रपुरी ने अपने परम मित्र विष्टानिया की लगन और जुनून की तारीफ की जिसकी बदोलत वह अपनी मंजिल तक पहुंचने में कामयाब रहे। उन्होंने बच्चों से कहा कि सफलता के इन दो गुणों लगन और जुनून का पल्लू थामे रहो सफलता आपके कदम चूमेगी। रविन्द्र ममगई, राउमावि सालियर ने श्री विष्टानिया की मेहनत को नमन किया जिसने उन्हें चमकता हुआ सितारा बनाया। प्रधानाचार्य ताजीम अली ने बच्चों को कहा कि ज्ञान और तरक्की की सीमाएं आसमान तक है। आप जहां तक चाहे जा सकते है। प्रधानाचार्य ने अपने इस नारे को दोहराया कि जीना है तो पढ़ना होगा। कार्यक्रम का संचालन श्री जसमेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में बिष्टानिया की धर्म पत्नी एवं शिक्षिका श्रीमती गीता विष्टानिया, रोशन लाल, श्रीमती रुपाली वशिष्ठ,



सीआरसी अमीर आलम, पूर्व पीटीए अध्यक्ष मोहम्मद हामिद और टयूटर कंचन नौटियाल सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे। इस अवसर पर विष्टानिया को विद्यालय की और से गिफ्ट, मोमेंटो, हिंद स्वराज की प्रति, शैक्षिक भ्रमण देहरादून के अवसर पर स्टाफ और बच्चों के साथ लिए गए ग्रुप फोटो, ट्राई कलर पगड़ी और शॉल ओढाकर सम्मानित किया।

## बीस लाख रुपये की लागत से बनने वाली

# इंटरलॉकिंग सड़क का विधायक फुरकान ने किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कलियर।** कलियर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलड़ा में विधायक अहमद द्वारा अंबेडकर भवन से लेकर रजवाड़ा फार्म हाउस की ओर तिराहे तक 20 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का उद्घाटन किया। इस मौके ग्राम की महिलाओं व विध ायक द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

महिलाओ के द्वारा रमाबाई अंबेडकर नारी शक्ति संगठन के माध्यम से अंबेडकर भवन के सौंदरीयकरण का एक ज्ञापन विधायक फुरकान अहमद को सौंपा। विधायक ने महिलाओं को भवन के सौंदर्यकरण आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द भवन का सौन्दर्यकरण कराया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष नेत्रपाल सिंह अठवाल, कुलदीप, डॉव शिवकुमार, प्रवीण जायसवाल,



सुमित कुमार, सोनू कुमार, गजेंद्र, कृष्णपाल, रमाबाई, अंबेडकर नारी शक्ति संगठन की अध्यक्ष सुनीता देवी, नीता देवी, रविता देवी आदि उपस्थित रहे।

# आतंकवाद को लेकर पाखंड पर दिल्ली सख्त

## भारत ने पाकिस्तान की संयुक्त राष्ट्र में की कड़े शब्दों में निंदा

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र (संरा) में पाकिस्तान की इस बात के लिए कड़े शब्दों में निंदा की है कि वह भारत में आतंकवादी हमलों को प्रायोजित करने और निर्दोष नागरिकों की हत्या करने के अपने पाखंडी व्यवहार के साथ-साथ आम नागरिकों की सुरक्षा की बात भी कर रहा है।

संरा में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी-हरीश ने शनिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वर्तमान समय में उभरते खतरों से निपटने, नागरिकों, मानवीय एवं संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और पत्रकारों एवं मीडिया पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जवाबदेही तंत्र को बढ़ावा देने के मसलों पर हुई खुली बहस के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही। हरीश ने कहा कि अपनी सीमाओं के पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने वाले देश के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। हरीश ने 'एजेंडा' पत्र 'सशस्त्र संघर्ष में नागरिकों की सुरक्षा' के तहत संबोधन में कहा कि भारत ने अपनी सीमाओं के पार से दशकों तक पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमलों का सामना किया है। ऐसे देश (पाकिस्तान) के लिए नागरिकों की सुरक्षा पर



**पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं**

चर्चा में भाग लेना भी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का अपमान है। पाकिस्तान के सभी तर्कों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कई मुद्दों पर पाकिस्तानी प्रतिनिधि के बेबुनियाद आरोपों का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या के बाद भारत के पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए राजदूत हरीश ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी सेना ने जानबूझकर हमारे सीमावर्ती गांवों पर गोलाबारी की जिसमें 20 से अधिक नागरिक मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने जानबूझकर गुरुद्वारों, मंदिरों और कॉन्वेंट जैसे स्थलों के साथ-साथ सभी चिकित्सा सुविधाओं को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्यवहार के बाद इस संगठन में उपदेश देना घोर पाखंड है। इससे पहले उन्होंने सिंधु जल संधि के बारे में गलत सूचना फैलाने के लिए पाकिस्तान को फटकार लगाते हुए कहा कि उसने भारत के खिलाफ तीन युद्ध और हजारों आतंकवादी हमले करके संधि की भावना का उल्लंघन किया है। उसके इस बर्ताव से नागरिकों का जीवन, धार्मिक सद्भाव और आर्थिक समृद्धि प्रभावित होती है। हरीश ने कहा कि हम सिंधु जल संधि के संबंध में पाकिस्तान के प्रतिनिधिमंडल द्वारा फैलाई जा रही गलत सूचना का जवाब देने के लिए बाध्य हैं। भारत ने एक ऊपरी तटवर्ती देश के तौर पर हमेशा ही जिम्मेदाराना कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों में आतंकवादी हमलों में 20000 से अधिक भारतीय लोगों की जानें गई हैं, जिनमें से सबसे हालिया पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया नृशंस आतंकवादी हमला था।

## ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के कारण दस हजार संपत्तियां क्षतिगस्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) में बाढ़ के कारण लगभग दस हजार संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का अनुमान है। राज्य के आपातकालीन सेवा प्राधिकरण ने शनिवार को कहा कि शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में बाढ़ के पानी में 10000 से अधिक संपत्तियां क्षतिग्रस्त हो गई। राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) के मुख्य अधीक्षक पॉल मैकक्वीन ने आज सुबह संवाददाताओं को बताया कि क्षति आकलन प्रक्रिया शुरू करने के लिए टीमें रवाना होंगी। उन्होंने कहा कि मैं दोहराता हूं कि यह अभी भी एक खतरनाक स्थिति है जहां बुनियादी ढांचे और संपत्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की संभावना है। दुर्भाग्यवश जब तक पानी के स्तर में और कमी नहीं हो जाती तब तक लोगों को अपने घरों में वापस जाने देना संभव नहीं है तथा हमें विश्वास है कि वे अपने घरों और समुदायों तक सुरक्षित पहुंच सकेंगे। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शुक्रवार शाम को एक बयान में कहा कि बचाव अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित मध्य उत्तरी तट पर एक जले हुए वाहन के अंदर एक शव मिला। यह लगातार पांच दिनों की मूसलाधार बारिश के बाद मध्य उत्तरी तट और आसपास के क्षेत्रों में आई व्यापक बाढ़ की समस्या में पांचवीं मौत है।



जम्मू-कश्मीर। पूंछ में एक स्कूल के दौरे के दौरान कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## मैक्सिको 3.5 प्रतिशत धन हस्तांतरण कर का विरोध करने के लिए अमेरिका भेजेगा एक राजनयिक मिशन

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको सरकार ने अमेरिका में रह रहे उसके नागरिकों के स्वदेश धन भेजने पर 3.5 प्रतिशत कर लगाने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले का विरोध किया है और इस पर बातचीत करने के लिए एक राजनयिक मिशन अमेरिका भेजने का निर्णय लिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने कहा कि अमेरिका के इस निर्णय से वहां रह रहे लाखों मेक्सिको के नागरिकों पर गंभीर असर पड़ेगा। सुशिनबाम ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा द्वारा गुरुवार को पारित प्रस्ताव को अस्वीकार किया और अमेरिका में मेक्सिको के समुदाय से इसके खिलाफ एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह एक और टीम अमेरिकी सीनेटरों और सीमा पार हमारे समुदाय के लोगों से बातचीत करने के लिए जाएगी ताकि इसे रोकने का काम जारी रखा जा सके। गौरतलब है कि धन भेजने पर कर जो शुरू में पांच प्रतिशत प्रस्तावित था और बाद में संशोधित कर 3.5 प्रतिशत कर दिया गया था, अब विचार के लिए अमेरिकी सीनेट के पास जाएगा।

## इमरान ने कसा पाक आर्मी चीफ पर तंज

### कहा: उन्हें खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आर्मी चीफ आसिम मुनीर के फील्ड मार्शल बनने पर तंज कसा है। इमरान ने कहा है कि मुनीर को खुद को राजा की उपाधि देनी चाहिए। जेल में बंद इमरान का यह बयान उनके एक्स पर पोस्ट किया है।

इसमें इमरान ने लिखा माशाअल्लाह, जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल बनाया गया है। हालांकि, उन्हें राजा की उपाधि देना ज्यादा अच्छा होता-क्योंकि अभी देश में जंगल का कानून चलता है और जंगल में केवल एक ही राजा होता है। जनरल मुनीर को भारत-पाक संघर्ष के बाद 20 मई को फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोट किया गया। वे देश के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे आर्मी चीफ हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 से 30 मई तक



**पाक पीएम शहबाज चार देशों के दौरे पर जाएंगे**

तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान का दौरा करेंगे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। मंत्रालय के मुताबिक शरीफ इस दौरान इन देशों के साथ कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे और हाल ही में भारत के साथ संघर्ष के समय मदद करने के लिए आभार जताएंगे। बयान में यह भी कहा गया कि शरीफ 29-30 मई को ताजिकिस्तान की राजधानी दुशान्बे में ग्लेशियर्स पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की। बिलावल ने शरीफ से सलाह मांगी कि दुनिया के सामने पाकिस्तान का पक्ष कैसे रखा जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बैठक में सीनेटर शेरी रहमान और पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार भी मौजूद थीं। पिछले हफ्ते, शरीफ ने बिलावल को एक हाई लेवल डेलिगेशन की लीडरशिप सौंपी है, जो भारत के साथ हुए तनाव को लेकर दुनिया के सामने पाकिस्तान क पक्ष रखेगा।

## ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु समझौते पर बेहतर समझ विकसित हुई: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि इटली में 'ईरानी परमाणु दस्तावेजों' पर बातचीत के बाद ईरान और अमेरिका के बीच बेहतर समझ विकसित हुई है। हाल ही में ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका-ईरान की अप्रत्यक्ष वार्ता का पांचवां दौर इटली की राधानी रोम में आयोजित की गई थी। अराघची ने शक्रवार को कहा कि यह अमेरिका के साथ हमारी अब तक की सबसे पेशेवर वार्ताओं में से एक थी मुझे लगता है कि अमेरिका को अब हमारी स्थिति के बारे में पता चल गया होगा। उन्होंने कहा कि ओमान ने ईरान और अमेरिका को समझौते तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए 'कार्यप्रणाली तंत्र' का प्रस्ताव दिया है।

## ट्रम्प के क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना बनेगा पाक

### पीएम शहबाज के बेटे को मिलेगी कमान, दुबई की कंपनी नेटवर्क खड़ा कर रही

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के क्रिप्टो कारोबार की गूंज अब पाकिस्तान पहुंच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प और उनके परिवार द्वारा समर्थित क्रिप्टो बिजनेस का नया ठिकाना अब पाकिस्तान बनने जा रहा है। इस कंपनी की कमान खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बेटे सलमान शहबाज के हाथों में होगी।

दुबई में बनी एक संदिग्ध ब्लाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। हाईलैंड सिस्टम्स की मदद से पाकिस्तान सरकार ब्लाकचेन और क्रिप्टो माइनिंग तकनीक विकसित करेगी। कंपनी में ट्रम्प के बेटे एरिक ट्रम्प और पाकिस्तान के टाप मिलिट्री कान्ट्रैक्टर्स भी साझेदार हैं। दरअसल ट्रम्प के करीबी निवेशक और क्रिप्टो लाबी पहले से ही अमेरिका में रेगुलेशन की सख्ती से नाराज हैं। ऐसे में वे ऐसे देशों की तलाश में हैं, जहां नियम ढीले हों और सत्ता से



**दुबई में बनी एक संदिग्ध बलाकचेन फर्म हाईलैंड सिस्टम्स के जरिए यह सारा नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है**

सीधा तालमेल हो। पाकिस्तान इस समय गढ़ बनकर उभरा है। आर्थिक अस्थिरता और सरकार की अमेरिका के साथ संबंध सुधारने की तत्परता जैसे कारण पाकिस्तान को ट्रम्प के कुनबे के लिए क्रिप्टो हब बनाने के लिए एक आदर्श देश बना रहे हैं। बता दें कि शहबाज सरकार क्रिप्टो को वैध करेंसी के रूप में मान्यता देने की भी योजना बना रही है। सलमान की कंपनी क्रिप्टो माइनिंग के लिए बिजली देगी प्रधानमंत्री शहबाज के बेटे सलमान की अगुवाई वाली एसएसई टेक्नोलाजीज पाकिस्तान की सबसे बड़ी सोलर पैनल इंपोर्टर है। अब ये कंपनी हाईलैंड सिस्टम्स के साथ मिलकर पाकिस्तान में क्रिप्टो माइनिंग नेटवर्क तैयार करेगी। दरअसल, क्रिप्टो माइनिंग में सबसे ज्यादा खर्च बिजली का होता है। इसी समस्या के समाधान के लिए एसएसई टेक्नोलाजीज को इस नेटवर्क का अहम भागीदार बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी पाकिस्तान के सिंध और बलूचिस्तान में सोलर फर्म स्थापित करेगी, जिनकी बिजली से माइनिंग आपरेशंस को चलाया जाएगा। पाकिस्तान क्रिप्टो अपनाने के मामले में अभी दुनिया में नौवें नंबर पर है। अमेरिका से क्रिप्टो ब्लाकचेन और माइनिंग तकनीक विकसित करने को लेकर हुई डील के बाद इसमें और बढ़त के आसार हैं।

## हंगरी: रूसी ऊर्जा प्रतिबंध के पीछे यूक्रेन का हाथ है

**मास्को/बुडापेस्ट।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑरबान ने आरोप लगाया है कि रूसी ऊर्जा पर प्रतिबंध लगाने की यूरोपीय नीति के पीछे यूक्रेन का हाथ है और इससे यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं को भारी नुकसान हो सकता है, जो सिर्फ यूक्रेन के हित में है।

ऑरबान ने शुक्रवार को हंगरी के कोसुथ रेडियो के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि पूरे रूसी ऊर्जा संसाधनों पर प्रतिबंध की नीति के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने इसे 'यूक्रेनी ऊर्जा खतरा' करार दिया और कहा कि यूक्रेन यूरोप से ऐसी मांगें कर रहा है, जो यूरोप और हंगरी के परिवारों को नुकसान पहुंचाएंगी। उनका कहना है कि योजना रूस से किसी को भी गैस और तेल खरीदने को रोकने की है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि यूक्रेन ने रूसी गैस के अपने क्षेत्र से गुजरने पर रोक लगाकर इस योजना की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टर्कस्ट्रीम पाइपलाइन की वजह से हंगरी ऊर्जा संकट से बच सका। उनके अनुसार, अगर यूक्रेन की यूरोपीय संघ में चल गई, तो हंगरी के परिवारों को हर साल दो अरब यूरो अधिक चुकाने पड़ेंगे, बिजली के बिल दोगुने और हीटिंग खर्च चार गुना हो जाएगा। उन्होंने यूरोपीय संघ के नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने नागरिकों की भलाई से ज्यादा रूस को नुकसान पहुंचाने और यूक्रेन की मदद को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऑरबान ने कहा कि यह हमारी लड़ाई नहीं है और हम ब्रसेल्स को इसकी कीमत हमसे नहीं वसूलने देंगे। हंगरी के विदेश मंत्री पीटर सिज्जियार्तो ने पश्चिमी यूरोपीय देशों पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

## सिंध नदी परियोजना के खिलाफ फिर हिंसक प्रदर्शन

### राष्ट्रपति जरदारी की बेटी के काफिले पर हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी और सांसद आसिफा भुट्टो के काफिले पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला कर दिया। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया। पुलिस के मुताबिक आसिफा कराची से नवाबशाह जा रही थीं।

इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने उनके काफिले को रोका और विवादित नहर परियोजना और कार्पोरेट खेती के खिलाफ नारे लगाए। कुछ लोगों ने काफिले की गाड़ियों पर डंडों से हमला कर दिया। आसिफा के साथ मौजूद सुरक्षा टीम और हैदराबाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और उनकी गाड़ी को सुरक्षित



**चार दिन पहले गृहमंत्री का घर जलाया था**

वहां से निकाल लिया। इस पूरी घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पाकिस्तान सरकार सिंध नदी पर नहर बनाने की प्लानिंग कर रही है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। नाराज लोगों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था। हमला करने वाली भीड़ में कई बच्चे भी थे, जिन्होंने लाठी-डंडे से हमला किया। इलाके के एसएसपी जफर सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि काफिला एक मिनट से भी कम समय के लिए रुका था और आसिफा या उनके सुरक्षा कर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने कहा: शांतिभंग करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया था।

## अमेजन की जनजाति ने न्यूयॉर्क टाइम्स पर किया 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का दावा

**लंदन।** ब्राजील में अमेज़न के जंगलों के निवासी एक जनजातीय समूह ने अमेरिका के प्रभावशाली अखबार 'दि न्यूयॉर्क टाइम्स' के खिलाफ एक रिपोर्ट को लेकर 18 करोड़ डॉलर की मानहानि का मुकदमा दायर किया है, जिसमें जनजातीय समूह को 'पोर्न का शौकीन' बताया है। दि गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, सुदूर जावरी घाटी की अमेज़न के जंगलों में रहने वाली मारुबो जनजाति ने इंटरनेट तक पहुंच प्राप्त करने के बाद उन्हें तकनीक और पोर्नोग्राफ़ी का आदी होने के रूप में गलत तरीके से चित्रित करने के लिए अमेरिकी दैनिक पर मुकदमा दायर किया और 18 करोड़ डॉलर (करीब 1500 करोड़ रुपये) का हर्जाना मांगा है। मुकदमे में कहा गया है कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने करीब दो हजार लोगों के समुदाय मारुबो जनजाति को इस तरह से पेश किया कि वे इंटरनेट पाने के बाद बहक गए हैं।

## बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार बने रहेंगे यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस अपने पद पर बने रहेंगे। इससे पहले माना जा रहा था कि वो राजनीतिक और सैन्य दबाव के चलते इस्तीफा दे सकते हैं।

मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को सलाहकार परिषद की एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक के बाद प्लानिंग एडवाइजर वाहिदुद्दीन महमूद ने कहा: मोहम्मद यूनुस हमारे साथ बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। न्यूज एजेंसी यूएनबी के मुताबिक सलाहकार परिषद की एक बैठक के बाद जल्द मंत्रियों के साथ बैठक होगी। वहीं, सेना प्रमुख वकार-उज-जमां ने स्पष्ट रूप से दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया है। दूसरी ओर,

**इमरजेंसी बैठक के बाद फैसला, सेना ने दिसम्बर तक चुनाव कराने का अल्टीमेटम दिया**

विपक्षी दल बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के बीच चुनाव को लेकर चर्चा और सड़कों पर संघर्ष की रणनीतियां बन रही हैं। नेशनल सिटिजन पार्टी (एनएसपी), जमात-ए-इस्लामी के स्टूडेंट विंग छात्र शिबिर और वामपंथी छात्र संगठनों ने एकमत होकर कहा है कि जब तक पिछली सरकार के दौरान हुई हिंसा और हत्याओं की निष्पक्ष जांच नहीं होती, चुनाव का कोई मतलब नहीं। एनसीपी के छात्र नेता नाहिद इस्लाम का कहना है कि अगर देश के सभी वर्ग इस तरह असहयोग करेंगे तो डा. यूनुस इस्तीफा दे देंगे।

## अमेरिका ने यूरोपीय संघ पर कसा शिकंजा

### डोनाल्ड ट्रम्प ने की ईयू पर आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा

**वाशिंगटन/ब्रुसेल्स।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यूरोपीय संघ (ईयू) से सभी आयात पर एक जून से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की और कहा व्यापार वार्ता बेनतीजा रही। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यूरोपीय संघ दशकों से अमेरिका का शोषण कर रहा है।

उन्होंने ईयू पर भारी व्यापारिक बाधाएं, वैट टैक्स, ज्यादा कॉरपोरेट जुर्माने, मुद्रा में हेरफेर और अनुचित मुकदमों का आरोप लगाया, जिससे हर साल 250 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हो रहा है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि ईयू के साथ समझौता करना 'बहुत मुश्किल' रहा है। ट्रम्प ने लिखा कि ईयू के साथ हमारी बातचीत कहीं नहीं पहुंची है, इसलिए मैं एक जून 2025 से सीधे 50 प्रतिशत टैरिफ की सिफारिश कर रहा हूं। बाद में राष्ट्रपति कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मैं किसी सौदे की तलाश में नहीं हूं, टैरिफ 50 प्रतिशत तय है। लेकिन अगर वे यहां प्लांट बनाएंगे, तो कोई टैरिफ नहीं लगेगा। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईयू समझौता करना चाहता है, लेकिन सही तरीके से नहीं करता। ट्रम्प की टिप्पणियां ऐसे समय आईं जब कुछ घंटों बाद ही अमेरिका और ईयू अधिकारियों की व्यापार वार्ता होनी थी, जो अब अधर में लटक गई है। वहीं यूरोपीय आयोग ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन ज़रूरत पड़ी तो जवाब देने को भी तैयार है। ईयू के व्यापार आयुक्त मारोश शेफचोविच ने कहा कि



यूरोपीय संघ- अमेरिकी व्यापार बेजोड़ है और इसे आपसी सम्मान से चलना चाहिए, धमकियों से नहीं। हम अपने हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं। जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल ने इस कदम पर चिंता जताई और चेतावनी दी कि दंडात्मक टैरिफ दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे टैरिफ किसी की मदद नहीं करेंगे, बल्कि दोनों बाजारों की आर्थिक विकास गति धीमी करेंगे। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि ईयू ने 'सच्चे इरादे' से काम किया है और टैरिफ दोनों पक्षों के लिए नुकसानदेह होंगे। उन्होंने कहा कि वार्ता ही एकमात्र स्थाई रास्ता है। फ्रांस के विदेश मंत्री लॉरेंट सेंट-मार्टिन ने भी संयम का आह्वान करते हुए कहा कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन जवाब देने को भी तैयार हैं। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेंसेंट ने कहा कि ईयू के अंदर मतभेद वार्ताओं में बाधा बन रहे हैं और कुछ सदस्य देशों को ब्रुसेल्स की बातचीत की शर्तों की जानकारी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ट्रम्प का टैरिफ धमकी ईयू को सक्रिय करेगी। राष्ट्रपति ने ऐप्पल से जुड़ी पुरानी लड़ाई भी फिर शुरू की और अमेरिका में न बने आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात कर लगाने की धमकी दी, जिसे विशेषज्ञों ने अवास्तविक बताया।

## गाजा में प्रवेश करने वाले बहुत से ट्रकों को भूखे लोगों ने लूट लिया: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायली हमलों से गाजा में हालात इतने खराब हो गए हैं कि ज्यादातर लोग भुखमरी से मरने लगे हैं और मानवीय सहायता के तौर पर भेजे जाने वाले बहुत से ट्रकों को हाल ही में गाजावासियों ने लूट लिया है। संयुक्त राष्ट्र के अध्यक्ष एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा इस समय सबसे खराब समय का सामना कर रहा है।

इजरायल ने लंबे समय की पाबंदी के बाद जब गाजा वालों के लिए राहत सामग्री वाले ट्रकों को जाने की इजाजत दी तो कई ट्रक रास्ते में ही लूट लिए गए। गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने आज यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि हमने लगभग 100 ट्रकों को केरेम शालोम (करेम अबू सलेम) में भेजा और क्रॉसिंग के फलस्तीनी वाले छोर से लगभग 35

**यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं: फरहान हक**

ट्रकों को भेजा ताकि उन्हें गाजा में उन जगहों के करीब लाया जा सके जहां लोगों को उनकी ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि लेकिन बुधवार को निवासियों ने आटे से भरे छह ट्रकों को रोक कर उन्हें लूट लिया। हक ने कहा शुक्रवार रात 15 अन्य ट्रकों को भी इसी तरह लूटा गया। हमारा मानना है कि ये संगठित आपराधिक लूटपाट के मामले नहीं हैं। यह उन लोगों द्वारा की गई लूट है जो हताशा और भूख का सामना कर रहे हैं। गौरतलब है कि इज़रायल ने लंबे समय से यह तर्क दिया है कि गाजावासियों को दी जाने वाली अंतरर्राष्ट्रीय सहायता का अधिकांश हिस्सा आतंकवादी संगठन हमास को पहुंचा दिया जाता है जो फलस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी की मौन स्वीकृति के साथ ही संभव हो रहा है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने इस आरोप का दृढ़ता से खंडन किया है। उप प्रवक्ता ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के कार्यकर्ता स्थानीय समुदायों के साथ विश्वास जीतने के लिए बातचीत कर रहे हैं ताकि भविष्य में लूटपाट न होना इसको सुनिश्चित किया जा सके। हालांकि उन्होंने कहा कि लूटपाट से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इन जगहों में अधिक सहायता पहुंचाई जाए ताकि लोगों को ऐसी हताशा का सामना न करना पड़े। पत्रकारों के साथ एक मुलाकात में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी इसी आह्वान को दोहराया।



# आलिया भट्ट ने कान्स फेस्टिवल में किया डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल में धमाकेदार डेब्यू किया। इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 काफी चर्चा में है।

इस मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्रिटीज अपना जलवा बिखेर रहे हैं। फ्रांस के रिवेरा शहर में चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में आलिया भट्ट ने धमाकेदार एंट्री की है। आलिया भट्ट ने इस मौके के लिए सॉफ्ट पेस्टल फ्लाेरल गाउन चुना, जिसमें शानदार एम्ब्रायडरी और क्लासिक सिल्हूट नजर आ रहा था।

आलिया इस गाउन में एकदम परी जैसी दिख रही थीं। कान्स फिल्म फेस्टिवल के दौरान आलिया भट्ट केली रीचर्ड्ट की हॉलीवुड फिल्म द मास्टरमाइंड की स्क्रीनिंग में शामिल हुईं, जिसका प्रीमियर इस फेस्टिवल के दौरान 23 मई को किया गया। कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू के साथ ही आलिया के ड्रेस सेलेक्शन को लेकर तारीफ मिल रही है।

आलिया भट्ट ने कान्स फिल्म फेस्टिबल से अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। उन्होंने तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, हैलो कान्स। इसके साथ उन्होंने लोरियल पेरिस को टैग किया है, जिसकी ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वे वहां पहुंची हैं।



## थिएटर: द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ रिलीज

**कान्स।** सजिन बाबू लिखित-निर्देशित फिल्म थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी का ट्रेलर प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 -मार्चे दू फिल्म में लॉन्च किया गया। फिल्म थिएटर का आधिकारिक ट्रेलर दिग्गज फिल्म निर्देशक सुधीर मिश्रा ने रिलीज किया। यह ट्रेलर इंडो-जर्मन फिल्म वीक फेस्टिवल के डायरेक्टर स्टीफन ओटनब्रुक के मुख्य आतिथ्य में जारी किया गया। थिएटर द मिथ ऑफ रिएलिटी के ट्रेलर रिलीज के अवसर पर प्रसिद्ध फिल्मकार डॉ. बिजू दामोदरन, अभिनेता प्रकाश बेरे, अभिनेत्री छाया कदम, ट्रांस-मीडिया कंसल्टेंट एम.एन. गुजर और भारत, जर्मनी, चीन व फ्रांस के कई जाने-माने फिल्म निर्माता भी उपस्थित थे।

## माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं राघव जुयाल




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राघव जुयाल अपने माता-पिता को प्राइवेट जेट में उड़ते हुए देखना चाहते हैं। अपने अपरंपरागत आकर्षण और बोल्ड रोल के लिए जाने जाने वाले राघव जुयाल ने हाल ही में एक सस्पेंस से भरपूर एक्शन-थ्रिलर में अपने दमदार अभिनय से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।

राघव जुयाल ने अपने माता-पिता के लिए अपने सपने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता एक निजी जेट में उड़ान भरें। राघव ने कहा, मैं वास्तव में हर काम में मौजूद रहना चाहता हूं। मैं अपने लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मैं इसके साथ आने वाली सभी सुख-सुविधाएं पाना चाहता हूं। मैं चाहता हूं कि मेरे माता-पिता निजी जेट में उड़ान भरने का अनुभव करें।




# 'एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल'

## मजरूह सुल्तानपुरी को गीत के मिले थे 1000 रुपये




**मुंबई।** महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपये दिए थे। मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद में वह हकीम के रूप में काम करने लगे। बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे, जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुई। वर्ष 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिट्यूट द्वारा संचालित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आए। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए.आर. कारदार काफी प्रभावित हुए और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिए गीत लिखने की पेशकश की।

मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया क्योंकि फिल्मों के लिए गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे। जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिए गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिए भेज सकते हैं। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिए राजी हो गए।

# 1946: डायरेक्ट एक्शन डे की स्क्रीनिंग



**कान्स।** पीपल मीडिया फैक्ट्री की फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल की स्क्रीनिंग 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में की गई। विजय एलाकांती द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल (पूर्व शीर्षक: मां काली) ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी स्क्रीनिंग के बाद वैश्विक स्तर पर जबर्दस्त सराहना और ध्यान प्राप्त किया। इस प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के मुख्य कलाकार अभिषेक सिंह ने फिल्म के नए शीर्षक का आधिकारिक अनावरण किया, जो भारतीय सिनेमा के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि बन गई। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित सिनेमा मंचों में से कान्स में फिल्म की स्क्रीनिंग को दर्शकों ने स्टैंडिग ओवेशन और वंदे मातरम के नारों के साथ सराहा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिले फीडबैक के आधार पर, फिल्म निर्माताओं ने ऐसा टाइटल चुना जो वैश्विक दर्शकों से अधिक जुड़ाव बना सके। इस प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए, फिल्म का नाम बदला गया और नया शीर्षक रखा गया: 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल, जो फिल्म की ऐतिहासिक विषयवस्तु को अधिक सटीक रूप से दर्शाता है। यह फिल्म 16 अगस्त 1946 की भयानक घटनाओं और साम्प्रदायिक हिंसा पर आधारित है, जिसने भारत के बंटवारे की नींव रखी थी। राइमा सेन और अभिषेक सिंह द्वारा निभाए गए प्रमुख किरदारों ने विभाजन-पूर्व भारत में हिदुओं के संघर्ष और भावनात्मक पीड़ा को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कान्स में अपने अनुभव को साझा करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा, 1946: डायरेक्ट एक्शन डे-दि इरेज्ड हिस्ट्री ऑफ बंगाल जैसी फिल्म का इस ऐतिहासिक मंच तक पहुंचना मेरे लिए बेहद विनम्र और गर्व का क्षण था। यह फिल्म अपने भावनात्मक गहराई के साथ उस इतिहास को सामने लाती है।

जिसे जानना और याद रखना ज़रूरी है। इस नई पहचान के साथ फिल्म को विश्व मंच पर प्रस्तुत करना हम सभी के लिए एक यादगार पल था। मुझे इस शक्तिशाली कथा का हिस्सा बनने पर गर्व है और उम्मीद करता हूं कि यह दुनियाभर के दर्शकों से जुड़ सकेगी। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले ही वैश्विक फिल्म समारोहों में 15 पुरस्कार जीत चुकी है, जिनमें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट पॉलिटिकल फिल्म और स्वीडिश इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट प्रोड्यूसर का खिताब शामिल है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में हुआ था। टी.जी. विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा निर्मित यह फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

